| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 33°C | 22°C |

आज का तापमान

इनसाइड न्यूज

लखनऊ में बनेगा अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, दो साल में होगा...

उत्तर प्रदेश पेज: 03


लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

गुरुवार 17 अक्टूबर, 2024 / पेज: 12+1 / (वेब संकरण मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 07 / www.janexpresslive.com/epaper




उमर अब्दुल्ला बने जम्मू-कश्मीर के... 12

## एक्सप्रेस खबरें...

### पीसीएस प्री 2024 की 28 अक्टूबर को होने वाली परीक्षा स्थगित

जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज की 27 अक्टूबर को होने वाली 'सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा0) परीक्षा 2024 स्थगित की जाती है। उक्त परीक्षा आगामी दिसम्बर माह के मध्य तक सम्भावित है। यह जानकारी आयोग के परीक्षा नियंत्रक हर्ष देव पाण्डेय ने बुधवार की शाम को दी। उन्होंने बताया है कि 19 जून, 2024 के शासनादेश के अनुपालन में जनपदों से मानक अनुरुप परीक्षा केन्द्र प्राप्त होने पर परीक्षा आयोजन की तिथि व कार्यक्रम के सम्बंध में अभ्यर्थियों को शीघ्र ही अवगत कराया जायेगा।

### सीएम योगी ने महर्षि वाल्मीकि जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। बुधवार को जारी एक बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिकवि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम से जन-जन का साक्षात्कार कराया।

# 'आतंकवाद के साथ व्यापार नहीं'

## एससीओ बैठक में चीन का नाम लिए बिना विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, बॉर्डर का सम्मान करने की जरूरत

- जयशंकर ने पाकिस्तान-चीन का नाम लिए बिना कहा कि सभी देशों को एक दूसरे की सीमाओं का सम्मान करने की जरूरत है

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। इस्लामाबाद

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान में शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। जयशंकर ने पाकिस्तान-चीन का नाम लिए बिना कहा कि सभी देशों को एक दूसरे की सीमाओं का सम्मान करने की जरूरत है। भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि यदि एससीओ के मेंबर देशों के बीच दोस्ती में कमी आई है और पड़ोसी संबंध बिगड़े हैं तो इस पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर हमारे बीच भरोसे में कमी आई है तो हमें अपने अंदर झांकने और इसकी वजह समझने की जरूरत है। इससे पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एससीओ बैठक की शुरुआत करते हुए कहा था कि पाकिस्तान शांति, सुरक्षा और आर्थिक तरक्की चाहता है।



### 'दो युद्धों के चलते संकट से गुजर रही दुनिया'

शंघाई सहयोग संगठन के मंच पर दिए अपने संबोधन में भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि हम ऐसे समय मिल रहे हैं, जब दुनिया संकटों से गुजर रही है। दो बड़े संघर्ष चल रहे हैं और उनका पूरे विश्व पर नकारात्मक असर हो रहा है। कोरोना महामारी ने कई विकासशील देशों को बुरी तरह प्रभावित किया। साथ ही जलवायु परिवर्तन, आपूर्ति श्रृंखला की अनिश्चितता और वित्तीय कमजोरी विकास को प्रभावित कर रही है।

### जयशंकर बोले, विकास के लिए आतंकवाद से लड़ना जरूरी

भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर में एससीओ बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एससीओ का मकसद पूरा करने के लिए आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से लड़ना जरूरी है। इसके लिए एक-दूसरे पर भरोसा और ईमानदारी की जरूरत है। जयशंकर ने कोरोना महामारी के साथ-साथ इजराइल-हमास-हिजबुल्लाह और रूस-यूक्रेन संघर्षों का जिक्र करते हुए कहा कि ये बैठक बहुत मुश्किल समय में हो रही है। क्लाइमेट चेंज से लेकर सप्लाई चेन तक कई तरह की कठिनाईयां हैं। इससे विकास प्रभावित हो रहा है। इससे पहले पीएम शहबाज शरीफ ने मंगलवार रात को एससीओ नेताओं के लिए डिनर रखा था। यहीं पीएम शहबाज और जयशंकर की मुलाकात हुई थी। पाकिस्तानी पीएम ने हैंड शेक किया। पिछले साल गोवा में एससीओ की एक बैठक में जयशंकर ने पाकिस्तान के तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो को नमस्ते किया था और हाथ मिलाने से परहेज किया था। डिनर के बाद एससीओ नेताओं के लिए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। इसमें एक पाकिस्तानी कलाकार ने भरतनाट्यम किया। इस दौरान पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ चीन और कजाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों के साथ बैठे नजर आए।

### 'दुनिया बहु ध्रुवीयता की तरफ बढ़ रही'

पाकिस्तान को लताड़ लगाते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि अगर विश्वास की कमी है या सहयोग पर्याप्त नहीं है। दोस्ती कम हो गई है और अच्छे पड़ोसी की भावना गायब है तो निश्चित रूप से आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है। साथ ही यह तभी संभव है जब हम पूरी ईमानदारी से चार्टर के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करें, तभी हम आपसी सहयोग और प्रतिबद्धता के फायदों को पूरी तरह से महसूस कर सकते हैं। यह सिर्फ हमारे फायदे के लिए नहीं है। दुनिया आज बहु-ध्रुवीयता की तरफ बढ़ रही है। वैश्वीकरण और पुनर्संतुलन ऐसी वास्तविकताएं हैं, जिन्हें नकारा नहीं जा सकता। इन्होंने निवेश, व्यापार, ऊर्जा और अन्य क्षेत्रों में सहयोग के अवसर पैदा किए हैं। अगर हम इसे आगे बढ़ाते हैं तो इससे हमारे क्षेत्र को बहुत फायदा होगा।

### जयशंकर और चीनी पीएम की हुई मुलाकात

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक डिनर के दौरान शहबाज और जयशंकर के बीच ज्यादा बातचीत नहीं हुई। डिनर के दौरान जयशंकर और चीनी पीएम ली कियांग भी मिले और दोनों के बीच कुछ देर बातें हुईं। इससे पहले पाकिस्तान सरकार ने एससीओ बैठक के लिए जयशंकर के आने का एक वीडियो अपलोड किया, जिसके कैप्शन में लिखा था, आगे रोमांचक बातचीत होगी। हालांकि, जयशंकर पहले ही किसी द्विपक्षीय बातचीत से इनकार कर चुके हैं। ऐसे में उनके किसी पाकिस्तानी नेता से बातचीत कई गुंजाइश बहुत कम है।

### शहबाज शरीफ बोले, पाकिस्तान शांति चाहता है

शहबाज शरीफ ने एससीओ बैठक की शुरुआत करते हुए कहा कि पाकिस्तान शांति, सुरक्षा और सामाजिक आर्थिक तरक्की चाहता है। अफगानिस्तान हमारे साथ जमीनी सीमा साझा करता है इसलिए वहां शांति हमारे लिए जरूरी है। अफगानी जमीन का इस्तेमाल उसके पड़ोसियों के खिलाफ आतंकवाद के लिए नहीं होना चाहिए। शरीफ ने कहा कि एक मजबूत एससीओ के लिए बेहतर कनेक्टिविटी की जरूरत है। चीन और पाकिस्तान इकोनॉमिक कोरिडोर का विस्तार होना चाहिए। इस इलाके में कई लोग गरीबी में जी रहे हैं। इससे उनका विकास होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रोजेक्ट को नैरो माइंड सोच के साथ नहीं देखना चाहिए।

### पाकिस्तान के पूर्व पीएम बोले, ये अच्छा मौका है

जयशंकर के दौरे को लेकर पाकिस्तान के पूर्व अंतरिम पीएम अनवर-उल-हक काकर ने कहा कि उनकी इस्लामाबाद की यात्रा ऐतिहासिक है। इससे दोनों देशों में बातचीत का एक मौका बन सकता है। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि उन्हें दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय बातचीत की उम्मीद नहीं है। काकर ने कहा कि दोनों देशों को बिना देर किए बातचीत शुरू करनी चाहिए। यह पूछे जाने पर कि पाकिस्तान ने बैठक का प्रस्ताव क्यों नहीं रखा, काकर ने कहा कि इससे सरकार को नुकसान हो सकता है।

# वीआईपी सुरक्षा से एनएसजी कमांडोज को हटाने का आदेश जारी, सीआरपीएफ संभालेगी कमान




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने वीआईपी सुरक्षा से एनएसजी कमांडोज को पूरी तरह से हटाने का आदेश जारी कर दिया है। अब देश में अगले महीने से वीआईपी सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआरपीएफ संभालेगी। गृह मंत्रालय ने संसद सुरक्षा से हटाई गई सीआरपीएफ की बटालियन को वीआईपी सुरक्षा विंग में शामिल करने का आदेश भी दिया है।

### इन वीआईपी को मिली हुई है जेड प्लस सुरक्षा

देश में नौ वीआईपी को अभी जेड प्लस सुरक्षा मिली हुई है, जिनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी नेशनल सिक्योरिटी गार्ड्स के ब्लैक कैट कमांडोज द्वारा संभाली जाती है। इन नौ वीआईपी में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, बसपा सुप्रीमो मायावती, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, केंद्रीय जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोवाल, भाजपा नेता और छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम रमन सिंह, जम्मू कश्मीर के पूर्व सीएम गुलाम नबी आजाद, नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता फारुख अब्दुल्ला और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू शामिल हैं। अब इनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआरपीएफ द्वारा संभाली जाएगी। सूत्रों के अनुसार, गृह मंत्रालय ने दोनों बलों के बीच ड्यूटी का हस्तांतरण एक महीने के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया है। सीआरपीएफ के पास वीआईपी सुरक्षा के लिए छह बटालियन हैं, जिसमें सातवीं बटालियन को भी शामिल करने को कहा गया है। नई बटालियन वही है जो कुछ महीने पहले तक संसद की सुरक्षा करती थी।

### 450 ब्लैक कैट कमांडो को मुक्त किए जाने की उम्मीद

केंद्र सरकार का मानना है कि एनएसजी को आतंकवाद-रोधी और अपहरण-रोधी अभियानों के विशिष्ट कार्यों को संभालने के अपने मूल काम पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और उच्च जोखिम वाले वीआईपी की सुरक्षा का कार्य इसकी सीमित और विशेषज्ञ क्षमताओं पर बोझ साबित हो रहा है। सूत्रों ने कहा था कि वीआईपी सुरक्षा कर्तव्यों से एनएसजी को हटाए जाने के बाद लगभग 450 ब्लैक कैट कमांडो को मुक्त किए जाने की उम्मीद है।

### दो वीआईपी को एएसएल प्रोटोकॉल भी मिलेगा

सूत्रों के अनुसार, नौ वीआईपी में से दो को सीआरपीएफ द्वारा अपनाए जा रहे उन्नत सुरक्षा संपर्क (एएसएल) प्रोटोकॉल का भी लाभ मिलेगा, जिनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ शामिल हैं। एएसएल में वीआईपी द्वारा दौरा किए जाने वाले स्थान की पहले से ही टोह ली जाती है। सीआरपीएफ अपने पांच वीआईपी के लिए इस तरह का प्रोटोकॉल अपनाती है, जिसमें गृह मंत्री अमित शाह, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और गांधी परिवार के तीन कांग्रेस नेता शामिल हैं। वीआईपी सुरक्षा कार्यों से एनएसजी को मुक्त करने की योजना 2012 से ही बन रही है, जब एनएसजी कमांडर्स ने ऐसी घटना की आशंका जताई थी, जिसमें देश के कई केंद्रों पर एक साथ आतंकी हमले हो सकते हैं और कमांडोज को अलग-अलग दिशाओं में भेजा जाना होगा।

## केंद्र सरकार का किसानों को तोहफा, छह फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाया

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बुधवार को किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने रबी की फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी में इजाफा किया है। इस फैसले का मकसद किसानों को उनकी उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित करना है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीईए) ने मार्केटिंग सीजन 2025-26 के दौरान रबी फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी दी है। कैबिनेट समिति की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज इसकी घोषणा की। एक अधिसूचना जारी कर सरकार ने बताया कि गेहूं के लिए एमएसपी 2275 रुपये से बढ़ाकर 2425 रुपये प्रति क्विंटल की गई है। वहीं, जौ का एमएसपी 1850 रुपये से बढ़ाकर 1980 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। चने पर एमएसपी 5440 रुपये से बढ़ाकर 5650 रुपये प्रति क्विंटल की गई है। दाल (मसूर) पर एमएसपी 6425 रुपये से बढ़ाकर 6700 रुपये प्रति क्विंटल की गई है।

## विमानों में बम की धमकी देने वाले 'नो फ्लाइट लिस्ट में होंगे शामिल, सुरक्षा को लेकर सरकार सख्त

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। देशभर में इन दिनों लगातार से एयरपोर्ट और विमानों को बम से उड़ाने की धमकियां में बढ़ोतरी हो रही है। जो कि केंद्र सरकार के लिए एक चुनौती के तौर पर बन गई है। इसी बीच केंद्र सरकार ने केंद्र सरकार ने देशभर के हवाई अड्डों से आने वाली उड़ानों में स्काई मार्शल की संख्या दोगुनी करने का फैसला लिया है। इस मामले में गृह मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी दी है कि एयरपोर्ट और विमानों में बढ़ते खतरे के आकलन और खुफिया एजेंसियों से इनपुट मिलने के बाद स्काई मार्शल की संख्या दोगुनी करने का फैसला लिया गया है। बात अगर पिछले तीन दिनों की करें तो अब तक कुल 12 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। जिससे सुरक्षा एजेंसियों की चिंता सातवें आसमान पर चली गई है। हालांकि जांच में सभी धमकियां झूठी पाई गई हैं, लेकिन सरकार अब इस मामले में एक्शन मोड पर आती हुई नजर आ रही है। जिसको लेकर बुधवार को गृह मंत्रालय ने फर्जी बम धमकियों पर नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के साथ चर्चा की। जानकारी के अनुसार ब्यूरा के साथ स्पष्ट के गहन चर्चा में निर्णय लिया गया कि एजेंसियां साथ मिलकर धमकी देने वालों की पहचान कर उन्हें नो-फ्लाई लिस्ट में शामिल करने किया जाएगा। इसके साथ ही चर्चा के बारे में अधिकारी ने आगे बताया कि फिया रिपोर्ट के आधार पर संवेदनशील श्रेणी में जोड़े गए नए अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर एयर मार्शलों के नए बैच को तैनात किया जाएगा।

# दिवाली से पहले केंद्रीय कर्मचारियों को सरकार का तोहफा, महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत वृद्धि को मंजूरी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली


सरकार के केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को दिवाली का तोहफा देने की तैयारी कर ली है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को अपनी बैठक के दौरान महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में 3त्न की वृद्धि को मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसकी जानकारी दी। सरकार के इस फैसले का फायदा 48 लाख कर्मियों व 67 लाख पेंशनधारकों को मिलेगा।

### मार्च महीने में चार फीसदी बढ़ाया गया था महंगाई भत्ता

मार्च में सरकार ने महंगाई भत्ते में 4त्न की बढ़ोतरी की थी, जो जनवरी 2024 से प्रभावी होगा, जिससे कुल महंगाई भत्ता मूल वेतन के 46त्न से बढ़कर 50त्न हो गई थी। इस भत्ते की गणना पिछले 12 महीनों के अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के औसत पर आधारित है, यह सरकारी वेतन और पेंशन के निर्धारण में एक महत्वपूर्ण घटक माना जाता है। सातवें वेतन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, जब महंगाई भत्ता मूल वेतन का 50त्न हो जाता है, तो मकान किराया भत्ता समेत कई भत्ते स्वतः संशोधन के दायरे में आ जाते हैं।

### कर्मचारियों को तीन महीने का एरियर भी मिलेगा

केंद्रीय कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता बढ़ाने का एलान जुलाई से दिसंबर महीने तक के लिए किया गया है। ऐसे में कर्मचारियों को अक्तूबर महीने के वेतन के साथ जुलाई, अगस्त और सितंबर महीने के एरियर का भी भुगतान किया जाएगा। केंद्र सरकार के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता उनके बेसिक वेतन के आधार पर तय किया जाता है। मान लीजिये कि किसी कर्मचारी का मूल वेतन 30 हजार रुपये है और महंगाई भत्ता तीन फीसदी बढ़ने की स्थिति में कर्मचारी का वेतन 900 रुपये बढ़ जाएगा। अगर मूल वेतन, डीए और आवास भत्ता यानी एचआरए जोड़कर कर्मी को पहले 55000 हजार रुपये मिलता था, तो अब उसे 55,900 रुपये का भुगतान किया जाएगा। कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के महासचिव एसबी यादव ने 30 सितंबर को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर डीए की दरों में बिना कोई देरी किए वृद्धि करने की मांग की थी। पत्र में कहा गया कि इन भत्तों का भुगतान अक्तूबर के पहले सप्ताह में हो जाता था।



### महंगाई भत्ता मूल वेतन के 50 प्रतिशत से बढ़कर 53 प्रतिशत हो जाएगा

हालांकि 9 अक्टूबर को मंत्रिमंडल की बैठक के बाद महंगाई भत्ते में वृद्धि की उम्मीद थी, लेकिन कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को इस फैसले के लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़ा। इस नवीनतम वृद्धि के तहत महंगाई भत्ता मूल वेतन के 50त्न से बढ़कर 53त्न हो जाएगा। यह वृद्धि जुलाई 2024 से लागू होगी। महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में अर्धवार्षिक संशोधन का प्रभाव लगभग एक करोड़ कर्मचारियों और पेंशनभोगियों पर पड़ता है। इसका मकसद महंगाई के असर को कम करना है।

### क्या है डीए और डीआर में अंतर?

केंद्र और राज्य सरकारें अपने कर्मचारियों को बढ़ती महंगाई के असर से निजात दिलाने के लिए महंगाई भत्ता यानी डीए देती है। दूसरी ओर, इसी मकसद से पेंशनधारकों को जो राहत दी जाती है उसे महंगाई राहत यानी डीआर कहा जाता है। आमतौर पर साल में दो बार यानी जनवरी और जुलाई में इसमें बढ़ोतरी का एलान किया जाता है। फिलहाल एक करोड़ से ज्यादा कर्मचारियों और पेंशनधारकों को इसका लाभ दिया जा रहा है। इससे पहले मार्च महीने में सरकार ने महंगाई भत्ते को चार फीसदी बढ़ाने का एलान किया था।

**रिपोर्ट** कार्डियोलॉजी की ओपीडी इंचार्ज कौशल्या देवी रस्तोगी द्वारा आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ संजय सिंह के शोषण की जांच का अभी तक कोई परिणाम नहीं आया

# जांच ठंडे बस्ते में, एसजीपीजीआई प्रशासन 'धृतराष्ट्र' और अराजक कर्मचारी मस्ती में

- मुख्यमंत्री कार्यालय और उपमुख्यमंत्री के निर्देशों की भी अनदेखी कर रहा एसजीपीजीआई प्रशासन
- कोई भी अनियमितता या विवाद सामने आने पर बैठा दी जाती है जांच
- जांच के नाम पर लंबे समय तक चलती है खाना पूरी, न्याय के लिए भटकते हैं पीड़ित

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा




लखनऊ। देश के शीर्ष चिकित्सा संस्थानों में शुमार लखनऊ स्थित एसजीपीजीआईएमएस ( संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस) अपने बेहतरीन इलाज के लिए जाना जाता है। इन दिनों यह संस्थान वहां के कुछ भ्रष्ट और अराजक स्टाफ की करतूत और उन पर पर्दा डालने की शीर्ष प्रशासन की आदत के चलते बदनाम भी हो रहा है। किसी भी अनियमितता या विवाद के सामने आने पर एसजीपीजीआई प्रशासन जांच तो बैठा देता है, पर जांच के नाम पर खानापूरी चलती रहती है। उधर, न्याय की आस में पीड़ित भटकते रहते हैं। एसजीपीजीआई प्रशासन का यह रवैया तब है जब खुद मुख्यमंत्री कार्यालय और उपमुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद कुछ जांच सौंपी गई थीं। इनमें एक मामला कार्डियोलॉजी की ओपीडी इंचार्ज कौशल्या देवी रस्तोगी द्वारा आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ संजय सिंह के शोषण और नौकरी से निकालने का है। वहीं, दूसरा मामला एसजीपीजीआई के गार्डों द्वारा मरीज और तीमारदार के साथ बेरहमी से मारपीट का है। जन एक्सप्रेस ने जब कार्डियोलॉजी की ओपीडी इंचार्ज कौशल्या देवी रस्तोगी द्वारा कथित तौर पर आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ के शोषण का मामला उठाया तो एसजीपीजीआई प्रशासन ने उसे गंभीरता से लिया। पीड़ित मेल नर्स संजय सिंह की शिकायत पर जांच बैठी। संस्थान के सीएमएस प्रोफेसर संजय धीरज ने खुद जांच फैक्ट फाइंडिंग कमेटी को सौंपे जाने की की पुष्टि की। उन्होंने आश्वासन दिया था कि सप्ताह भर में जांच रिपोर्ट आ जाएगी और नियम अनुसार दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। समय सीमा निकलने के बाद भी अभी तक जांच रिपोर्ट नहीं सौंपी गई है। सूत्रों के अनुसार जांच में जानबूझकर देरी की जा रही है ताकि आरोपियों को बचाया जा सके। यह कोई इकलौता मामला नहीं है। आए दिन एसजीपीजीआई गार्डों के द्वारा मरीज और तीमारदारों से मारपीट होती है। ऐसे ही एक मामले में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के हस्तक्षेप के बाद भी करवाई ठंडे बस्ते में है।

### कैसे हो रहा आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ का शोषण

पीड़ितों की शिकायत और जन एक्सप्रेस की पड़ताल में खुलासा हुआ कि लंबी छुट्टी पर गए आउटसोर्सिंग नर्सिंग कर्मचारियों को भी वेतन जारी हो रहा है। इससे एक ओर संस्थान को वितीय नुकसान तो हो ही रहा है, देशभर से इलाज कराने यहां आने वाले मरीजों को भी उन कर्मचारियों की सुविधा नहीं मिल रही, जिनको बिना काम के वेतन मिल रहा है। कार्डियोलॉजी विभाग की ओपीडी में यह गोरखधंधा खुलेआम चल रहा है। कार्डियोलॉजी की ओपीडी इंचार्ज कौशल्या देवी रस्तोगी पर गंभीर आरोप है कि वह आउटसोर्सिंग पर तैनात स्टाफ नर्स के छुट्टी पर जाने के दौरान उनका पूरा वेतन बनवाती हैं। उन्हें नौकरी से निकलवाने की धमकी देकर छुट्टी के दौरान हुए वेतन का पूरा भुगतान उनसे वसूल लेती हैं। यही नहीं, संविदा स्टाफ नर्स से अपने घरेलू काम और बाहर घुमाने का खर्च भी वहन कराती हैं। कथित तौर पर कौशल्या देवी रस्तोगी के शोषण का शिकार और नौकरी से हाथ धो चुके आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ संजय सिंह ने संस्थान के साथ ही मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई थी।


रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय के हस्तक्षेप के बाद एसजीपीजीआई में आउटसोर्सिंग नर्सिंग स्टाफ के साथ हो रहे अत्याचार पर एक्शन में आया संस्थान का नेतृत्व

सीएम योगी का आभार, एसजीपीजीआई के जिम्मेदार अफसरों का धन्यवाद बारंबार

काम न करो बिल्कुल एसजीपीजीआई में सैलरी लो फुल

### गोसाईगंज के अनिकेत, उनके मामा से सुरक्षा गार्डों ने मामूली बात पर मारपीट की थी

एसजीपीजीआई की फार्मेसी में 23 सितंबर को दवा लेने के दौरान गोसाईगंज के अनिकेत, उनके मामा से सुरक्षा गार्डों ने मामूली बात पर मारपीट की थी। गार्ड इतने उग्र हो गए थे कि बचाव में आई मां को धक्का दे दिया था। मामले ने जब फूल पकड़ा था तब डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पीजीआई के निदेशक को निर्देश दिया था कि एक सप्ताह में पूरे मामले की जांच रिपोर्ट दी जाए। मामले को 15 दिन से अधिक बीतने के बाद भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# उपाधि और पदक के साथ नानाजी के आदर्शों को भी साथ ले जाएं: उच्च शिक्षा मंत्री

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**




महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का 12वां दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय के दीक्षांत प्रांगण में हुआ। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और दीक्षांत समारोह के अध्यक्ष मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगु भाई पटेल ने 26 छात्रों को शोध उपाधि व 32 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पदक और एक विद्यार्थी को नानाजी मेडल मंच से प्रदान किया। समारोह में मध्य प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो भरत मिश्रा ने स्वागत उद्बोधन और प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कुलगुरू ने उपाधि धारकों को दीक्षांत शपथ भी दिलाई। दीक्षांत शोभायात्रा का नेतृत्व कुलसचिव नीरजा नामदेव ने किया, जिसमें विद्यापरिषद और प्रबन्ध मण्डल के सदस्यों के साथ सभी संकायों के अधिष्ठाता सहभागी रहे। दीक्षांत समारोह का संचालन डॉ ललित कुमार सिंह ने किया।

कुलाधिपति मंगु भाई पटेल ने कहा कि हमें ऐसा कोई काम नहीं करना है जिससे समाज या राष्ट्र का अहित हो। आपने जहां से शिक्षा प्राप्त की है वह नानाजी का विश्वविद्यालय है। हमारे कामों से उन्हें शांति और संतोष की अनुभूति होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आप बड़ी नौकरी और बड़े पद पायें, लेकिन यह याद रखें कि आपको इस मुकाम तक पहुँचाने वाले आपके माता-पिता, आपका समाज, आपका देश और आपके शिक्षक हैं। अतः समृद्धि और सफलता के शिखर पर पहूँचकर इन्हें कभी न भूलें। समृद्धि पुरूषार्थ से सभी को मिल सकती है पर आप समृद्धि के साथ उदारता को भी प्राप्त करें। प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि पहले दीक्षांत समारोह ऐसे हुआ करते थे जैसे अपने देश में न होकर विदेश में हो रहें हो। यह भारतीयता का स्वरूप सबको लुभाने वाला है। भारतीयता और भारतीय मूल्य उच्च शिक्षा के मूल में रहें, यही नानाजी का चिंतन था।

कुलगुरू प्रो भरत मिश्रा ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा, शोध, प्रसार और प्रशिक्षण के परम्परागत आयामों के साथ संसाधन सृजन का नया आयाम जुडा है। विश्वविद्यालय ने तीन दशकों की अपनी उपलब्धि पूर्ण यात्रा में इन सभी आयामों पर महत्वपूर्ण काम किया है। उन्होंने कहा कि ग्राम दर्शन हमारे लिए प्रदर्शन नहीं आत्मदर्शन है। इस अवसर पर कुलगुरू प्रो भरत मिश्रा ने कुलाधिपति एवं उच्च शिक्षा मंत्री को स्मृति चिन्ह के रूप में रामलला की प्रतिमा भेंट की।

साथ ही ललितकला के छात्रों ने उनके प्रोटेट आकार के रंगीन चित्र भेंट किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ रमेश चन्द्र त्रिपाठी, डॉ जय शंकर मिश्र, डॉ उमाशंकर मिश्रा, डॉ राकेश श्रीवास्तत, डॉ उमेश शुक्ला और डॉ अभय कुमार वर्मा की पुस्तकों का विमोचन भी हुआ।

राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने ग्रामोदय से राष्ट्रोदय की थीम पर आधारित ग्रामदर्शन प्रकल्प और कृषि प्रौद्योगिकी सूचना केन्द्र महर्षि पाराशर भवन का लोकार्पण किया। इसके बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और ग्रामोदय विश्वविद्यालय के परिकल्पक, संस्थापक, प्रथम कुलाधिपति भारतरत्न नानाजी देशमुख की प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

## कलाकारों का शानदार नाट्य मंचन देखकर तालिया पीटने का मजबूर हुए दर्शक

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

मऊ नगर क्षेत्र में जल चल रही श्री अनुष्ठानी रामलीला का बीती शाम धनुष यज्ञ के साथ समापन हो गया। कलाकारों का शानदार नाट्य मंचन देखने के लिए क्षेत्रीय श्रद्धालु रामलीला पंडाल में जमे रहें। मऊ नगर क्षेत्र में पराम्परागत तरीके से बीती 28 सितम्बर से श्री अनुष्ठानी रामलीला समिति द्वारा रामलीला का शुभारम्भ किया गया था। जिसका आयोजन 18 दिनों तक किया गया। बीती मंगलवार को धनुष यज्ञ की विशेष रामलीला का आयोजन किया गया। जिसमें अयोध्या के दीपक शुक्ला ने राम, फतेहपुर के जीतू त्रिपाठी ने लक्ष्मण, गोपाल शुक्ला ने परशुराम, कौशाम्बी के अनुज तिवारी ने सीता, रींवा के लवकुश पाण्डेय ने बाडासुर, बांदा के मुन्ना तिवारी ने जनक और जय प्रकाश त्रिपाठी ने रावण का अभिनय किया। नृत्य कालाकार चांदनी, पिंकी, नीलू व विदुषक शिव प्रकाश दुबे ने भी लोगों का मनोरंजन किया। श्री हनुमत मण्डल अयोध्या के संचालक जय प्रकाश त्रिपाठी, समिति के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश शुक्ला, सच्चिदानन्द मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# नवजात बच्ची को बेचने वाला पिता गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में थाना मारकुण्डी पुलिस टीम द्वारा नवजात बच्चीं को बेचने वाले पिता को बच्ची को बेंच के 10 हजार रुपये के साथ गिरफ्तार किया गया।

मारकुण्डी थाना प्रभारी निरीक्षक शिवआसरे ने बताया कि बीती 11 अक्टूबर को वादी सुनील कुमार बसोर पुत्र नत्थू प्रसाद निवासी डोडामाफी ने थाना मारकुण्डी में सूचना दी थी कि एक कार में तीन लोग व एक महिला आयी और बोली की हम सरकारी आदमी हैं। आपकी बच्ची का टीकाकरण होना है। जिसके लिये अस्पताल चलना पडेगा। साथ ही सरकारी सहायता राशि दिलाने के बहाने उन्हें धोका देकर नवजात बच्ची को लेकर फरार हो गये। इस सूचना के आधार पर थाना मारकुण्डी में आरोपियों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। इसके सम्बन्ध में बीती 13 अक्टूबर को एसओजी एवं थाना मारकुण्डी पुलिस द्वारा घटना का खुलाशा करते हुये 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। साथ ही नवजात बच्ची को बरामद किया गया था। विवेचना में प्रकाश में आया कि बच्ची के पिता तथा वादी द्वारा स्वयं बच्ची को बेंचा गया था।

## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक कन्हैया बक्श सिंह तथा आरक्षी प्रकाश मिश्रा द्वारा राजेन्द्र कुमार निवासी बरुआ को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना राजापुर में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# चित्रकूट प्रवास के दूसरे दिन राज्यपाल मंगु भाई पटेल ने नानाजी की प्रतिमा पर अर्पित किया श्रद्धासुमन

- कृष्णा देवी विद्यालय मझगवां पहुंचकर वनवासी बालिकाओं से हुए रुबरु

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



चित्रकूट प्रवास पर आए मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगु भाई पटेल ने दूसरे दिन बुधवार को दीनदयाल शोध संस्थान के आरोग्यधाम स्थित नानाजी देशमुख की प्रतिमा स्थल पर पहुँच कर नानाजी की जयंती शरद पूर्णिमा पर उनको श्रद्धा सुमन अर्पित किये। उसके बाद उन्होंने श्री पटेल मझगवां स्थित कृष्णा देवी वनवासी बालिका आवासीय विद्यालय पहुंचे, वहाँ कार्यक्रम के दौरान वनवासी बालिकाओं से रुबरु हुए। इस दौरान उन्होंने बाल्मीकि परिसर मझगवां में स्थापित वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार उपस्थित रहे। राज्यपाल ने कहा कि रानी दुर्गावती के जीवन से प्रेरणा लेकर स्वयं को हर क्षेत्र में सशक्त बनने की बात कही। उन्होंने कहा कि राष्ट्र ऋषि नानाजी ने इस वनवासी क्षेत्र में इस विद्यालय की स्थापना करके बालिकाओं के उन्नयन और विकास के लिए एक आदर्श वनवासी आश्रम तैयार किया है। आप सब बच्चियां नानाजी और दुर्गावती के ही अनुरूप समाज में एक आदर्श स्थापित करें। बेटी बचाओ-बेटी पढाओं की दिशा में भी अपने क्षेत्र में भूमिका अदा करें।

इस मौके पर दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन, कोषाध्यक्ष वसंत पंडित, रानी दुर्गावती शोध समिति के अध्यक्ष रामराज सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता चूड़ामणि सिंह आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसे में हुई मौत का मामला दर्ज

**जन एक्सप्रेस | कालपी**

कोतवाली क्षेत्र में जोल्हूपुर-कदौरा मार्ग पर अज्ञात की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। मामले में दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम देवपुरा निवासी भारत सिंह पुत्र लक्ष्मी राम ने कोतवाली में तहरीर दी। जिसमें बताया कि बीते दिन 14 अक्टूबर की शाम पीड़ित की भाभी रामवती पत्नी सोबरन सिंह निवासी ग्राम देवपुरा अपने खेत से घर वापस आ रही थी। तभी रोड पर दौड़ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलते हुए उसकी भाभी को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।तभी रोड पर दौड़ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने तेजी व लापरवाही से चलते हुए उसकी भाभी को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# एंटी रोमियो व मिशन शक्ति के सम्बन्ध में बालिकाओं को करें जागरूक: अर्चना पटेल

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल ने महिला जनसुनवाई का आयोजन निरीक्षण भवन में किया। साथ ही कस्तूरबा गांधी विद्यालय शिवरामपुर का निरीक्षण किया। जनसुनवाई में उन्होंने महिला अपराध पाक्सो एक्ट, स्वयं सहायता समूह, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, राजकीय बालिका विद्यालय, एंटी रोमियो एवं मिशन शक्ति अभियान, भिक्षा वृत्ति से सम्बन्धित समस्याओं पर जनसुनवाई की गई। इसके बाद कस्तूरबा गांधी विद्यालय के छात्राओं व स्टाफ के बारे में जानकारी ली। राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल ने एंटी रोमियो व मिशन शक्ति के सम्बन्ध में कहा कि इसका प्रचार-प्रसार ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक कराएं। साथ ही अधिक से अधिक बच्चियों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जनपद की जो पिछडी आबादी है, उन महिलाओं को योजनाओं को लाभ मिले। उन्होंने कहा कि विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन जो पात्र है उनको न मिलकर के अपात्र को मिल रही हैं, इसमें सुधार कराएं। कहा कि जनपद में चल रहे स्वयं सहायता समूहों की जानकारी ली। जिसमें डीसी एनआरएलएम ने बताया कि जनपद में 6319 स्वयं सहायता समूह संचालित है। भिक्षा वृत्ति के सम्बन्ध में उन्होंने कहा कि जिन बच्चों का स्कूलों में रजिस्ट्रेशन कराया गया है, उसकी सूची उपलब्ध कराएं। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सरकारी स्कूलों में पिछले वर्ष छात्र-छात्राओं की स्थिति एवं इस वर्ष की छात्र-छात्राओं की स्थिति के बारे में जानकारी की। जिसमें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि छात्र-छात्राओं में 979 की वृद्धि हुई है। इसके बाद उन्होंने कस्तूरबा गांधी विद्यालय शिवरामपुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा, जिला पिछडा वर्ग अधिकारी सुनहरी लाल, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी रततेले, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी महेंद्र नाथ प्रताप, महिला थाना प्रभारी सरिता सरोज आदि मौजूद रहे।

# डीएम ने किया निर्माणाधीन सर्किट हाउस का निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने बुधवार को निर्माणाधीन सर्किट हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन में पुताई आदि का कार्य प्रगति पर पाया गया। उन्होंने कार्यदाई संस्था भवन खंड लोक निर्माण विभाग बांदा को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य ससमय गुणवत्तापूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य शासन के मंशानुरूप व गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए। किसी प्रकार की शिकायत नहीं आनी चाहिए।

# छौंक गौशाला का मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस | उरई**



मंडलायुक्त झांसी मण्डल झांसी विमल कुमार दुबे ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के साथ ग्राम छौंक स्थित गौशाला का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान पानी, भूसा व हरा चारा की पर्याप्त व्यवस्था देखा व गौवंशों को गुड, चना खिलाया इस दौरान सभी केयरटेकर उपस्थित मिले। साथ ही गौशाला में सरंक्षित गौवंशों के लिए पर्याप्त मात्रा में भूसा, हरा चारा और अन्य खानपान की वस्तु उपलब्ध मिली, गौशाला में साफ सफाई के उचित प्रबंध होने पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समय समय पर चिकित्सक गौवंशो का स्वास्थ परीक्षण करते रहे। उन्होंने गौशाला में लगे भूसा घर पर चरही व मुख्य द्वार पर सीसीटी कैमरों को देखा, जो सभी संचालित थे। साथ ही यह भी सुनिश्चित करे कि बीमार गौवंश की सूचना पशु चिकित्सा अधिकारी को दें। उन्होंने कहा कि गौवंशों के लिए खान-पान और अन्य चीजों की पर्याप्त सुविधा है। उन्होंने गौशाला में भूसे का स्टॉक व रख रखाव देखा, परिसर में मौजूद गायों को अभिलेख से मिलान किया। गौशाला में संरक्षित गौवंश व गौवंश के छोटे-छोटे बछिया बछड़ो पर स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिये जाए और पशु चिकित्सक नियमित उपचार हेतु भ्रमणशील रहे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, प्रभारी जिला विकास अधिकारी महेंद्र चौबे मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मनोज अवस्थी, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मिट्टी का टीला धंसने से दबकर पुत्री की मौत मां घायल

**जन एक्सप्रेस | उरई**

रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम कुसेपुरा में घर में लिपाई पुताई के लिए मिट्टी लेते समय अचानक टीला धंस गया। जिसके मलवे में दबकर पुत्री की मौत हो गई, जबकि मां को गम्भीर हालत में उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम कूसेपुरा निवासी मालती देवी 40 वर्ष पत्नी राहुल अपनी 10 वर्षीय पुत्री प्रिंसी को साथ दीपावली पर्व पर घर में लिपाई पुताई के लिए मिट्टी लेने गई हुई थी। बताया गया कि खेत पर टीले में गहरा गड्ढा था। जहां से दोनों लोग मिट्टी खोदकर भर रही थी। तभी अचानक टीला भरभरा कर गिर गया और मलवे में दबकर मां बेटी घायल गई। घटना देखकर वहां मौजूद गांव के लोगों में हड़कंप मच गया और उन्होंने मामले की सूचना परिजनों को देने के साथ साथ घायल मां बेटी को मलवे से निकालकर उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने पुत्री को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल मां का इलाज चल रहा है। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। बताया गया कि मृतका के पिता राहुल गुजरात में अपने परिवार के भरण पोषण के लिए मजदूरी का काम करते हैं और मृतका अपनी तीन बहनों में दूसरे नंबर की थी।फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# कालपी कोतवाली का मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस | उरई**



मंडलायुक्त झांसी मण्डल झांसी विमल कुमार दुबे ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के साथ थाना कालपी कोतवाली का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मंडलायुक्त ने कोतवाली परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष आदि का निरीक्षण कर अभिलेखों के रख-रखाव की व्यवस्था परखी। मालखाने में माल मुकदमाती के व्यवस्थित रख-रखाव व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अपराध, मालखाना, हिस्ट्रीशीटर व त्यौहार रजिस्टर का अवलोकन कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इसके अलावा जनसुनवाई से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना पत्र के निस्तारण की समीक्षा की व महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए महिला पुलिस कर्मियों को फरियादियों से अच्छे व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिशा-निर्देश जारी किए। त्योहारों के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करके त्योहारों के दौरान सतर्कता बरतने एवं भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, उप जिलाधिकारी सुशील सिंह, क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार, कोतवाल आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# मंडलायुक्त ने कालपी तहसील का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस | उरई**



मंडलायुक्त झांसी मंडल झांसी विमल कुमार दुबे ने जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के साथ तहसील कालपी में विभिन्न पटलों का मुआयना कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मंडलायुक्त महोदय ने तहसील के विभिन्न पटलो का निरीक्षण कर कर्मचारियों से सम्बंधित पटलों के बारे में जानकारी कर कार्यालय में पत्रावलियो के रख-रखाव की व्यवस्थाओ का बारीकी से निरीक्षण किया गया तथा सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये। उन्होंने कर्मचारियों की सर्विस बुक व जीपीएस पासबुक का अवलोकन किया जिसमें कार्मिकों के नॉमिनी न होना व अन्य विसंगतियां पाई गई कमियों के निराकरण हेतु नायाब तहसीलदार को निर्देशित किया। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि आमजन मानस द्वारा दर्ज करायी जाने वाली शिकायतो का प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण व समयबद्धता पूर्वक निस्तारण कराने के साथ ही तहसील न्यायालय में दर्ज वादों का भी ससमय निस्तारण किया जाए। उन्होंने न्यायालय कि पंजिका में दर्ज वादो की स्थिति का जायजा लेते हुए न्यायालय में दर्ज 3 वर्ष व 5 वर्ष पुराने वादो को ससमय निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने आरसीसीएमएस पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि रियल टाइम खतौनी पोर्टल पर दिखना चाहिए। उन्होंने सभी पटलों के अधीनस्थों को निर्देशित किया कि कोई भी कार्य लंबित न रहने पाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि कालपी तहसील के सभी पटल कंप्यूटरीकृत हो गए है। साथ ही उन्होंने कहा कि कालपी तहसील में यह कार्य शत प्रतिशत कर लिया गया है जिसका सीधा लाभ जनता को मिलेगा, कंप्यूटरीकृत होने से समस्याओ का समयबद्ध तरीके से निस्तारण होगा।

उन्होंने न्यायिक प्रक्रिया तेज करने के निर्देश अधीनस्थों को दिए। उन्होंने पूर्ति निरीक्षक कार्यालय का निरीक्षण के दौरान एक कोटेदार की शिकायत मिली, जोकि निलम्बित है जिस पर मंडलायुक्त ने निर्देशित किया कि कोटेदार के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाए, साथ ही शासन की मंशा के अनुरूप लोगो को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए, इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती जाती है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि हर वर्ग को शासन के द्वारा मिलने वाली सुविधाओं का लाभ दिया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, उप जिलाधिकारी सुशील सिंह, उप जिलाधिकारी न्यायिक अतुल कुमार आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।




**नायब सैनी ही रहेंगे हरियाणा के सीएम...**

हरियाणा में नायब सिंह सैनी ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे। बुधवार (16 अक्टूबर) को पंचकूला में बीजेपी विधायक दल की मीटिंग में उन्हें नेता चुना गया। मीटिंग में विधायक कृष्ण बेदी ने नायब सैनी के नाम का प्रस्ताव रखा। जिसका अनिल विज और आरती राव ने समर्थन किया। पढ़ें पेज 12 पर...

# लखनऊ में बनेगा अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर, दो साल में होगा तैयार, एक साथ बैठ सकेंगे दस हजार लोग

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों की मेजबानी करेगा। इसके लिए राजधानी में पहला अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन (सम्मेलन) केंद्र बनेगा। इसी केंद्र में प्रदर्शनी स्थल भी बनाया जाएगा। वृंदावन योजना में 32 एकड़ के विशाल परिसर में बनने वाले इस भव्य सेंटर की क्षमता 10 हजार लोगों की होगी। लखनऊ में विश्वस्तरीय सुविधाओं से युक्त अंतर्राष्ट्रीय सेंटर की सैद्धांतिक सहमति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दे दी है। इसे दो वर्ष में तैयार करने के निर्देश मुख्यमंत्री ने दिए हैं। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम और ग्रेटर नोएडा स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर की तर्ज पर लखनऊ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के एक ऐसे केंद्र की जरूरत लंबे समय से थी, जहां बड़े आयोजन संपन्न हो सकें।




प्रदेश के उत्पादों की ग्लोबल ब्रांडिंग हो सके, जो कारोबार में गति लाए। बुधवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित इंटरनेशनल कन्वेंशन और प्रदर्शनी स्थल के स्वरूप, निर्माण प्रक्रिया, लागत आदि विषयों पर विमर्श किया। उन्होंने कहा कि राजधानी में राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय महत्व के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एक सर्वसुविधायुक्त, विश्वस्तरीय हाईटेक कन्वेंशन- सह-एग्जीबिशन सेंटर की जरूरत है। इस सेंटर का निर्माण आवास विकास और लखनऊ विकास प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में किया जाएगा। राज्य सरकार भी इसमें वित्तीय सहयोग करेगी। निर्माण के लिए मुख्यमंत्री ने दो वर्ष का समय तय किया है। इससे पहले कन्वेंशन सेंटर के प्रस्तावित स्वरूप की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि वृंदावन योजना में, जहां वर्ष 2020 में डिफेंस एक्सपो का आयोजन हुआ था, वहां 32 एकड़ जमीन उपलब्ध है। इसी जमीन पर निर्माण कराया जा सकता है। यहां चारों ओर से अच्छी कनेक्टिविटी है। लगभग 10 हजार लोगों की क्षमता वाले इस कन्वेंशन सेंटर में अलग-अलग ऑडिटोरियम होंगे। बैठक कक्ष, वीआईपी लाउंज की भी व्यवस्था है।

### सीएम ने दिए निर्देश

सीएम योगी ने कहा कि कन्वेंशन सेंटर को बहुउपयोगी बनाया जाना जाए, जहां बड़े सांस्कृतिक, राजनीतिक, राजकीय, धार्मिक समारोह गीत–संगीत के कंसर्ट पूरी भव्यता के साथ कराए जा सकें। ये सेंटर सभी प्रकार के मेलों व प्रदर्शनियों की मेजबानी करने में सक्षम होगा। यहां ओपन थियेटर भी होगा। सेंटर के नजदीक होटल इंडस्ट्री को जमीन दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भवन की वास्तुकला में भारतीय संस्कृति की झलक दिखे। साथ ही जल और ऊर्जा संरक्षण में अपने आप में नजीर बन सके। उन्होंने कहा कि कन्वेंशन सेंटर में उत्तर प्रदेश के एक जिला एक उत्पाद, विशिष्ट खान–पान, लोककला, लोकसंगीत का प्रदर्शन भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कन्वेंशन सेंटर में छोटे, बड़े और भारी वाहनों की बेहतर पार्किंग, फायर सेफ्टी, प्रसाधन और फ़ूड कोर्ट आदि की अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के भी निर्देश दिए। हाल में सम्पन्न यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे आयोजनों में लाखों लोग आते हैं। ऐसे मौकों पर क्राउड मैनेजमेंट (भीड़ प्रबंधन) की जरूरत होती है। कन्वेंशन सेंटर में प्रदर्शनी हॉल की रूपरेखा तय करते समय इसका भी ध्यान रखने के निर्देश दिए।

# इटौंजा का 133 वाँ दशहरा मेला, दूरदराज़ गांवों के हजारों लोग मेले में होते हैं शामिल

- पुलिस की रहती है चाक–चौबंद व्यवस्था, इटौंजा मेला मैदान में चल रही है रामलीला
- इटौंजा मेला में लगती है रंग बिरंगी दुकान, कई प्रकार के लगाते है झूले

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील क्षेत्र के इटौंजा में हर साल मेला मैदान में शारदीय नवरात्रि के बाद भव्य मेले का आयोजन किया जाता हैं। इस मेले में दूर दराज इलाकों एवं क्षेत्रीय गांवों के हजारों लोग शामिल होते हैं। आपको बताते चलें कि इटौंजा दशहरा मेला 2024 का यह 133 वां मेला हैं। वहीं हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी दशहरा मेला का आयोजन सम्पन्न होगा। इटौंजा मेला मैदान रत्नेश्वर महादेव मंदिर के पास में रामलीला 06 अक्टूबर 2024 शुक्ल पक्ष चतुर्थी अश्वनी से चल रही है जोकि दिनांक 19 अक्टूबर 2024 कार्तिक कृष्ण पक्ष द्वितीया तक रामलीला एवं मेला मैदान में सम्पन्न होगा। वहीं इस अवसर पर इटौंजा में रामलीला प्रतिदिन सायंकाल 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम रात्रि 11 से प्रारम्भ होंगे।



बृहस्पतिवार 17 अक्टूबर 2024 सायं काल व रात्रि में विशाल मेला चलेगा। वहीं शुक्रवार को श्री राम भरत मिलाप अयोध्या के अवसर पर नृत्य कार्यक्रम न्यू शोमा थिएटर लखनऊ के द्वारा होगा तथा दुकानदारों की सुविधा के लिए पेयजल, प्रकाश तथा सुरक्षा व्यवस्था पुलिसकर्मियों द्वारा की जायेगी। वहीं इटौंजा दशहरा मेला में बीकेटी ए.सी.पी ऋषभ के नेतृत्व में इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव पुलिस टीम के साथ मेला मैदान, अशोक रोड, मार्केट रोड, महोना रोड, इटौंजा चौराहा अन्य जगहों पर पुलिस बल व पीएसी बल तैनात रहेगा,जिससे कि मेले में हुडदंगियों व अराजक तत्वों पर नजर रख उन पर कड़ी कार्यवाहीं की जा सकेंगी। वहीं रत्नेश्वर रामलीला समिति इटौंजा लखनऊ ट्रस्टी एवं संरक्षक कुँवर बीरेन्द्र सिंह परमार ने बताया कि इटौंजा दशहरा मेला विशाल मेला किया जाता है इस मेले में इटौंजा, महोना, कुंम्हरावां, अमानीगंज, पहाड़पुर, बीकेटी अन्य क्षेत्रों के लोग शामिल होते हैं। वही इस मेले में मुख्य अतिथियों , जैसे, मोहनलालगंज पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री सांसद कौशल किशोर, बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला, एमएलसी पवन सिंह चौहान,मोहनलालगंज सांसद आर के चौधरी,विनय प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष लखनऊ बीजेपी, सुरेश अवस्थी पूर्व उपनिदेशक खेलकूद, पूर्व विधायक बीकेटी अविनाश त्रिवेदी, बीकेटी पूर्व विधायक गोमती यादव, पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव,देवी बक्श सिंह चौहान एडवोकेट, अवधेश अवस्थी %कमल% अध्यक्ष, नगर पंचायत इटौंजा, पूर्व चेयरमैन बीकेटी अरूण कुमार सिंह गप्पू भैया, महोना चेयरमैन ज़िया शेख, नकुल दुबे पूर्व मंत्री,दिनेश दत्त तिवारी,प्रयाग बक्श सिंह अन्य इस मेले में उपस्थित होकर मेले की शोभा और बढ़ायेंगे।

# योगी सरकार के प्रयास से 7,857 गोवंश को आश्रय स्थलों पर किया गया संरक्षित



- बेसहारा पशुओं के कल्याण के साथ ही शहरी स्वच्छता को बढ़ावा देने में बेहद प्रभावी साबित हुआ विशेष अभियान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार प्रदेश में निराश्रित गोवंश के संरक्षण में भी सकारात्मक भूमिका निभा रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, प्रदेश भर के नगरी क्षेत्रों में नगर विकास विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर 7,857 गोवंश को सुरक्षित करते हुए आश्रय स्थलों पर संरक्षित करने में सफलता मिली है। नगर विकास विभाग के अनुसार, 8 से 10 अक्टूबर के बीच प्रदेश के विभिन्न नगरी क्षेत्रों में तीन दिनी अभियान का संचालन किया गया। इसके जरिए, पहले दिन 2132, दूसरे दिन 2718 तथा तीसरे दिन 3007 गोवंशों को सुरक्षित कर कान्हा गौशाला व आश्रय स्थलों में संरक्षित किया गया। इस विशेष अभियान के जरिए एक ओर बेसहारा पशुओं के कल्याण के साथ ही शहरी स्वच्छता को बढ़ावा देने का मार्ग प्रशस्त हुआ, वहीं दूसरी ओर यातायात में अवरोध व दुर्घटना का कारण बनने वाले पशुओं को बचाकर सड़क सुरक्षा को बढ़ाने में भी अभियान ने सकारात्मक भूमिका का निर्वहन किया।

### नगरीय निकायों में 1.4 लाख गोवंश को मिला संरक्षण

नगर विकास विभाग द्वारा विशेष अभियान का संचालन तीन स्तरों पर किया गया। नगर निगम द्वारा अभियान के अंतर्गत पहले दिन 431, दूसरे दिन 615 तथा तीसरे दिन 625 गोवंश को संरक्षित कर आश्रय स्थलों में भेजा गया। यानी, तीन दिन में 1671 गोवंशों को संरक्षित किया गया। वहीं, नगर पालिका परिषद द्वारा पहले दिन 760, दूसरे दिन 781 व तीसरे दिन 907 गोवंशों को संरक्षित करते हुए तीन दिनों में कुल 2448 गोवंशों को सुरक्षित किया। इसी प्रकार, नगर पंचायतों में पहले दिन 941, दूसरे दिन 1322 व तीसरे दिन 1475 गोवंशों को संरक्षित करते हुए कुल 3738 गोवंश को सुरिक्षत किया। प्रदेश के अब तक सभी नगरीय निकायों में कान्हा गौशाला व पशु आश्रय स्थलों में कुल 1,40,320 गोवंश को संरक्षित करने में सफलता मिली है।

### आगे भी जारी रहेगी प्रक्रिया

विशेष अभियान की सफलता पर संतोष व्यक्त करते हुए नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने कहा कि यह पहल न केवल शहरी क्षेत्रों को स्वच्छ व सुरक्षित बना रही है, बल्कि गोवंश के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और यह आगे भी जारी रहेगी। नगर निगम, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों के सामंजस्यपूर्ण प्रयासों ने इस सफलता को संभव बनाया है। उनके अनुसार, अप्रैल 2024 से सितंबर 2024 तक कैटल कैचिंग अभियान से 11,13,057 रुपए की आय भी विभाग की हुई है। नगरीय निकाय के स्थानीय निदेशक अनुज कुमार झा ने सभी निकायों को अपनी सीमा में निराश्रित पशुओं को संरक्षित करने के लिए उचित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# नए कॉलेजों और पाठ्यक्रमों की शुरुआत के लिए समय सारिणी निर्धारित

- शैक्षिक सत्र 2025–26 के लिए योगी सरकार ने तय की समय सीमा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

शैक्षिक सत्र 2025-26 में बीएड पाठ्यक्रम के अतिरिक्त नए महाविद्यालयों और संस्थानों की स्थापना और मौजूदा कॉलेजों में नए स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों की शुरुआत के लिए योगी सरकार ने समय सारिणी निर्धारित कर दी है। इस समय सारिणी के तहत 15 दिसंबर 2024 तक विश्वविद्यालयों में नए पाठ्यक्रमों के लिए अनापत्ति प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि तय की गई है। इसके अतिरिक्त भूमि अभिलेखों के सत्यापन और निरीक्षण रिपोर्ट समेत विभिन्न प्रक्रियाओं के निर्धारण की समय सीमा निर्धारित की गई है।

### 2025 तक ऑनलाइन एनओसी होगी जारी

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि 16 दिसंबर 2024 से 20 जनवरी 2025 तक भूमि अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन कराया जाएगा। प्राप्त अनापत्ति प्रस्तावों को 7 दिनों के भीतर जिलाधिकारी को सत्यापन के लिए भेजा जाएगा और एक महीने के भीतर सत्यापन रिपोर्ट संबंधित विश्वविद्यालय को ऑनलाइन भेजनी होगी। 31 जनवरी 2025 तक अनापत्ति आदेश ऑनलाइन जारी किया जाएगा। यदि विश्वविद्यालय के निर्णय के विरुद्ध अपील करनी हो, तो 10 फरवरी 2025 तक शासन में अपील की जा सकती है, जिसकी निस्तारण तिथि 20 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। 28 फरवरी 2025 तक निरीक्षण मण्डल के गठन के लिए आवेदन किया जाएगा और 5 मार्च 2025 तक विश्वविद्यालय द्वारा निरीक्षण मण्डल का गठन कर लिया जाएगा। 5 अप्रैल 2025 तक निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी, और 20 अप्रैल 2025 तक सम्बद्धता प्रदान की जाएगी। संबंधित अपीलें 31 मई 2025 तक निपटाई जाएंगी। निरीक्षण मण्डल द्वारा प्रस्तुत आख्या शासनादेश के अनुसार होगी और इसकी शुचिता व पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा गठित समिति इसकी प्रति-सत्यापन भी कर सकती है।

### भूमि संबंधी अभिलेखों के सत्यापन के निर्देश

प्रमुख सचिव एमपी अग्रवाल ने सभी राज्य विश्वविद्यालयों के कुलसचिवों को भूमि संबंधी अभिलेखों के सत्यापन के निर्देश दिए, जिसमें खतौनी का सत्यापन, संयुक्तता प्रमाण पत्र, और स्थलीय सत्यापन शामिल हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि यदि कोई आपत्ति अनुचित पाई गई, तो इसे अनुचित समझा जाएगा। निरीक्षण मण्डल के पैनल के गठन के संबंध में, विशेषज्ञों और सदस्य सचिव की उपस्थिति अनिवार्य होगी और निरीक्षण तिथियों की जानकारी पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी। पैनल की तिथि पर निरीक्षण न होने की स्थिति में आवेदन निरस्त किया जा सकता है। पैनल सदस्यों की सत्यनिष्ठा और कार्य आचरण का वार्षिक रिकॉर्ड भी रखा जाएगा।


# बीकेटी तहसील परिसर में किसानों ने सात सूत्रीय मांगों को लेकर किया धरना–प्रदर्शन

- किसानों की पत्रावलियां गायब होने से नाराज़ लोगों ने नारेबाजी कर किया प्रदर्शन
- कई बार अधिकारियों से कर चुके शिकायत, नहीं मिल रहा न्याय

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी

**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील परिसर में बुधवार को दीपक शुक्ला तिरंगा व दर्जनों किसानों द्वारा तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन कर किसानों की मांगे ना पूरी होने का आरोप लगाया। बता दें कि लखनऊ जिले के बीकेटी तहसील क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर व बहादुरपुर के कई किसानों की जमीनों की पत्रावलियां गायब हो जाने से नाराज दर्जनों किसानों ने कई बार लखनऊ जिले के उच्च अधिकारियों व बीकेटी तहसील के अधिकारियों को शिकायत की, दीपक शुक्ला तिरंगा ने आरोप लगाया कि पिछले महीनों गांव में हुई चकबंदी में जमीनों की पत्रावलियां गायब कर दी गई औरों को फायदा पहुंचाने के लिए किया गया है। वहीं किसानों को न्याय न मिलने पर बुधवार सुबह दर्जनों किसान व दीपक शुक्ला तिरंगा ने बीकेटी तहसील परिसर में जोरदार नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। वहीं किसानों ने आरोप लगाया कि उनकी पत्रावलियां खेत के पट्टे कागजात बीकेटी तहसील से गायब हो गए हैं, इसकी जांच कर गरीब किसानों को खेत की पत्रावलियां दी जायें व उनकी जमीन दी जाये, इसी को लेकर कई किसान व महिलाएं बीकेटी तहसील परिसर में प्रदर्शन किया। इस मौके पर सायं कों दर्जनों किसानों व दीपक शुक्ला तिरंगा ने सात सूत्रीय ज्ञापन बीकेटी थाना प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह को दिया, जहां अन्य लोग मौजूद रहे।





### मुख्यमंत्री को भेंट की पुस्तक

**लखनऊ।** राज्य सूचना आयुक्त डॉ दिलीप अग्निहोत्री ने आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। उन्होंने गत वर्ष प्रकाशित अपनी पुस्तक सुशासन की अवधारणा; मुख्यमंत्री को भेंट की। सन 2023 में पुस्तक को शगुन न्यूज इंडिया डॉट कॉम द्वारा मुद्रित किया गया। इसके लिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह,पूर्व राज्यपाल राम नाईक, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने शुभकामना संदेश प्रेषित किए। पुस्तक में समाज सेवा में समर्पित संन्यासी, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, संकल्प से सिद्धि का संदेश, राष्ट्रीय गौरव का संचार, आध्यात्मिक चेतना का कर्मयोग, सुशासन पथ के महारथी, उद्योगीकरण का ग्लोबल अध्याय आदि विषयों को रेखांकित किया गया है।

# आरटीओ से चार लोगों को पुलिस ने किया था गिरफ्तार, शांति भंग का मुकदमा दर्ज कर किया चालान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी के ट्रांसपोर्ट नगर आरटीओ कार्यालय मे कार्य करने वाले चार लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया। पुलिस ने शांति भंग करने की धाराओं मे चालान कर एसीपी कोर्ट में पेश किया। बता दें कि सोमवार को आरटीओ कार्यालय परिसर में आपसी वाद- विवाद के आरोप में गोविंद, शिवम, राकेश एवं श्रीकांत को ट्रांसपोर्ट नगर चौकी प्रभारी ने मौके से गिरफ्तार किया। वहीं पुलिस के मुताबिक इन चारों लोगों द्वारा वाद- विवाद करने की सूचना मिलने पर इन्हें हिरासत में लेकर शांति भंग की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चलान कर दिया गया था। दूसरे दिन मंगलवार इन चारों लोगों को एसीपी कोर्ट में पेंश कर विधिक कार्यवाही की गई। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरटीओ कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की मदद के लिए जरूरत पड़ने पर इनके कार्य करने के लिए तत्पर रहते हैं। कर्मचारियों का अभाव होने के कारण वाहन स्वामियों का कार्य समय से निपटाने के लिए इन लोगो का फ़ाइल खोजने के लिए सहारा लेना पड़ता है। कार्यालय मे तैनात बाबूओ ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पुलिस चौकी द्वारा कार्य करने के लिए भेजा गया था जिसमें संबंधित कागज आधे अधूरे थे। इन कागजात को पूरा करने पर कार्य करने का आश्वासन दिया था, बस यह बात चौकी इंचार्ज साहब को बर्दाश्त नही हुई, और उन्होंने अपने अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए इन लड़को को वाद-विवाद के झूठे आरोप लगाकर शांति भंग का मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की। जिससे परिवहन विभाग के कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। वहीं आम- जनमानस के बीच कई गंभीर सवाल भी उठने लगते है। कि जिन लोगों का सहारा लिया जाता उन्हें ही बलि चढ़ा दिया जाता है। ऐसे में कई बार निर्दोषों को भी पुलिस कानून का पाठ पढ़ा देती है।

# जल–भराव से परेशान नागरिकों ने कार्यालय के पास किया प्रदर्शन

- वार्ड में जलभराव से पनप रहे मच्छर, नागरिक परेशान, दर्जन भर से ज्यादा नागरिकों ने जताया विरोध
- नागरिक का आरोप, नगर पंचायत कार्यालय के अधिकारी नहीं उठाते फोन, समस्या से कब मिलेगी निजात

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ जिले के बीकेटी नगर पंचायत में स्वच्छता अभियान जमीन पर ध्वस्त नजर आ रहा हैं। बता दें कि स्वच्छता अभियान नगर पंचायत बीकेटी में खोखला साबित हो रहा है।बुधवार सुबह बीकेटी नगर पंचायत कार्यालय के बाहर भोलापुरवा चंद्रभानु डिग्री कालेज के सामने महीनों से सड़क व कालोनियों में जल भरा हुआ है और नालियों में गंदगी पटी पड़ी हुई हैं, लेकिन जिम्मेदार नगर पंचायत कार्यालय के कर्मचारी व अधिकारी द्वारा ध्यान न देने से बुधवार सुबह दर्जन भर से ज्यादा भोलापुरवा के नागरिकों ने नाराजगी जताते हुए प्रदर्शन किया। वहीं पर मौजूद अधिशाषी अधिकारी बीकेटी संध्या मिश्रा के बहुत मान-मनौव्वल के बाद नागरिक शांत हुए। वहीं भोलापुरवा नागरिकों ने आरोप लगाया कि भोलापुरवा के पास गली में जल भराव से आये दिन सभी को परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं और जल भराव के कारण पनप रहे मच्छरों से नागरिक परेशान है गंदगी में पनप रहे मच्छरों से कई लोग बुखार जैसी बीमारी से संक्रमित हुए हैं और नगर पंचायत कार्यालय में कई बार शिकायत के बाद भी ज़म्मिेदार ईओ बीकेटी को कई बार फोन किया गया लेकिन उनका फोन नहीं उठा, इसके बाद हम सभी मिलकर नगर पंचायत कार्यालय बीकेटी पर आकर प्रदर्शन किया। वहीं प्रदर्शन कर रहे लोगों को नगर पंचायत बीकेटी अधिकारी संध्या मिश्रा ने समझा-बुझाकर सभी को शांत करवाया और आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द सभी को समस्या से छुटकारा मिलेगा। इस दौरान कई महिलाएं व लोगों द्वारा जल-भराव व गंदगी के लिए प्रदर्शन किया।

# सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि में उत्तर प्रदेश पूरे देश में प्रथम स्थान पर : दयाशंकर सिंह

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राजधानी के इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आज सड़क सुरक्षा पखवाड़ा कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि 2 अक्टूबर गांधी जयंती से सड़क सुरक्षा पखवाड़े का अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के लिए आने को कार्यक्रमों एवं समारोह का समापन हो रहा है। सड़क सुरक्षा बहुत ही महत्वपूर्ण विषय है एवं आज के समय में बहुत ही आवश्यक विषय भी है। आज प्रदेश 13 हाईवेज के साथ देश में सबसे अधिक हाईवेज वाला प्रदेश है, जिसमें से 6 हाईवेज बन चुके हैं एवं अन्य हाई-वेज पर कार्य तेजी से चल रहा है। हाईवेज बनने से आवागमन में सुगमता के साथ-साथ समय का भी बचाव हो रहा है। साथ ही बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं भी चिन्ता का विषय हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने एवं अन्य लोगों से कराने की अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। उनसे उन्होंने सड़क सुरक्षा नियमों को अपने दिनचर्या में लाने का आह्वान किया। परिवहन मंत्री ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि में उत्तर प्रदेश पूरे देश में प्रथम स्थान पर है, यह एक चिन्ता का विषय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को लेकर बहुत ही अधिक संवेदनशील हैं। उनकी अध्यक्षता में साल में दो बार सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक आयोजित होती है। प्रदेश में जितनी मौतें कोरोना काल में भी नहीं हुई उससे अधिक मौतें लगभग 23 हजार प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटनाओं की वजह से होती हैं। होने वाली मौतों में सबसे अधिक संख्या 18-35 आयु वर्ष वाले युवाओं की है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में 50 प्रतिशत तक की कमी लाने का लक्ष्य है अखिलेश यादव के समय से शुरू हुए प्रदेश में समय-समय पर सड़क सुरक्षा अभियान के साथ-साथ सड़क सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताएं भी विभाग करा रहा है। इसके अलावा सभी कॉलेजों एवं विद्यालयों में रोड सेफ्टी क्लब का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग एवं स्टेक होल्डर विभाग पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगर विकास इत्यादि के अलावा आमजन का भी सहयोग बेहद जरूरी है। आमजन की सहभागिता से ही लक्ष्य को प्राप्त करना संभव है। परिवहन मंत्री ने कहा कि 2014 से पूर्व लोग जगह-जगह पर कूड़ा-कचड़ा फेक दिया करते थे, परन्तु देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छता पखवाड़े की शुरूआत के पश्चात अब परिस्थितियों में बदलाव आया है और लोग स्वयं साफ-सफाई तो कर ही रहे हैं, बल्कि गंदगी करने वाले लोगों को टोक भी रहे हैं। इसी प्रकार सड़क सुरक्षा को भी प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित शपथ भी दिलायी। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति स्व एपीजे अब्दुल कलाम का एक उद्धरण भी सुनाया- कहा ''सपने वो नहीं होते हैं, जो रात में हम देखते हैं, बल्कि सपने वो होते हैं जो हमें सोने न दें। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत सोंच व दृढ़-इच्छाशक्ति से किया गया प्रत्येक कार्य सफल होता है। उन्होंने कहा कि दुपहिया वाहन चालक हेलमेट एवं चार पहिया चालक सीटबेल्ट का प्रयोग आवश्य करें। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक एवं एलईडी पैनल पर विज्ञापन के माध्यम से उपस्थित लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। परिवहन मंत्री ने सड़क सुरक्षा को और मजबूत बनाने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए कार्यक्रम के समापन के अवसर पर 28 नये इण्टरसेप्टर वाहनों को हरी झण्डी दिखायी। उन्होंने कहा कि इण्टरसेप्टर वाहनों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के कार्य में और तेजी आयेगी एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों को कार्य करने में सुगमता होगी। इण्टरसेप्टर वाहनों से ओवर स्पीडिंग, ड्रकेन ड्राइव, रांग साइड ड्राइविंग, मोबाइल इस्तेमाल की जांच में आसानी होती है। कार्यक्रम के दौरान अपर मुख्य सचिव परिवहन एल वेंकटेश्वर लू, परिवहन आयुक्त चन्द्रभूषण सिंह, अपर परिवहन आयुक्त पुष्पसेन सत्यार्थी, ए के सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी संजय कुमार तिवारी, संदीप कुमार पंकज सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।





**विद्यालय में मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती**

बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज सीबीएसई में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। ▶ शेष पेज 07 पर...

# भक्ति और ज्ञान के साथ सम्पन्न हुआ श्री रामानुग्रह धाम स्थापना दिवस समारोह

- स्वामी विनय स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा स्थापित श्री रामानुग्रह धाम ईश्वरीगंज बिठूर के स्थापना दिवस समारोह पर 09 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक चली श्रीमद्भागवत कथा
- आचार्य अप्रमेय प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने समापन अवसर पर कहा, इतना ऊर्जा सम्पन्न जीवन परमात्मा ने हमें दिया है स्वयं का तो क्या लाखों लोगों का कल्याण करने के निमित्त भी हम बन सकते हैं



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

परम पूज्य महामंडलेश्वर स्वामी विनय स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज द्वारा स्थापित श्री रामानुग्रह धाम ईश्वरीगंज बिठूर के स्थापना दिवस समारोह पर 09 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक चलने वाली श्रीमद्भागवत कथा महापुराण के कथा व्यास परम पूज्य आचार्य अप्रमेय प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने समापन अवसर पर मानव जीवन के सूत्र बताते हुए कहा कि पानी को कितना भी गर्म कर लें पर वह थोड़ी देर बाद अपने मूल स्वभाव में आकर शीतल हो जायेगा। इसी प्रकार हम कितने भी क्रोध में, भय में अशांति में रह लें थोड़ी देर बाद बोध में, निर्भयता में और प्रसन्नता में हमें आना होगा क्योंकि यही हमारा मूल स्वभाव है।

इतना ऊर्जा सम्पन्न जीवन परमात्मा ने हमें दिया है स्वयं का तो क्या लाखों लोगों का कल्याण करने के निमित्त भी हम बन सकते हैं। जरूरत है स्वयं की शक्ति और स्वभाव समझने की। सबसे बड़ी अगर जीवन पथ में अगर कोई बाधा है तो वह है निराशा। हम थोड़ी देर में ही परिस्थिति के आगे घुटने टेककर उसे अपने ऊपर हावी कर लेते हैं। किसी संग दोष के कारण, किन्ही बातों के प्रभाव में आकर निराश हो जाना, यह संयोग जन्य स्थिति है। आनंद, प्रसन्नता, उत्साह, उल्लास और सात्विकता मूल स्वभाव तो हमारा यही ही है।

### शरद पूर्णिमा पर हुआ विशाल भंडारा

शरद पूर्णिमा के पुनीत पर्व पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सम्मानित साधु संतों हनुमत धाम पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी डा.केशवानंद जी महाराज, स्वामी गीतानंद जी महाराज, स्वामी कृष्ण दास जी महाराज, पूज्य स्वामी उदितानंद ब्रह्मचारी जी महाराज, पूज्य स्वामी बालयोगी अरुण चैतन्यपुरी जी महाराज, स्वामी आशुतोष गिरी जी महाराज, साध्वी आनंद भारती जी, महंत गिरिजा शंकर शुक्ल एवं अनेकानेक संतजनों को अंगवस्त्र एवम् प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में राजेश अग्निहोत्री, अंकुर अग्निहोत्री, राकेश दीक्षित और स्थानीय वरिष्ठ समाजसेवियों, भक्तप्रेमियों की उपस्थिति रही। दोपहर से प्रारंभ हुए भण्डारा में देर रात तक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## टीएसएच स्टैग ग्लोबल यूपी स्टेट थर्ड रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट संपन्न

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** द स्पोर्ट्स हब' और कानपुर टेबल टेनिस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में टीएसएच थर्ड स्टैग ग्लोबल यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का समापन आज सोमवार 16 अक्टूबर को हो गया। 'द स्पोर्ट्स हब', आर्यनगर मे चल रही इस प्रदेशीय प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण बीते दिन आलोक सिंह अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन ने किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों को अपने लक्ष्य को हासिल करने में सदैव तत्पर रहने और हार से सीख लेने और विचलित न होने ,शांतरहने और अपने लक्ष्यों के प्रति निष्ठावान रहने को कहा। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसियेशन के अध्यक्ष संजीव पाठक 'बॉबी', गीता टंडन कपूर, प्रणीत अग्रवाल, संजय टंडन , (सचिव, केटीटीए) सुनील सिंह आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन आशुतोष सत्यम झा ने किया ।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कोषाध्यक्ष, यूपीटीटीए पी के जैन, पी के श्रीवास्तव, आशीष कपूर, अजय मेहरोत्रा,अनिल गुप्ता, अजय बिंदु दीक्षित डॉ अजय केसरवानी संजय मुंशी मुख्य निर्णायक अत्यंत रस्तोगी इंडियन यूथ व जूनियर टीम कोच पराग अग्रवाल को सम्मानित भी किया गया।

# गुरुकुल द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का ध्रुपद गायक पंडित विनोद द्विवेदी ने किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



गुरुकुल द्वारा आयोजित लखनऊ की कलाकार डॉ सविता रानी सक्सेना की प्रदर्शनी ÷एपन÷ का उद्घाटन बुधवार ध्रुपद गायक पंडित विनोद द्विवेदी के द्वारा गुरुकुल आर्ट गैलरी में संपन्न हुआ। जिसमें प्रो अभय द्विवेदी, डॉ हृदय गुप्ता, कुमुद बाला,इत्यादि मौजूद रहे। गुरुकुल के डायरेक्टर प्रोफेसर अभय द्विवेदी जी ने बताया कि एप्पल लोक कला मुख्यतः उत्तराखंड की लोक कला है इसमें मिट्टी व गेरू या लाल रंग से आधारबनाया जाता है जिसमें इसे चावल के घोल से सफेद डिजाइन बनाई जाती है डॉ सविता रानी सक्सेना उत्तराखंड से संबंधित होने के कारण लोक कला से काफी प्रभावित है और उनकी संपूर्ण रचनाएं एप्पन में ही है उनके चित्रों में राम आगमन कर लक्ष्मी पद चिन्ह स्वास्तिक ओम जैसे चिन्ह चिन्ह कृतियां देखी जा सकती हैं जो सफेद डिजाइन से अलंकृत है उनकी इस चित्रकला को उनके प्रति उनके पति प्रोफेसर सुनील सक्सेना जी ने बहुत प्रोत्साहन दिया, जिसके कारण वह कई आर्ट शो आयोजित कर चुकी हैं।

प्रदर्शनी के आयोजन में क्यूरेटर अभिनय प्रकाश सिंह, कन्वीनर नेहा मिश्रा, आयोजन अध्यात्म झा, आरएस पांडेय सुमित मेहरा, अजय पाठक आयुष, संदीप, सुमित ठाकुर, नीतू साहू, श्रेय, अर्चना, अर्चना, ज्ञान मिश्र, अश्विनी द्विवेदी, सतीश दुबे, प्रेम कुमारी श्रीवास्तव, पूर्णिमा तिवारी, अनुपम शुक्ल, राजकिशोरी, समेत लखनऊ व कानपुर के कलाकार मौजूद रहे। डॉ राजेश्वरी ढौंढियाल, भगवत पंत, दीपिका पांडे, तृप्ति पांडे, पुष्पा पांडे, नूपुर पांडे के पहनावे में उत्तराखंड के वेशभूषा की की झलक दिखाई दी।

# जहरीले कीड़े ने काटा, दर्दनाक मौत

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



परियर। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मरौंदा मझवारा गांव निवासी बऊवा लोध उम्र 40 वर्ष पुत्र रामेस्वर जो कि अपने खेत में मिर्च तोड़ने गया था। मिर्च तोड़ते समय किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिजनों को सूचना मिलते ही परिजन आनन-फानन में बउवा को इलाज हेतु अस्पताल ले जा रहे थे। तभी रास्ते में उसकी मृत्यु हो गईं। मृत्यु की सूचना चौकी प्रभारी परियर दिनेश सिंह को दी गई। जिसके बाद शव का पंचनामा भरकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक बउवा के तीन लड़की और एक लड़का है बड़ी लड़की गुड़िया उम्र 17 वर्ष, दूसरी बेटी काजल उम्र 14 वर्ष, प्रिया उम्र 13 वर्ष और सबसे छोटा बेटा सूरज उम्र 12 वर्ष का है। घर का वह इकलौता कमाने वाला था। बउवा की मृत्यु के बाद और पत्नी राधा और बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# पेट्रोल पंप कर्मचारी का गुहार लगाते वीडियो वायरल



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

विधानसभा चरखारी से भाजपा विधायक ब्रजभूषण राजपूत से शादी की गुहार लगाते पेट्रोल पंपकर्मी का वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में कर्मचारी विधायक से कह रहा है कि हमने आपको वोट दिया है, अब आप मेरी शादी करवाओ। इस पर विधायक हंसते हुए कर्मचारी को जल्द उसकी शादी करवाने का भरोसा देते नजर आ रहे हैं। हालांकि, अमर उजाला वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

बताया जा रहा है कि चरखारी विधायक एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने पहुंचे। तभी कर्मचारी वहां उनकी गाड़ी के पास पहुंच गया। वायरल वीडियो में गाड़ी में बैठे चरखारी विधायक काफी देर तक कर्मचारी से बात करते नजर आ रहे हैं। विधायक के पूछने पर व्यक्ति ने अपनी सैलरी भी बताई और 13 बीघा जमीन होने की जानकारी दी। इस पर विधायक ने कहा कि आप तो बहुत अमीर हो, जल्द ही आपकी शादी करवा दूंगा। कर्मचारी ने कहा कि लड़की उसी की जाति की रहे तो अच्छा रहेगा। इस पर विधायक ने कर्मचारी को मानवता में भेदभाव न करने के लिए कहा। उन्होंने भरोसा दिया कि आपके भाग्य में जो लड़की होगी, वह आपको मिल जाएगी।

# राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के जिला अध्यक्ष बनाए गए रवि शंकर मिश्रा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के जगदीश सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम सिंह उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा और राष्ट्रीय से प्रभारी गौरव द्विवेदी के निर्देश अनुसार कार्यकारिणी गठित करते हुए और उत्तर प्रदेश में संगठन मजबूत करने के लिए संगठन के वरिष्ठ व्यक्तियों को निर्देशित किया साथ ही प्रमाणित किया जाता है कि रवि शंकर मिश्रा को राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के उत्तर प्रदेश राज्य में उन्नाव जिला में जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत को मजबूत करने की दिशा में सहयोग प्रदान करेंगे और राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के सभी व्यक्तियों ने उज्जवल भविष्य की कामना की है। रविशंकर मिश्रा ने बताया कि जो हमें जिला उन्नाव जिलाअध्यक्ष का दायित्व आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश सिंह जी ने दिया है उसे मैं निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभाऊंगा और संगठन को मजबूत करने का कार्य करूंगा शुभकामनाएं देने वालो में से राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के जगदीश सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम सिंह प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा और गौरव द्विवेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष भानु सिंह चंदेल, अलोक तिवारी, राधेश्याम अवस्थी, सतेंद्र बाजपेई, अंजनी कुमार पाठक, मान्यता प्राप्त पत्रकार रामनरेश त्रिवेदी, सुनील ,राम जी, कमलेश, ज्ञानेंद्र सिंह, राजेश, शेखर एवं अन्य व्यक्तियों ने फेसबुक ट्विटर व्हाट्सएप्प के माध्यम से बधाई दी।

# सेंट्रल स्टेशन से दो साल का मासूम लापता

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर सेंट्रल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर पांच से मंगलवार को दो साल का मासूम गायब हो गया है। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए जीआरपी को तहरीर दी है। सीसीटीवी फुटेज में एक व्यक्ति बच्चे को उठाकर ले जाता हुआ नजर आया है। वहीं इंस्पेक्टर ओम नारायण सिंह ने बताया कि बच्चे की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है।

बिहार गया के खैरा गांव निवासी रामदयाल पत्नी सुंदरी के साथ गुरसहायगंज में ईंट भट्ठे पर मजदूरी करते हैं। वह दीपावली पर घर जाने के लिए सोमवार रात रोडवेज बस से कानपुर पहुंचे और सेंट्रल स्टेशन आ गए। पति पत्नी बच्चों के साथ प्लेटफार्म नंबर पांच पर गया जाने वाली महाबोधी एक्सप्रेस का इंतजार करने लगे। इस बीच रामदयाल की एक माह की बच्ची को भूख लग गई। दंपती बच्ची के लिए दूध लेने के लिए प्लेटफार्म के स्टाल पर चले गए। सामान के पास दो साल का बेटा विष्णु बैठा था। वापस आए तो विष्णु वहां नहीं था। काफी तलाश के बाद जब बेटे का कुछ पता नहीं चला तब पति-पत्नी रोते हुए जीआरपी थाने पहुंचे। उन्होंने बच्चे के अपहरण की आशंका जताई। जीआरपी इंस्पेक्टर का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है।

# बिना परमिट बच्चों को ढो रहे वाहनों को तुरंत सीज करें



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

उत्तर प्रदेश विधान परिषद की शिक्षा का व्यवसायीकरण संबंधी समिति की बैठक में सोमवार को भौंती हाईवे पर हुए सड़क हादसे का असर दिखा। समिति ने कानपुर नगर व कानपुर देहात में स्कूली वाहनों और स्कूल-कॉलेज के बच्चों को ढो रहे वाहनों की फिटनेस और परमिट संबंधी सवाल किए। एआरटीओ के असंतोषजनक जवाबों पर समिति ने नाराजगी जताते हुए हवा में जवाब देने की नसीहत दी।

साथ ही डीएम कानपुर को रैंडम जांच कराकर रिपोर्ट कमेटी को भेजने के निर्देश दिए। साथ ही बिना परमिट बच्चों को ढो रहे वाहनों को तुरंत सीज करने को कहा। सभापति मानवेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई समिति की बैठम में स्कूल-कॉलेज की संख्या, मिडडे मील, पानी की व्यवस्था, कर्मचारियों की संख्या, खाली पद जैसे 31 विषयों पर चर्चा की गई।

कानपुर नगर के 5400 से अधिक बच्चों को शिक्षा का अधिकार के तहत प्रवेश दिलाने की जानकारी की तुलना में कानपुर देहात में सिर्फ 304 बच्चों को प्रवेश दिलाने की जानकारी पर समिति नाराज दिखी। देहात के सीडीओ से 15 दिन के अंदर 280 स्कूलों में सिर्फ 308 आवेदन आने और 304 को प्रवेश दिलाने, सीबीएसई स्कूलों को लेकर बीएसए की लचर कार्यशैली, बच्चों को चिह्नित करने में हुई लापरवाही और उनके प्रवेश के लिए प्रयास संबंधी जांच कर रिपोर्ट देने के लिए कहा।

### नकेल कसने से संबंधित प्रक्रिया के बारे में पूछा

कर्मचारियों की सही संख्या भी न बता पाने पर देहात के बीएसए से नाराजगी जताई। समिति सदस्य अरुण पाठक ने इंजीनियरिंग कॉलेजों की मनमानी पर नकेल कसने से संबंधित प्रक्रिया के बारे में पूछा। संतोषजनक जवाब न मिलने पर नाराजगी जताई और शासन से इसके लिए जिला स्तर पर कमेटी गठित करने के लिए कहा। बैठक में सदस्य मुकुल यादव, अंगद कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

### मौसम की तरह जानकारी न दीजिए

सभापति ने डीआईओएस कार्यालय में तैनात बाबुओं की संख्या पूछी। नगर के डीआईओएस तो सही जानकारी दे गए, लेकिन देहात के डीआईओएस ने पहले 18 बताए, फिर 14 बोल गए। इसपर सभापति ने तल्ख लहजे में कहा कि कार्यालय की भी कुछ जानकारी ले लिया करें। मौसम विभाग की तहत जानकारी मत दीजिए।

### नगर के बीएसए से बोले, आपकी लखनऊ तक चर्चा है

कानपुर नगर के बीएसए सुरजीत कुमार जब बाबुओं के स्थानांतरण की जानकारी दे रहे थे तभी एक सदस्य ने कहा बीएसए साहब काफी चर्चित व्यक्ति हैं। लखनऊ तक इनका नाम है। हिदायत दी कि ठीक से काम करें और भ्रष्टाचार की शिकायत न आने दें।

### बीएसए के झूठ पर डीएम ने फेरा पानी

समिति ने जब स्कूलों में पानी की व्यवस्था को लेकर सवाल किया तो नगर के बीएसए ने सभी जगह स्थिति बेहतर बता दी। समिति ने हैरानी जताते हुए सवाल किया कि क्या राम राज्य आ गया है। इसपर डीएम ने 6 जगह रिबोरिंग कराने की बात कह दी। समिति नाराज हो गई और बीएसए के झूठ पर जांच कराकर रिपोर्ट देने को कह दिया। वहीं, कानपुर देहात में 60 स्कूलों में पानी की व्यवस्था न होने पर सीडीओ को को कभी गांव घूमने और जानकारी करने की नसीहत दे दी।

### सीएमओ पर भड़के सभापति

समिति ने स्कूलों में चिकित्सकीय सुविधा की जानकारी मांगी, तो एसीएमओ राजेश गुप्ता खड़े हो गए। समिति के सभापति ने प्रोटोकॉल के तहत मिलने न आने और एंबुलेंस न भेजने पर नाराजगी जताई। साथ ही जिलाधिकारी को तुरंत नोटिस जारी कर जवाब तलब करने के निर्देश दिए।

## एक्सप्रेस खबरें...

### एक साल में मिसाल बना गौरी से रोहन-संतोष का प्यार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** आवाज देने पर वो दौड़ी चली आती है। वह बुधवार को एक वर्ष की हो जाएगी। अब वह रोहन और संतोष की आवाज भी वह पहचानने लगी है। हां यदा कदा कोई और उसके आसपास फटकता है तो वो नाराज सी हो जाती है और धक्का देकर गिराने की कोशिश करती है।

रोहन और संतोष भी उसे बिलकुल बच्चे जैसा प्यार देते हैं। हम बात कर रहे हैं चिड़ियाघर में एक वर्ष पहले जन्मी मादा गैंडा गौरी की। रोहन और संतोष उसके कीपर हैं। बुधवार को चिड़ियाघर में उसका जन्मदिन धूमधाम से मनाने की तैयारी हो रही है। रेंजर नावेद इकराम ने बताया 16 अक्तूबर 2023 को मानू नाम की गैंडा ने उसे जन्म दिया था। जन्म के महज 12 दिन बाद ही मानू की मौत हो गई। ऐसे में कीपर रोहन और संतोष ने उसकी परवरिश की जिम्मेदारी उठाई। सुबह सात बजे से दो बजे तक संतोष ड्यूटी देते हैं।

वहीं, दोपहर से रात नौ बजे तक रोहन पर गौरी की जिम्मेदारी रहती है। जन्म के समय महज 68 किलो की गौरी अब ढाई क्विंटल की हो गई है। दिन में नौ बार उसे दूध दिया जाता है। विशेष बोतल से एक बार में वह डेढ़ लीटर तक दूध पी जाती है। असोम से डॉ. शमशुल वीडियो कॉल पर उसका मेडिकल चेकअप करते रहते हैं। डाइट चार्ट में कब बदलाव करना है, इसे वह ही निर्धारित करते हैं। कोई दिक्कत होने पर उसे क्या दवाएं देनी हैं। इसका भी निर्देश वही देते हैं। डॉ. अनुराग की टीम भी उसपर नजर रखती है। गौरी दूध के साथ-साथ अब बाड़े में उगी घास खाने लगी है। रेंजर के मुताबिक उसकी ग्रोथ काफी अच्छी है। बुधवार को केक काटकर उसका जन्मदिन मनाया जाएगा। चिड़ियाघर में दोनों के बीच प्यार की हर कोई मिसाल देता है।

### 13 नवंबर को उपचुनाव, चुनाव आयोग ने जारी किया कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश में विधानसभा की नौ सीटों पर उपचुनाव का ऐलान मंगलवार को कर दिया। 13 नवंबर को सीसामऊ विधानसभा सीट पर चुनाव होना है। 2.69 लाख से अधिक मतदाता अपना नया विधायक चुनेंगे। जिला प्रशासन मतदाता सूची में नाम बढ़ाने व घटाने का काम कर रहा है। हालांकि अभी फाइनल सूची जारी नहीं की गई है। जल्द वो भी जारी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने मंगलवार को उपचुनाव की घोषणा के साथ ही सीसामऊ सीट को लेकर पूरा कार्यक्रम जारी कर दिया है। बताया कि सीसामऊ विधानसभा सीट पर उपचुनाव को लेकर क्षेत्र में मंगलवार से ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। 25 अक्तूबर को नामांकन की अंतिम तारीख, 28 अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच, 30 को नामांकन पत्र वापस लेना, 13 नवंबर को मतदान और 23 को मतगणना होगी। इसको देखते हुए शहर में होर्डिंग, बैनर, दीवारों पर लेखन हटाने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम की टीमें काम में जुट गई हैं। सीसामऊ विधानसभा में कुल मतदाता 2,69,770 हैं। जिसमें 1,43,213 पुरुष 1,26,556 महिला और एक थर्ड जेंडर मतदाता हैं। सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र से वर्ष 2022 के चुनाव में समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी चुने गए थे। उन्हें आगजनी के मामले में जेल भेज दिया गया। इस कारण उनकी सदस्यता निरस्त हो गई। इसलिए उपचुनाव हो रहे हैं। इस सीट पर सपा ने इरफान की पत्नी नसीम सोलंकी को मैदान में उतार दिया है। वहीं, भाजपा व बसपा में दावेदारों के बीच रस्साकसी चल रही है। कांग्रेस नेताओं में सपा के प्रत्याशी की घोषणा में उनकी राय नहीं लिए जाने को लेकर नाराजगी है। उपचुनाव की दुंदुभि बजने से अब हलचल बढ़ गई है। विधानसभा सीट पर मतदाता पुनरीक्षण के दौरान 3581 नए मतदाता अब तक बढ़ चुके हैं। कुल 4588 लोगों ने आवेदन किया, जिनकी जांच के बाद 656 खारिज किए गए। इसी तरह 5314 नाम हटाए गए हैं। इनमें घर छोड़ने वाले, मृतक व दूसरे क्षेत्रों में जाने वाले मतदाता हैं। इसी तरह 1612 मतदाताओं का पता बदला गया है।

# हादसे के बाद निरीक्षण करने पहुंचीं विभागों की टीमें



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में भौंती एलिवेटेड पर सोमवार सुबह हुए हादसे में पीएसआईटी के चार छात्रों समेत पांच लोगों की मौत के मामले में मंगलवार को सेव लाइफ फाउंडेशन, डीसीपी ट्रैफिक, अपर जिलाधिकारी, एनएचएआई, आरटीओ और लोक निर्माण विभाग की टीमों ने अलग-अलग घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसमें कई खामियां सामने आईं। पाया गया कि एलिवेटेड लाइन और सर्विस लेन एक ही जगह पर मिल रहीं हैं।

यहां पर कोई डिवाइडर नहीं है। ऐसे में मामूली चूक भी बड़े हादसे का कारण बनती है। इसके अलावा यहां पर संकेतांक भी नहीं लगे हैं। टीम ने यह भी माना कि हादसे की वजह डंपर चालक का एकदम से ब्रेक लगाना भी रहा है। उधर, दूसरी ओर बुधवार को मंडलायुक्त अमित गुप्ता एनएचएआई अधिकारियों के साथ इसी मुद्दे पर बैठक भी करेंगे। मंगलवार सुबह आरटीओ अधिकारी पनकी स्थित घटनास्थल के बाद पनकी इंडस्ट्रियल एरिया चौकी पहुंचे। जहां दुर्घटनाग्रस्त तीनों वाहनों के फोटोग्राफ,एफआईआर की कॉपी और गाड़ियों के कागज देखे। फिटनेस, लोडिंग क्षमता व प्रदूषण संबंधी कागज देखे। इसके कुछ देर बाद ही एनएचएआई की तीन सदस्यीय टीम दिल्ली से घटनास्थल पहुंची।

### फोकस कार को पीछे से टक्कर मारने वाले ट्रॉले पर

मौका मुआयना कर रिपोर्ट बनाई। अधिकारियों ने टक्कर मारने वाला ट्रॉला के टायर का प्रेशर, फिटनेस,उस पर लदी सरिया का अनुमानित भार,डंपर के अंदर मिली चीजों का ब्यौरा जुटाया। जांच का फोकस कार को पीछे से टक्कर मारने वाले ट्रॉले पर ही रहा। हालांकि इस संबंध में टीमों ने कुछ नहीं बताया।

### यह बिंदु सामने आए

सेव लाइफ फाउंडेशन, डीसीपी ट्रैफिक, अपर जिलाधिकारी, एनएचएआई, आरटीओ और लोक निर्माण विभाग की टीमों की जांच में भौती हादसे के संबंध में निम्नलिखित बिंदु सामने आए हैं,

इंजीनियरिंग छात्र जिस कार में सवार थे वह पूर्णत- क्षतिग्रस्त हो गई है।

जिसका रजिस्ट्रेशन कानपुर आरटीओ में 13 जुलाई 2018 का है, जो कि विजय साहू के नाम से पंजीकृत है। बीमा 29 जून 2025 तक और प्रदूषण 1 जुलाई 2025 तक वैद्य है।

जिस डंपर ( ट्रिप टेलर) में कार भिड़ी वह लखनऊ में 19 जनवरी 2024 को पंजीकृत है। यह मेसर्स देवलोक एजेंसी प्रा.लि. के नाम पर है जो मंदिर मार्ग विस्तार महानगर लखनऊ निवासी अवधेश कुमार सिंह द्वारा संचालित है।

फिटनेस 15 जनवरी 2026, बीमा 8 जनवरी 2025 व प्रदूषण 30 नवंबर 2024 तक वैद्य है जबकि टैक्स 31 दिसंबर 2024 तक का जमा है। जांच में इसके ब्रेक भी ठीक पाए गए।

मेन लेन और सर्विस लेन के बीच डिवाइडर भी फ्लाईओवर रैंप पर ही समाप्त हो रहा है। इसे बढ़ाना जरूरी बताया है। इसके अलावा फ्लाई ओवर से उतरते समय संबल स्ट्रिप व रोड मर्जर इत्यादि के साइन बोर्ड लगाए जाने चाहिए।

भौंती बाईपास ढलान पर तीन रंबल स्ट्रिप बने हुए हैं, गति सीमा का बोर्ड भी नहीं लगा है। ढलान पर एलिवेटेड रोड पर डिवाइडर वॉल समाप्त हो जाती है, जिससे लोग यूटर्न लेते हैं। डिवाइडर वॉल को सचेंडी की तरफ 100 मीटर तक बढ़ाने की आवश्यकता है।

### सिंघाड़ा के आटे में मिले कीड़े, दुकानदारों पर होगा मुकदमा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** कानपुर में बीते महीने खाद्य विभाग की टीम ने छापेमारी कर थोक बाजार नयागंज, कलक्टरगंज के व्यापारियों के कोल्ड स्टोर में छापेमारी कर 17 नमूने लिए थे। जिसकी जांच रिपोर्ट में भंडारित सिंघाड़ा व कुट्टू का आटा और रामदाना में कीड़े और मिलावट मिली। जो खाने योग्य नहीं थी। अब व्यापारियों के खिलाफ केस दर्ज कराकर जुर्माना वसूला जाएगा। टीम ने छापेमारी के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अफसरों ने डेढ़ करोड़ का माल सील किया था। जिसे अब नष्ट कराया जाएगा। सहायक आयुक्त खाद्य-दो संजय प्रताप सिंह ने बताया कि सदर तहसील क्षेत्र की प्रमुख बाजारों नयागंज, कलक्टरगंज के व्यापारियों द्वारा कोल्ड स्टोर में सिंघाड़ा व कुट्टू का आटा और रामदाना भंडारित करने की बात सामने आई थी। सितंबर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी भेजकर इसकी जांच कराई गई थी। इस दौरान मिलावट की आशंका पर 17 अलग-अलग नमूने लिए गए थे। इन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया था। जांच रिपोर्ट में सात नमूने असुरक्षित पाए गए हैं। इसमें कई तरह के केमिकल लगाकर भंडारित करने, लगातार ऐसी सामग्री खाने में व्यक्ति को पेट, किडनी संबंधित बीमारियां होने की आशंका जताई गई है।


**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ – उ.रे. – मण्डल – वाणिज्य / उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./ लॉट सं. | PnU-LKO-BSB-Toi-47-24-3 (Pay and Use Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 09.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 25.10.2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 25.10.2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3209/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# भारत में स्वास्थ्य सेवा में बदलाव

## आयुष्मान भारत पीएमजेएवाई का प्रभाव

**सेवाओं की निर्बाध प्रदायगी सुनिश्चित करने और व्यवस्था में दुरुपयोग की गुंजाइश को कम करने के लिए पीएमजेएवाई स्वाभाविक रूप से प्रौद्योगिकी-संचालित है, और पेपरलेस या कागज़ रहित होने के साथ-साथ कैशलेस या नकदी रहित भी है। इसमें प्रतिपूर्ति या सह-भुगतान का कोई प्रावधान नहीं है। हालांकि अधिकांश दावों का निपटान समय पर होता है, लेकिन राज्यों के साथ साझेदारी में और सुधार लाने के लिए गहन प्रयास किए जा रहे हैं। इस योजना की सफलता और जन कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के कारण इस वर्ष इसके दायरे को बढ़ाने के लिए दो बड़े कदम उठाए गए हैं।**

*राजू (बदला हुआ नाम), आयु 18 वर्ष, को सामान्य रूप से चलते हुए भी सांस लेने में तकलीफ होती थी और वह थकान महसूस करता था। साल 2017 में उसे सीने में दर्द के कारण दिल की गंभीर बीमारी से पीड़ित होने के बारे में पता चला। इलाज की अंतहीन जद्दोजहद में उसके पिता ने परिवार के मवेशी और जमीन तक बेच डाली और पांच लाख रुपये से अधिक रकम के कर्ज में डूब गए। साल 2019 में, उन्हें आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएमजेएवाई) की ओर से एक पत्र मिला, लेकिन उन्?होंने इसको ज्?यादा अहमियत नहीं दी। साल 2022 में राजू की हालत बिगड़ गई, जिसके लिए फौरन सर्जरी करने की आवश्यकता थी। वे हताश और बेबस हो चुके थे। तभी अस्पताल के एक कर्मचारी ने उनके परिवार को पीएमजेएवाई के बारे में पता करने की सलाह दी और उनकी पात्रता की पुष्टि की। इसकी बदौलत राजू की लगभग 1.83 लाख रुपये की लागत वाली जीवन रक्षक सर्जरी संभव हो सकी। आखिरकार, 67 दिन बाद उसे नए सिरे से जिंदगी शुरू करने के लिए अस्पताल से छुट्टी दे मिल गई। आशा, सेहत और खुशी से भरपूर यह कहानी, उन अनगिनत कहानियों में से एक है, जो एबी पीएमजेएवाई के लाभार्थियों के जीवन के इर्द-गिर्द बुनी गई हैं। बीते छह वर्षों में इस योजना के तहत अस्पतालों में लगभग 7.8 करोड़ दाखिलों के साथ पीएम-जेएवाई ने लाखों लोगों के जीवन को बेहतर बनाया है और उनके प्राणों की रक्षा की है और साथ ही, उन रोगियों के परिवारों को अस्पताल के खर्च के कारण गरीबी और पीड़ा के चंगुल में फंसने से भी बचाया है। यह योजना माननीय प्रधानमंत्री द्वारा परिकल्पित सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। पीएमजेएवाई ने प्रति लाभार्थी परिवार द्वितीयक और तृतीयक उपचार के लिए 5 लाख रुपये तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा प्रदान करके सरकारी और निजी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी के आधार को छुआ है। निजी स्वास्थ्य बीमा कंपनियों द्वारा प्रचारित भारी-भरकम रकम की तुलना में यह राशि छोटी लग सकती है, लेकिन योजना की रूपरेखा और पैमाने को देखते हुए लाखों परिवारों के लिए इस राशि का प्रभाव जीवन बदलने वाला और जीवन रक्षक है। योजना की रूपरेखा के अनुसार, पीएमजेएवाई का उद्देश्य अस्पताल में भर्ती रोगियों को द्वितीयक और तृतीयक देखभाल उपलब्ध कराना है, तथा बहिरंग रोगी सेवाएं इस योजना के अंतर्गत नहीं आती। एक महत्वाकांक्षी व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल मिशन के माध्यम से सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) के इस दूसरे घटक पर समान रूप से गौर किया जा रहा है, जिसके तहत 1,75,000 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) स्थापित किए गए हैं, जिन्हें पहले स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र कहा जाता था। इनमें परामर्श और कई दवाएं (172 तक) और निदान (63 तक) निःशुल्क प्रदान किए जा रहे हैं। वर्तमान में सरकारी प्रयासों का केंद्र इन दोनों प्रणालियों में देखभाल का सुदृढ़ दो-तरफ़ा सम्मिलन और निरंतरता है। भारत का यूएचसी मॉडल सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा पर आधारित है। स्वास्थ्य नीति और सेवाओं को अलग-थलग करके नहीं अपितु समग्रता में देखे जाने की आवश्यकता है। इस योजना के कार्यान्वयन के दौरान, स्वास्थ्य लाभ पैकेज (एचबीपी) के तहत प्रक्रियाओं और कीमतों को संशोधित और युक्तिसंगत बनाया गया है। साल 2018 में एचबीपी की संख्या 1393 थी, जो 2022 तक बढ़कर 1949 हो गई।*

## एक्सप्रेस आलेख

**हिन्दू धर्म की सहिष्णुता को कमजोर मानकर हिन्दू धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कार्य लगातार होता रहा है। वैसे तो प्रत्येक धर्म की अपनी मान्यताएं होती हैं, किन्तु विकृत मानसिकता वाले लोगों ने हिन्दू धर्म को मध्यकाल से ही नीचा दिखाने की कोशिशें कीं। भारत पर लगातार आक्रांताओं के हमले होते रहे और बड़े पैमाने पर धर्मांतरण कराया गया। हिन्दुओं के लाखों मंदिर तोड़े गए। हिन्दुओं से अपने ही देश में हिन्दू होने पर 'जजिया' यानि कर लगाया गया। पूर्व की सरकारों ने भी वोट की राजनीति के चलते हिन्दुओं को दोयम दर्जा पर रखा। फिर भी हिन्दू धर्म ने उदारता और सहनशीलता को नहीं छोड़ा। अगर हिन्दू कट्टर होता तो अन्य धर्मों के लोग भारत में नहीं दिखते।**

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार, सख्त कार्रवाई की दरकार



ललित गर्ग

**देश बंटवारे के समय पाकिस्तान में 20 प्रतिशत से ज्यादा हिन्दू थे लेकिन आज उनकी आबादी 2 प्रतिशत भी नहीं रही और भारत में मुसलमानों की आबादी 2 प्रतिशत से 20 प्रतिशत नहीं होती। लेकिन प्रश्न है कि आखिर कब तक हिन्दू ऐसी अग्नि परीक्षा देता रहेगा? कब तक हिन्दू की सहिष्णुता को कमजोरी मानकर उन पर अत्याचार होते रहेंगे? कब तक हिन्दू शक्तिसम्पन्न होकर भी निर्बल बना रहेगा?**

बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों एवं हिन्दुओं पर हो रहे हमलें, मशहूर जेशोश्वरी मंदिर में मुकुट का चोरी होना, हिन्दू अल्पसंख्यकों से जबरन इस्तीफा के लिये दबाव बनाने की घटनाएं, दुर्गा पूजा के पंडाल पर हमले चिन्ता के बड़े कारण हैं, यह हिन्दू अस्तित्व एवं अस्मिता को कुचलने की साजिश एवं षडयंत्र है, जिस पर भारत सरकार को गंभीर होने के साथ इन पर नियंत्रण की ठोस कार्रवाई की अपेक्षा है। बीते अगस्त में शुरू हुई राजनीतिक उथल-पुथल के बीच शेख हसीना का प्रधानमंत्री पद से हटना और भारत आने के बाद बांग्लादेश में भारत विरोधी गतिविधियों को असामाजिक तत्वों व कट्टरपंथियों द्वारा हवा दिया जाना शर्मनाक एवं विडम्बनापूर्ण है। नई दिल्ली में बांग्लादेश के हिन्दू-अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के प्रश्न को लेकर बार-बार चिंता तो व्यक्त की जा रही है, लेकिन करारा एवं सख्त संदेश देने की कोई कोशिश होती हुई नहीं दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा सरकार के शासन में यदि ऐसी घटनाओं पर सख्ती नहीं बरती गयी तो फिर कब बरती जायेगी? यह विडंबना ही है कि नोबेल शांति पुरस्कार विजेता व कार्यवाहक रूप में सरकार के मुखिया का दायित्व निभा रहे मोहम्मद यूनुस के कार्यकाल में हिन्दुओं एवं हिंदू पहचान के प्रतीकों को निशाना बनाया जाना बदस्तूर रहना किसी अन्तर्राष्ट्रीय साजिश का हिस्सा हो सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने नागपुर में विजयदशमी पर्व पर आयोजित रैली को सम्बोधित करते हुए हिन्दुओं पर हो रहे इन हमलों को लेकर बड़ा संदेश दिया है, अपेक्षा है सरकार भी जैसे को तैसे वाली स्थिति में आकर हिन्दुओं की रक्षा की सार्थक एवं प्रभावी पहल करें। बांग्लादेश की आबादी में 7.95 फीसदी-सवा करोड़ से ज्यादा हिंदू शामिल हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में हिंदुओं के खिलाफ जो कुचक्र रचे गये, उसी तरह की साजिश बांग्लादेश में सिर उठा रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले दो महीने में बांग्लादेश के 52 जिलों में हिंदू समुदाय पर हमले की 200 से ज्यादा घटनाएं हुई। आज बांग्लादेश सांप्रदायिकता एवं कट्टरता की आग में झुलस रहा है। सांप्रदायिकता और धार्मिक कट्टरता लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है। दोराहे पर खड़े बांग्लादेश में यह खतरा बढ़ता जा रहा है। खतरे की गंभीरता को देखते हुए वहां अंतरिम सरकार ने हिंदू मंदिरों, गिरजाघरों या अल्पसंख्यकों के किसी भी धार्मिक संस्थान पर हमलों की जानकारी देने के लिए हॉटलाइन शुरू की थी, लेकिन कितनी ही शिकायतें मिलने के बावजूद उन पर कार्रवाई का न होना, इनको लेकर मोहम्मद यूनुस सरकार का चुप्पी साधे रखना इस समस्या को गंभीर बना रहा है। बांग्लादेश के कट्टरपंथी वहां के हिंदुओं के लिए ही नहीं, भारत की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन रहे हैं। इन हमलों एवं कट्टरतावादी शक्तियों का सक्रिय होना भारत एवं बांग्लादेश दोनों ही देशों के लिये खतरनाक है। कट्टरपंथियों के निरंकुश बने रहने से वहां की सरकार के इरादे और इच्छाशक्ति सवालों के घेरे में है। भारत ने उचित तरीकों से ही इन घटनाओं को बेहद गंभीर बताते हुए इन पर न केवल चिंता जताई बल्कि अपनी आपत्ति भी दर्ज कराई। गौर करने की बात है कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का यह मसला धीरे-धीरे दोनों देशों के रिश्तों में खटास घोलते हुए एक अहम फैक्टर बनता जा रहा है। दुर्गापूजा के पंडाल में बम फेंके जाने की खबर स्वाभाविक ही बांग्लादेशी हिंदू बिरादरी को सहमा एवं डरा देने वाली है। जेशोश्वरी मंदिर में मां काली के ताज की चोरी इस मायने में भी अहम है कि यह ताज 2021 में अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तोहफे के तौर पर दिया था। यही नहीं, गुरुवार को चटगांव में दुर्गापूजा के दौरान कुछ लोगों द्वारा जबरन इस्लामी क्रांति के गीत गाए जाने की भी खबर आई। ऐसे में भारत अगर इन घटनाओं के पीछे सुनियोजित साजिश की आशंका जता रहा है तो उसे निराधार नहीं कहा जा सकता। ऐसे में लगातार बिगड़ती स्थितियों में यूनुस और उनके सहयोगियों को शासन और कूटनीति से जुड़े गंभीर मसलों पर परिपक्वता दिखानी होगी। आंदोलन से जुड़े गैर जिम्मेदार तत्व अनाप-शनाप आरोप लगाएं तो कुछ हद तक समझा जा सकता है लेकिन अगर शासन में बैठे लोग भी इन तत्वों का समर्थन करते हुए दिखें तो उसे सही नहीं कहा जा सकता। यह एक अराजकता की स्थिति है। बांग्लादेश में बद से बदतर हो रहे हालात एवं हिंदुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार, उत्पीड़न, हमलों को लेकर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सावधान कर कोई गलत नहीं किया। सक्रिय, व्यवस्थित और संगठित होकर ही ऐसी नापाक एवं संकीर्ण मानसिकताओं का माकुल जबाव दिया जा सकता है। भागवत ने कहा, "दुर्बल रहना अपराध है, हिंदू समाज को ये समझना चाहिए। अगर आप संगठित नहीं रहते हैं, तो आपको मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।" देश के दुश्मनों की ओर इशारा करते हुए मोहन भागवत ने कहा, "भारत लगातार आगे बढ़ रहा है, लेकिन जब कोई भी देश जो आगे बढ़ रहा होता है तो उसकी राह में अडंगा लगाने वाले लोग भी बहुत सारे होते हैं। इसलिए दूसरे देशों की सरकारों को कमजोर करना दुनिया में चलता रहता है।' लेकिन किसी राष्ट्र को कमजोर करने के लिये हिंदुओं यानी अल्पसंख्यकों पर हमलों का सहारा लेना, उन्हें प्रोत्साहित करना विकृत एवं अराष्ट्रीय मानसिकता का द्योतक है। वैसे भी बांग्लादेश का विकास भारत के सहयोग पर निर्भर है, जिस भू-भाग को रवींद्रनाथ टैगोर 'आमार सोनार बांग्ला' (मेरा स्वर्णिम बंगाल) कहते थे, जहां की अर्थ-व्यवस्था एवं अन्य विकास योजनाएं भारत के सहयोग से ही आगे बढ़ती रही है, कभी भारत की कोशिशों से ही बांग्लादेश अस्तित्व में आया था। बांग्लादेश को आधी से ज्यादा बिजली भारत से मिलती है। अनाज की बड़ी सप्लाई भी भारत से होती है। अगर भारत ने व्यापारिक संबंध तोड़ लिए तो बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था चौपट हो सकती है। बावजूद इन सब स्थितियों के वहां भारत-विरोधी घटनाओं का उग्र से उग्रतर होना खुद के पांव पर कुल्हाड़ी चलाने जैसा है। बांग्लादेशी आकाओं को भगवान सद्बुद्धि दे। फिर भी अगर बांग्लादेश नहीं सुधरता है तो समय आ गया है कि हिंदुओं को निशाना बनाने की घटनाओं पर भारत कड़ा रुख अख्तियार करे। बांग्लादेश पर दबाव बनाने के साथ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस मुद्दे को पुरजोर ढंग से उठाना चाहिए। इसके लिए कूटनीतिक प्रयास तेज करने की जरूरत है। हिन्दू धर्म भारत की संस्कृति एवं आत्मा है। हिन्दू धर्म संयम, त्याग और बलिदान का धर्म है। इसमें हमेशा दूसरे धर्मों को सम्मान देने का काम किया है। हिन्दू धर्म उदारता, प्रेम, आपसी सद्भाव और सहनशीलता पर आधारित धर्म है।



**अगर भारत ने व्यापारिक संबंध तोड़ लिए तो बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था चौपट हो सकती है। बावजूद इन सब स्थितियों के वहां भारत-विरोधी घटनाओं का उग्र से उग्रतर होना खुद के पांव पर कुल्हाड़ी चलाने जैसा है। बांग्लादेशी आकाओं को भगवान सद्बुद्धि दे।**

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पूर्णिमा 16:56 तक |
| नक्षत्रः | रेवती 16:01 |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | हरषाना, 25:37 |
| सूर्योदयः | 06:27 |
| सूर्यास्तः | 17:46 |
| चंद्रमाः | मीन राशि में |
| राहुकालः | 13:30-14:55 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | आश्विन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:43-12:28 |

## जन एक्सप्रेस

### है मिला उपहार !

*अंदर बाहर हो रहे ।*
*खेलने को खेल ।।*
*बढ़ ना जाए ख़तरा ।*
*कर लें तनिक मेल ।।*
*है मिला उपहार ।*
*करने को प्रचार ।।*
*सख़्त है हिदायत ।*
*रहना खबरदार ।।*
*व्यस्त रहेगा कार्यक्रम ।*
*रख कदम संभाल ।।*
*भावनाओं को अभी ।*
*है बनाना ढ़ाल ।।*
*होंगे हमले तेज़ ।*
*है यह आखिर तय ।।*
*धीरे-धीरे उसी दिशा में ।*
*लगी बनने लय ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# बालों की कई समस्याओं से छुटकारा दिलाएगा गुड़हल की पत्तियों का हेयर टोनर

**बालों** से जुड़ी समस्याओं को दूर करने के लिए सदियों से गुड़हल का इस्तेमाल किया जा रहा है। आयुर्वेद में गुड़हल के इस्तेमाल से बालों के टूटने-झड़ने की समस्या को दूर करने के प्रयोग के बारे में बताया गया है। यही वजह है कि बालों के तैयार किये जाने वाले कई ब्यूटी प्रोडक्ट में गुड़हल का इस्तेमाल किया जाता है। आज के समय में अनियमित खानपान और बिगड़ती लाइफस्टाइल का असर सेहत के साथ बालों पर भी देखने को मिलता है। ज्यादा स्ट्रेस और पर्याप्त नींद न लेने की वजह से बालों का झड़ना, टूटना, दोमुंहे बाल होना एक आम समस्या बनती जा रही है। हालांकि, इनसे छुटकारा पाने के लिए बाजार में कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट मौजूद हैं। लेकिन, गुड़हल के फूल व पत्तियों से आप नेचुरली रूप से अपने बालों की समस्याओं को आसानी से कर सकते हैं। गुड़हल का हेयर पैक, हेयर ऑयल और टोनर के रूप में उपयोग किया जा सकता है।



**बालों को समस्याओं के लिए गुड़हल की पत्तियों के टोनर के फायदे:** गुड़हल बालों में नमी को बनाए रखता है, जिससे बाल रूखे और बेजान नहीं होते और उनमें नैचुरल शाइन बनी रहती है। गुड़हल में मौजूद विटामिन ष्ट और एमिनो एसिड्स बालों की जड़ों को मजबूत करने में मदद करता है और बालों के झड़ने की समस्या को कम करता है। गुड़हल की पत्तियों में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और आवश्यक पोषक तत्व स्कैल्प में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाने में सहायक होता हैं, जिससे बालों की नई कोशिकाएं तेजी से विकसित होती हैं और बालों की ग्रोथ तेज हो जाती है। गुड़हल की पत्तियों में एंटी-फंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो डैंड्रफ और खुजली जैसी स्कैल्प समस्याओं से लड़ने में मदद करते हैं।

**बालों की समस्याओं के लिए गुड़हल की पत्तियों का टोनर कैसे इस्तेमाल करें?:** गुड़हल की पत्तियों से तैयार टोनर को आप अपने बालों की स्कैल्प और बालों में स्प्रे करें। टोनर स्प्रे करने के बाद अपनी उंगलियों से स्कैल्प की हल्की मालिश करें। इससे ब्लड सर्कुलेशन बढ़ेगा और पोषक तत्व जड़ों तक बेहतर तरीके से पहुंचेंगे। टोनर को बालों में सूखने दें। इसे धोने की आवश्यकता नहीं होती, क्योंकि यह बालों को हल्का और फ्रेश महसूस कराता है। इस टोनर का नियमित इस्तेमाल करने से बालों की समस्याओं में सुधार देखा जा सकता है। इसे हफ्ते में 2-3 बार इस्तेमाल करें ताकि आपको बेहतर रिजल्ट मिलें।

## एक्सप्रेस विशेष

# मलेरिया से भी गंभीर है डेंगू का दंश



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**डेंगू के कारण मौत तुलनात्मक रूप से कम है पर डेंगू का प्रभाव क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में एंटीडेंगू मच्छर शुभ संकेत माने जा सकते हैं। डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए देश में ड्रोन का प्रयोग अधिक उपयोगी सिद्ध हो सकता है। इंदौर में डेंगू मच्छरों को नष्ट करने के लिए ड्रोन के उपयोग का निर्णय किया गया है।**

**डेंगू एडीज एजिप्टी प्रजाति की मादा मच्छर के कारण बरसात के दिनों में तेजी से फैलता है। जमा पानी और गंदगी आदि में डेंगू मच्छर तेजी से बढ़ते हैं। जुलाई से सितंबर, अक्टूबर तक डेंगू का प्रकोप अधिक रहता है। शुरुआती दो-तीन दिन तक तो जांच में पता ही नहीं चलता है। डेंगू में 3 से 7 दिन अधिक गंभीर होते हैं।**




**भारत** सहित दुनिया के देशों में डेंगू का प्रकोप तेजी से बढ़ता जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन सहित दुनिया के देश डेंगू को लेकर अब गंभीर हो गए हैं। इसका बड़ा कारण है कि दुनिया के 130 देश डेंगू की जद में आ चुके हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इस समय 4 अरब लोग डेंगू से प्रभावित हो रहे हैं और 2050 तक यह आंकड़ा पांच अरब को पार कर जाएगा। भारत की बात की जाए तो देश के लगभग हर प्रदेश में डेंगू के नित नए केस सामने आ रहे हैं। भले यह माना जाता हो कि डेंगू के कारण मौत की दर बहुत कम है और सामान्यतः डेंगू सामान्य पेरासिटामोल व डॉक्टरों की सलाह के अनुसार पेय पदार्थ एलोरा जूस आदि लेने से ठीक हो सकता है। सामान्यतः यह माना जाता है कि डेंगू के कारण तेजी से प्लेटरेट में कमी आती है पर विशेषज्ञों का मानना है कि प्लेटरेट से भी ज्यादा गंभीर होता है ब्लड प्रेशर में कमी आना है। प्लेटरेट के साथ ब्लडप्रेशर को नियंत्रित रखना जरूरी हो जाता है। यह ध्यान रखना अधिक जरूरी हो जाता है कि ब्लड प्रेशर लो नहीं होना चाहिए। डेंगू का असर सीधे लीवर पर पड़ता है और ब्लड के अंतःस्राव की समस्या हो जाती है। जो अपने आप में गंभीर होती है। उल्टी होने से डिहाईड्रेशन की समस्या अधिक गंभीर हो जाती है। समस्या यह है कि डेंगू का तीन-चार दिनों बाद पता चलता है। इसलिए सावधानी सबसे बड़ी जरूरी हो जाती है। डेंगू के लगातार बढ़ते प्रकोप के बीच दुनिया के विभिन्न देश इससे जूझने की व्यापक तैयारियां कर रहे हैं। इंडोनेशिया में ड्रोन से सर्वे कर मच्छरों के लार्वा की खोज करके नष्ट करने का यह परिणाम रहा है कि डेंगू के मामलों में 70 फीसदी तक कमी आई है। इसी तरह डेंगू से बचाव के लिए डेंगू मच्छर का खात्मा करने वाले एंटीडेंगू मच्छर को दुनिया के करीब 14 देशों में छोड़े जाने का निर्णय किया गया है। वैज्ञानिकों द्वारा प्रयोगशाला में एंटीडेंगू मच्छर का सफल प्रयोग किया जा चुका है और ब्राजील में बड़ा केन्द्र बनाते हुए बोल्वाशिया मच्छर का उत्पादन आरंभ कर दिया गया है। हालांकि किन 14 देशों में एंटी डेंगू मच्छरों को छोड़ा जाएगा यह निर्णय विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा अभी किया जाना है। पर एक बात साफ हो चुकी है कि डेंगू पर समय रहते रोक अभियान चलाया जाना आवश्यक है क्योंकि डेंगू अब किसी देश की सीमा में बंधा नहीं रह गया है। देश-दुनिया की सरकारों और विश्व स्वास्थ्य संगठन के सामने डेंगू बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। डेंगू की गंभीरता को देखते हुए ही गैर सरकारी वर्ल्ड मास्कीटों प्रोग्राम के तहत एंटीडेंगू मच्छर विकसित किया गया है। 2023 में इंडोनेशिया में इनका प्रयोग किया जा चुका है और इनके प्रभाव से 95 प्रतिशत तक सकारात्मक प्रभाव देखा गया है। 2011 में आस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में लगातार चार बरसाती सीजन में एंटीडेंगू मच्छर का प्रयोग किया गया और दावा किया गया कि वहां चार बरसातों में एक भी डेंगू का मामला सामने नहीं आया। इन मंच्छर में एक बैक्टिरिया वोल्वाशिया पापीएंटिस डाला गया है। वैज्ञानिकों का दावा है कि इससे बीमारी वाले मच्छरों को वायरस फैलाने से रोकने में सफल होंगे। अब तक के परीक्षणों में यह खरे भी उतरे हैं। डेंगू एडीज एजिप्टी प्रजाति की मादा मच्छर के कारण बरसात के दिनों में तेजी से फैलता है। जमा पानी और गंदगी आदि में डेंगू मच्छर तेजी से बढ़ते हैं। जुलाई से सितंबर, अक्टूबर तक डेंगू का प्रकोप अधिक रहता है। शुरुआती दो-तीन दिन तक तो जांच में पता ही नहीं चलता है। डेंगू में 3 से 7 दिन अधिक गंभीर होते हैं। प्लेटरेट्स में तेजी से गिरावट होती है। डेंगू के कारण मौत तुलनात्मक रूप से कम है पर डेंगू का प्रभाव क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में एंटीडेंगू मच्छर शुभ संकेत माने जा सकते हैं। डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए देश में ड्रोन का प्रयोग अधिक उपयोगी सिद्ध हो सकता है। इंदौर में डेंगू मच्छरों को नष्ट करने के लिए ड्रोन के उपयोग का निर्णय किया गया है। देश के अन्य हिस्सों में भी ड्रोन का उपयोग किया जाने लगा है। ऐसे में डेंगू के प्रकोप को चुनौती के रूप में लेते हुए सरकार को ठोस प्रयास करने होंगे।

# खेल मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है

## स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है



जिला स्तरीय माध्यमिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में रितिका पटेल को गोला फेंक में प्रथम, चक्का फेंक द्वितीय, 400 मीटर रिले रेस में तृतीय, संध्या यादव को 400 मीटर दौड़ में प्रथम, 100 एवं 600 मीटर दौड़ में द्वितीय, अमन यादव को 400 मीटर दौड़ प्रथम, 100 एवं 600 मीटर दौड़ द्वितीय, अमन कुमार को 400 मीटर रिले रेस में प्रथम, शुभम चौहान को ऊंची कूद में द्वितीय, आलोक कुमार को ऊंची कूद में द्वितीय, शिवानी यादव को रिले रेस में तृतीय, प्रिया यादव को रिले रेस में तृतीय, खुशी वर्मा को रिले रेस में प्रथम, युगांक एवं अतुल वर्मा को रिले रेस में प्रथम आने पर सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के चेयरमैन सहित अन्य शिक्षकों ने माल्यार्पण कर शील्ड एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

खेल मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। यह व्यक्ति के मस्तिष्क को स्वस्थ व सक्रिय रखने में भी मदद करता है। खेल सभी प्रकार की परिस्थितियों के लिए व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक रूप से सक्रिय रखने में विशेष सहयोग करता है। यह बात सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के शास्त्री सभागार में तीन दिवसीय जिला स्तरीय माध्यमिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में अंडर 14 ऑल ओवर चौंपियनशिप जीतकर आए प्रतिभागियों को पुरुस्कृत करते हुए कॉलेज के चेयरमैन आरके वाजपेयी ने कही। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन मात्र नहीं है बल्कि लोगों को मजबूत आत्मविश्वास व कुशल बनाने के साथ ही चरित्र निर्माण में भी विशेष सहयोग करता है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल यशपाल वर्मा ने कहा कि मेहनत लगन और आत्मविश्वास के बलबूते हम बड़े से बड़े मुकाम को प्राप्त कर सकते है। अन्य विद्यार्थी इन विजयी प्रतिभागियों से सीख लेकर अपना मुकाम हासिल करें। विद्यार्थियों को क्रीड़ा प्रभारी फराज अली ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर अखिलेश शर्मा, वीरेंद्र मिश्र, राकेश शुक्ल, परवेज खान, बाल कृष्ण शुक्ल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं स्टूडेंट्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नवनीत पांडेय ने किया।

# हेलमेट का नियमित प्रयोग करने से ही सड़क हादसों में मृतको की संख्या को कम किया जा सकता है

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**



हेलमेट का नियमित प्रयोग करने से ही केवल सड़क हादसों में मृतको की संख्या को कम किया जा सकता है। यह बात कनवाखेड़ा स्थित रीजेन्सी पब्लिक स्कूल के सभाकक्ष में आयोजित सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मा. विधायक महोली श्री शशांक त्रिवेदी ने कही। उन्होने कहा कि प्रदेश की सरकार सड़क हादसों को कम करने के लिये जागरूकता के कार्यक्रम चला रही है। उन्होने कहा कि बच्चे जब भी वाहन पर बैठे तो अपने अभिभावकों को यातायात नियमों को मानने की बात कहें। मा0 विधायक ने कहा कि सड़क हादसो में मौते होना बेहद चिन्ताजनक है। सरकार यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिये वचनबद्ध है और तेजी से सुधार कर रही है। यातायात नियमों का पालन के लिये प्रवर्तन कार्यवाही के साथ जागरूकता की भूमिका बेहद अहम है। समापन समारोह की विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी निधि बसंल जी ने कहा कि शारीरिक सुरक्षा का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। रोड सेफ्टी भी इसी का हिस्सा है हमें यातायात नियमों को मानकर सड़क हादसों को कम करने में अपनी भूमिका को बढ़ाना होगा। सीओ सिटी एवं यातायात क्षेत्राधिकारी अमन सिंह ने रोड सेफ्टी के बेसिक रूल्स की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क सुरक्षा के मुख्य 05 नियम मान लेने मात्र से ही सड़क हादसों को न्यूनतम स्तर तक ले जाया जा सकता है। जिनमें हेलमेट सीटबेल्ट का नियमित प्रयोग, नशा, नींद, तेज रफ्तार से बचाव शामिल है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 कमलेश चन्द्रा ने कहा कि हादसे के वक्त 108 डायल कर एम्बुलेंश की सहायता से घायलों को अस्पताल पहुचाया जा सकता है। हमें हादसा हो जाने की स्थिति में घायलों की मदद करनी चाहिए। एआरटीओ (प्रशासन) माला बाजपेयी ने गुड सेमेरिटन की जानकारी देते हुए बताया कि घायलो को अस्पताल पहुँचाना पुनीत कार्य है इसके लिये सभी को आगे आना चाहिए। शासन द्वारा गुड सेमेरिटन (नेक आदमी) को नियमानुसार 5 हजार रूपये का नकद पुरस्कार दिया जायेगा। समापन समारोह की शुरूआत बच्चो द्वारा रोड सेफ्टी के नाटक व जागरूकता कार्यक्रम से हुई बच्चो द्वारा रोड सेफ्टी के मनमोहक गीत प्रस्तुत किये गये। बच्चो द्वारा हांथो में ट्रैफिक सिम्बल्स लेकर सभी को इनका पालन करने के लिये प्रेरित किया गया। बच्चों की शानदार प्रस्तुति पर कार्यक्रम स्थल तालियों की आवाज से गूंज उठा। अन्त में मुख्य अतिथि द्वारा सभी को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलायी गयी। एआरटीओ की ओर से अतिथियों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। साथ ही यातायात जागरूकतायुक्त पम्फलेट भी वितरित किये गये। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय फाउण्डर एम0एफ0 जैदी द्वारा अतिथियों का अभार व्यक्त किया गया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सर्वोच्च प्राथमिकता कार्यक्रमों व विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर आधारित शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता कार्यक्रमों व विकास कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन विकास भवन सभागार में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने विभाग के पोर्टल पर लम्बित प्रकरणों को निर्धारित समय-सीमा में अवश्य निस्तारित करें। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी शासन की मंशानुरूप गुणवत्तापरक निस्तारण पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता कदापि न बरती जाये। उन्होने कहा कि संबंधित विभागाध्यक्ष अपने विभाग के कार्यों की स्वयं समीक्षा करें एवं प्रगति में सुधार लायें। जिलाधिकारी ने शासन की विकास प्राथमिकताओं, राजस्व, भूमि विवाद, निर्माण कार्य, बिक्री कर, आबकारी, स्वास्थ्य, विद्युत, उद्योग सहित अन्य विभागीय अधिकारियों के लम्बित प्रकरणों पर गहनता से समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि लम्बित आवेदनों का निस्तारण ससमय किया जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत प्रताप सिंह, विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्यालय में मनाई गई महर्षि वाल्मीकि जयंती



**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज सीबीएसई में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों और वाल्मीकि समाज के लोगों ने भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारम्भ वाल्मीकि समाज से मुख्य अतिथि जीतेन्द्र कुमार,विशिष्ट अतिथि सोनू राज विद्यालय के प्रबन्धक रवि भूषण साहनी व प्रधानाचार्य अरविंद सिंह चौहान ने माँ सरस्वती व भगवान वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित करके की।इसके बाद विद्यार्थियों ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन और कार्यों पर आधारित गीत भाषण प्रस्तुत किया।इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वाल्मीकि समाज के प्रमुख नेता जीतेन्द्र कुमार ने विद्यार्थियों को महर्षि वाल्मीकि के जीवन और कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को समाज में समरसता और एकता के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया। इस समारोह में विद्यालय के छात्रों ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन और कार्यों पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।इसके अलावा, विद्यालय के अध्यापकों ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता मे प्रतिभाग किया।यह प्रतियोगिता प्रबंध समिति द्वारा आयोजित की गयी।इस प्रतियोगिता मे प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले शिक्षकों का मंचासीन अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को महर्षि वाल्मीकि के संदेश को अपने जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हमें समाज में समरसता और एकता के लिए काम करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों और वाल्मीकि समाज के लोगों ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके जीवन और कार्यों को याद किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रबंधक रवि भूषण साहनी द्वारा उपस्थित अतिथियों, आचार्य परिवार व भैया बहनों का आभार व्यक्त किया।

## थप्पड़ कांड में एक और वीडियो वायरल



**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के बाहर नौ अक्टूबर को सदर से भाजपा विधायक योगेश वर्मा की पिटाई से पहले के पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।इसमें बैंक की निवर्तमान अध्यक्ष पुष्पा सिंह प्रत्याशियों से पर्चे छीनते दिख रही हैं। उनके पति अवधेश सिंह और अन्य समर्थक भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक राजू अग्रवाल की पिटाई करते भी दिख रहे हैं।वीडियो नौ अक्तूबर 2024 की सुबह करीब साढ़े 10 बजे का है।

इसमें पुष्पा सिंह बैंक के पास वाली गली में अपने समर्थकों के बीच खड़ी दिखाई देती हैं। फिर राजू अग्रवाल का पर्चा छीनते दिख रही हैं। उनके पति अवधेश सिंह व समर्थकों की भीड़ राजू अग्रवाल को पीटते दिख रही है। इस वीडियो में ये भी साफ दिख रहा है कि पुलिस किस तरह से न सिर्फ मूक दर्शक बनी रही, बल्कि अवधेश सिंह के कहने पर दूसरी ओर जाती भी दिख रही है।

# बस जलाने के मामले में क्रॉस




- गुस्साए लोगों ने जला दी थी बस,10 लोगों पर दर्ज कराया मुकदमा

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर सदर कोतवाली क्षेत्र में एक हफ्ते पहले हुई एक घटना में दो युवकों की निजी बस से कुचलकर मौत हो गई थी। इस घटना के बाद गुस्साई भीड़ ने बस में आग लगा दी थी। अब पुलिस ने बस मालिक की तहरीर पर 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना 7 अक्टूबर को सीतापुर फोरलेन पर एलआरपी पुलिस चौकी के पास जल निगम के निकट हुई थी। मृतक युवक इंद्रेश (22) और अभिमन्यु (21) लखीमपुर शहर से अपने घर लौट रहे थे, जब उनकी बाइक अचानक बस से टकरा गई। हादसे के बाद, स्थानीय लोगों ने बस को क्षतिग्रस्त कर दिया और उसमें आग लगा दी। पुलिस ने पहले ही मृतकों के परिवार की तहरीर पर अज्ञात बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया था। अब बस मालिक हितेश अग्निहोत्री ने आरोप लगाया है कि उनकी बस लखनऊ से लखीमपुर लौट रही थी और विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार अचानक सामने आ गए, जिससे यह हादसा हुआ।सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने बताया कि पुलिस ने वायरल वीडियो और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी ली है, ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके और उन्हें गिरफ्तार किया जा सके।

यह मामला स्थानीय प्रशासन और पुलिस के लिए एक चुनौती बन गया है और उन्हें मामले की गंभीरता से जांच करने का आश्वासन दिया गया है।

# 105 वें साल के मेला समिति की बैठक हुई सम्पन्न



**जन एक्सप्रेस । सिंगाही खीरी**

महारानी सुरथ कुमारी श्री राम लीला मेला समिति सिंगाही की बैठक कस्बे के धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में आयोजित होने वाले कार्यकमों की जानकारी दी गयी। मेला 03नवम्बर से 25 नवम्बर तक चलेगा।बुधवार को धर्मशाला में आयोजित महारानी सुरथ कुमारी श्री राम लीला मेला समिति सिंगाही की बैठक की अध्यक्षता करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष मो.कयूम ने उपस्थित सभी सदस्यों को इस ऐतिहासिक मेले के 104 साल पूरे होने पर सभी को शुभकामनाएँ दी। महारानी सुरथ कुमारी श्री राम लीला मेला समिति सिंगाही के कोषाध्यक्ष अनुराग शुक्ला ने बैठक में पिछले साल हुए मेले का आय तथा व्यय का ब्यौरा पढ़कर सुनाते हुए बाइस हजार छः सौ पांच रुपये बचत बताई, बचत सुनकर मेला समिति व सदस्य गणों ने कोषाध्यक्ष की सराहना की, उसके बाद सभी की सहमति से 03 नवम्बर से 25 नवम्बर तक महारानी सुरथ कुमारी श्री राम लीला मेला समिति द्वारा कार्यक्रमों के आयोजन का निर्णय लिया गया। इस आयोजन में रावण वध 20 नवम्बर को बताया गया है। कार्यवाहक महामंत्री नृपराज शाह व महामंत्री प्रवीन शाह ने बताया पिछले कुछ वर्षों की अपेक्षा इस वर्ष कुछ बदल कर कार्यक्रमों को अच्छे से अच्छा प्रदर्शित करने का प्रयास समिति द्वारा किया जाएगा।समिति भी पूर्ण रूप से अपने दायित्वों को समझते हुए कार्य को करेगी। इस दौरान पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष उत्तम कुमार मिश्र, डॉ एन यू खान, सुनील बत्रा, रामनरेश गुप्ता, प्रभात शुक्ला, ध्रुव कुमार, नरेंद्र गुप्ता वाजिद हुसैन, और समस्त पत्रकारबंधु आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## शरद पूर्णिमा आज, चांद से बरसेगा अमृत

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर।** नैमिषारण्य। इस बार शरद पूर्णिमा 16 अक्तूबर को है। माना जाता है कि इस दिन चंद्रमा पृथ्वी के बेहद करीब आ जाता है। मान्यता है कि इस तिथि को मां लक्ष्मी पृथ्वी पर आती हैं और घर-घर भ्रमण करती हैं। इसके अलावा शरद पूर्णिमा की रात को चंद्रमा भी अपनी सभी 16 कलाओं में होता है। चांद से निकलने वाली किरणें अमृत समान होती हैं, इसलिए रात को घरों की छतों पर खीर बनाकर रखी जाती है। शरद पूर्णिमा को मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा आराधना करने से विशेष फल प्राप्त होता है। इस बार शरद पूर्णिमा पर रवि योग बन रहा है, जिससे इसका महत्व और भी बढ़ गया है।

# गन्ना सोसाइटी चुनाव मे तीन सीटो पर चुने गये डायरेक्टर



**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**

गोला गन्ना सोसाइटी मे तीनो सीटो पर हुये चुनाव मे डायरेक्टरी चुनाव मे ग्रंट मुल्तानपुर से रामकुमार का चुनाव चिन्ह शेर कि 56 मत पाकर अपने निकट प्रतिद्वंदी राम राखन बाजपेई को 27 बोटो से परास्त किया जबकि चांदपुर के मुकेश कुमार 25 मत पाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी की साधना को 9 बोटो से पराजित किया जबक ग्रंट न 11से आशीष कुमार ने 35 मत पाकर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को नोबेल लाल को 34 बोलो से परास्त किया। वही चुनाव के चुनाव प्रभारी (आरओ) अवनीश त्रिपाठी व गन्ना सचिव बलबन्त सिंह ने सभी विजयी प्रत्यशियो को प्रणाम पत्र दिया है।

वही चुनाव मिल की सोसाइटी मे सुवह नौ बजे से ही आरम्भ कर दिया गया था। जिसके चलते प्रताश्यियो और समर्थको मे खासा उत्साह देखने को मिला है। जिसके चतते गोला उप जिलाअधिकारी वीके गुप्ता पुलिस क्षेत्राधिकारी गवेन्द्र गौतम गोला कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह शान्तिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिये मोर्चा सम्हाले रहे वही भारी भीड भाड के चलते हैदराबाद प्रभारी निरीक्षक शिवा जी दुवे व क्राइम इंस्पेक्टर रविन्द्र पाण्डेय चौकी इंचार्ज नानक राजीव शुक्ला सदर गेट की कमान सौपी गई थी।भारी पुलिस फोर्स की ब्यवस्था के चलते सकुशल गन्ना सोसाइटीज का चुनाव सम्पन्न कराया गया।

# कहा-पार्टी का पूरा सहयोग मिला

**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**



लखीमपुर खीरी। अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के चुनाव में डेलीगेट नामांकन के दौरान के सदर विधायक योगेश वर्मा के साथ हुई मारपीट मामले में बीजेपी ने चार लोगों का निष्कासन किया। वहीं विधायक की तहरीर पर चार नामजद समेत 40 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज हुआ। इस कार्रवाई से विधायक संतुष्ट नजर आए।

कहा, हम लोग कल मुख्यमंत्री से मिले। हमें भारतीय जनता पार्टी का सहयोग मिला। जिलाध्यक्ष से लेकर प्रदेश अध्यक्ष तक और मुख्यमंत्री जी ने मान सम्मान बढ़ाया। मैं इस कार्रवाई से बिल्कुल संतुष्ट हूं। संगठन ने जो मुझसे कहा है, मैं उन्हीं के निर्देश पर उनके कार्यक्रमों को आगे लेकर बढ़ाने की कोशिश करूंगा।

घटना के 7 दिन बाद विधायक मीडिया से मुखातिब हुए। यह घटना तब चर्चा में आई जब अर्बन कोआपरेटिव चुनाव के दौरान पूर्व अध्यक्ष अर्बन कॉपरेटिव बैंक पुष्पा सिंह के पति अवधेश सिंह ने सार्वजनिक रूप से के विधायक योगेश वर्मा को थप्पड़ मारा था।

# हार्दिक श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाई गई आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जयंती

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**




बुधवार को विद्यालय 'सनातन धर्म सरस्वती विद्या मन्दिर बालिका इंटर कॉलेज, मिश्राना, लखीमपुर खीरी में महर्षि वाल्मीकि जयन्ती हार्दिक श्रद्धा एवं उल्लास से युक्त वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथि के रूप में पधारे विद्यालय की छात्रा बहनों के अभिभावकगण शिवम वाल्मीकि एवं शालिग्राम वाल्मीकि जी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती की वन्दना द्वारा हुआ। तत्पश्चात अतिथिगणों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम की प्रेरक अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने की। इस अवसर पर मुख्य विषय का प्रतिपादन करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता राजेश दीक्षित ने कहा कि भगवान राम एवं महर्षि वाल्मीकि के मध्य परस्पर सहयोग, समन्वय, सद्भावना का ताना-बाना कभी टूटने या बिखरने न पाए,यही उनके प्रति वास्तविक श्रद्धांजलि होगी। सामाजिक समरसता, राष्ट्रीय एकात्मता यही हमारे उपर्युक्त महापुरुषों का स्वप्न एवं संकल्प था। विद्यालय की आचार्या रिंकी पाण्डेय ने छात्राओं को महर्षि वाल्मीकि के व्यक्तित्व के बारे में विस्तार से बताया।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य/आचार्याओं के मध्य महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर आधारित एक लिखित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान - आचार्या रश्मि दीक्षित, विभा गुप्ता, रूचि तिवारी, पुस्तलयाध्यक्ष निधि शुक्ला, द्वितीय स्थान- आचार्या डा0 सीमा मिश्रा, शिवम शर्मा, राखी मिश्रा, तृतीय स्थान- आचार्या निधि सिंह, प्रीती अग्रवाल, निधि शुक्ला, रेखा गुप्ता, अनुश्री अग्रवाल, शिवि गुप्ता, अनुराधा दुबे एवं कार्यालय सहायक दिलीप रस्तोगी ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन आचार्या अनुराधा दुबे द्वारा किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य शिप्रा बाजपेई ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पैगम्बर ए इस्लाम हज़रत मोहम्मद सलाहू अलैहि वसल्लम की शान में गुस्ताखी न काबिल ए बर्दाश्त

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी।** जमीयत उलमा ए हिंद लखीमपुर खीरी के जिला मीडिया इंचार्ज मौलाना साद एडवोकेट ने कहा कि बदजुबान यति नरसिंहानंद ने जो हमारे नबी की शान में गुस्ताखाना शब्द कहे हैं वो बिल्कुल भी बर्दाश्त करने के काबिल नहीं हैं हुकूमत को चाहिए ऐसे व्यक्ति पर केस चलाए और उसको तुरंत गिरफ्तार करके जेल की सलाखों के पीछे डाले क्योंकि ये करोड़ों मुसलमानों के दिलों को ठेस पहुंचाने वाली बात है मौलाना ने कहा कि हमारा मजहब तमाम धर्मों के जो मुकद्दस लोग हैं और दूसरे मजहब के लोग जिनकी पूजा करते हैं उनके बारे में गलत बोलने को मना किया गया है ताकि किसी की भावनाएं आहत न हों मौलाना ने आगे कहा कि ये एक बेहूदा व्यक्ति का बयान है सारे बिरादरान ए वतन की ये सोच नहीं है हम जिस मुल्क में रहते हैं जिनको राष्ट्रपिता मानते हैं महात्मा गांधी जी ने हज़रत मोहम्मद साहब को आज की इंसानियत के लिए आइडियल बताया है इस लिए मेरी तमाम मुसलमान भाइयों से अपील है

## ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में भड़कीं एएनएम

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर।** लहरपुर। ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में मंगलवार को एएनएम ने सीएचसी पर विरोध प्रदर्शन किया। सीएचसी अधीक्षक को ज्ञापन देकर फोटोयुक्त हाजिरी लगाने के आदेश को वापस लिए जाने की मांग की। चेतावनी दी आदेश को समय रहते निरस्त नहीं किया गया तो सभी एएनएम बुधवार से काम बंद कर देंगी। शासन ने सभी सब सेंटर पर तैनात एएनएम को अपनी उपस्थिति की फोटो अपलोड करने के आदेश दिए हैं। जिसके विरोध में भारी संख्या में एएनएम ने सीएचसी पर पहुंचकर ज्ञापन सीएचसी अधीक्षक डॉ. अरविंद वाजपेयी को दिया।

**उत्तर रेलवे**

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | MSS-LKO-LKO-MaChr-63-24-1 (Misc-Static-Services-Relaxation Chair) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 05.10.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 21.10.2024 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 21.10.2024 at 10:30 hrs. |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

3201/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में विकास भवन के गांधी सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में सबसे अधिक शिकायतें विद्युत विभाग आईं, जिसका अनुपालन आख्या उपलब्ध नहीं कराने पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता, विद्युत को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिया। डीएम ने किसान दिवस में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रत्येक किसान दिवस में स्वयं आयेंगे और किसानों की समस्याओं का अनुपालन समय से कराएंगे। इसमें यदि किसी भी अधिकारी द्वारा लापरवाही की जाती है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। साथ ही उन्होंने उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि इस बैठक में तहसील से भी किसी अधिकारी को बुलाया जाय। उप कृषि निदेशक सुभाष मौर्य ने उपस्थित कृषकों को गत माह में आयोजित किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों की अनुपालन आख्या से अवगत कराया गया। इसके बाद उन्होंने कृषि विभाग की लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस समय कृषि यंत्रीकरण योजना के अन्तर्गत कृषि यंत्रों की बुकिंग 23 अक्टूबर, 2024 तक होगी। इच्छुक किसान बुकिंग कराकर लाभ ले सकते है। इस समय विभाग में तोरिया/राई सरसों का मिनीकिट आया है, जिसका वितरण राजकीय कृषि भण्डारों के माध्यम से कराया जा रहा है तथा चना, मटर, मसूर का मिनी किट शीघ्र ही उपलब्ध हो जायेगा। साथ ही कृषकों को उन्होंने बताया कि 18 एवं 19 अक्टूबर, 2024 को एग्रोक्लाईमेटिक जोन स्तरीय विराट किसान मेला का आयोजन आचार्य नरेन्द्रदेव इण्टर कालेज, पथरदेवा में किया जायेगा जिसमें अधिक से अधिक किसान प्रतिभाग करें।



### शाक भाजी बीज हेतु पंजीकरण है शुरू

उद्यान विभाग प्रभारी जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि विभाग में शाक-भाजी में बीज के लिए पंजीकरण किया जा रहा है। इच्छुक किसान पंजीकरण कराकर सब्जी का बीज प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त विभाग में आलू का भी बीज प्राप्त होने वाला है। जनपद में खराब नलकूपों को ठीक कराने हेतु अधिशासी अभियन्ता, नलकूप द्वारा बताया गया कि विद्युत दोष से खराब 4 नलकूप को विद्युत विभाग 4 ट्रान्सफार्मर उपलब्ध कराने हेतु आश्वासन दिया गया है। इसके अलावा जिस भी नलकूप के खराब होने की सूचना मिलेगी उसे ठीक कराया जायेगा। नहर विभाग अधिशासी अभियन्ता, नहर द्वारा बताया गया कि नहरें रोस्टर के अनुसार चलायी जायेगी। इस समय नहरों में शिल्ट सफाई का कार्य हो रहा है। बैठक में उप कृषि निदेशक, जिला उद्यान अधिकारी, प्रभारी जिला कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, अधिशासी अभियन्ता, नहर, सहायक अभियंता, नलकूप, भूमि संरक्षण अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधिशासी अभियन्ता, विद्युत, अध्यक्ष, दुग्ध विभाग आदि विभागों के अधिकारी गण एवं श्री राघवेन्द्र प्रताप शाही, बड़े शाही, सत्याग्रहण सरोज, रमेश मिश्रा, प्रगतिशील किसान एवं अन्य कृषक गण किसान दिवस में उपस्थित थे।

### बीज खाद की जिले में नहीं होगी कमी

जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरकों की उपलब्धता के बारे में बताया कि रबी सीजन हेतु जनपद में डीएपी की रैक आ गयी है जिसको सभी समितियों पर भेजा रहा है। जिलाधिकारी ने कृषकों को बताया कि कि जनपद में उर्वरकों एवं बीजों की समीक्षा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा की जायेगी। जनपद में खाद एवं बीज की कमी नहीं होनी चाहिए। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी ने किसान दिवस में बताया कि विभाग में 10 गायों के पालन एवं 2 गायों के पालन की योजना भी संचालित है जिसमें 50 प्रतिशत अनुदान देय है। पशुधन बीमा योजना के अन्तर्गत सामान्य लाभार्थियों को 75 प्रतिशत छूट एवं अनुसूचित जाति के लाभार्थियों को 90 प्रतिशत छूट दिया जा रहा है इसलिए अधिक से अधिक किसान अपने पशुओं का बीमा करा लें। इसके अतिरिक्त किसान भाई किसान क्रेडिट कार्ड भी बनवा लें। जिलाधिकारी द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड समय से बनाने हेतु सभी बैंको को पत्र जारी करने के निर्देश दिये।

# डेढ़ सौ एकड़ में नई आवासीय टाउनशिप विकसित करेगा गीडा

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

गोरखपुर वासियों व आसपास के जिले के लोगों के लिए खुशखबरी है। गोरखपुर के कालेसर में आवासीय योजना की घोषणा के बाद गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण की ओर से लगभग 150 एकड़ क्षेत्रफल में नई आवासीय योजना विकसित करने की योजना बनाई गई है। जिसका लेआउट 25 अक्टूबर को होने वाली गीडा बोर्ड की बैठक में अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। योजना में श्रमिकों के लिए फ्लैट भी बनाए जाएंगे और बड़ी संख्या में आवासीय भूखंड भी उपलब्ध रहेंगे। यह शहर से नजदीक गीडा की सबसे बड़ी आवासीय योजना होगी। बाघागाड़ा से यहां पांच मिनट में पहुंच सकेंगे।गीडा की ओर से लंबे समय बाद कालेसर में आवासीय योजना लांच की गई है। यहां भूखंड तैयार किए जा रहे हैं और जल्द ही आवंटन भी शुरू हो जाएगा। यहां लगभग 320 भूखंड उपलब्ध होंगे। चकभोप में विकसित होने वाली टाउनशिप इससे बड़ी होगी।



### 25 अक्टूबर को होगी बोर्ड की बैठक

गीडा सीईओ अनुज मलिक ने बताया कि गीडा की ओर से एक नई आवासीय टाउनशिप विकसित करने की योजना है। चकभोप में लगभग 150 एकड़ में यह विकसित की जाएगी। इसका लेआउट अनुमोदन के लिए बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। गीडा बोर्ड की बैठक 25 अक्टूबर को होगी।

**-अनुज मलिक, गीडा सीईओ**

### बोर्ड बैठक में होंगे कई महत्वपूर्ण निर्णय

गीडा बोर्ड की बैठक 25 अक्टूबर को होगी। इस बार की बैठक काफी महत्वपूर्ण होने जा रही है। इसमें कई निर्णय लिए जाएंगे। फ्लैटेड फैक्ट्री (बहुमंजिला इमारत जिसमें रेडीमेड गारमेंट की इकाइयां स्थापित हो सकेंगी) के आवंटन को लेकर निर्णय लिया जाएगा। धुरियापार की महायोजना के प्रारूप को स्वीकृति के लिए बोर्ड बैठक में रखने की योजना है। इसके साथ ही नई टाउनशिप के लेआउट को भी मंजूरी दी जाएगी। बैठक की तिथि तय होने के बाद इसमें शामिल किए जाने वाले बिन्दुओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। बोर्ड बैठक से पहले उद्यमियों के संगठन के साथ बैठक कर कई बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

# सड़क हुई गढ्ढे में तब्दील, पुनर्निर्माण हेतु ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

विकास खण्ड विशुनपुरा क्षेत्र के गांव धौरहरा के ग्रामीणों ने बुधवार को करीब 25 वर्ष पहले बनी खड़ंजा सड़क टूट कर गढ़े में तब्दील हों जाने तथा जलजमाव की स्थित बराबर बनी रहने की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन कर तत्काल सड़क बनवाने का मांग किया। चेतावनी दिया की सड़क एक माह में नहीं बनी तो बड़ा आंदोलन की जायेगा। विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों बताया कि खिरकिया - बबुईया मेन रोड से निकल कर आबादकारी चौहान टोला को जोड़ने वाली मेन सड़क पर करीब 25 वर्ष पहले खड़ंजा कराया गया था। जो करीब पंद्रह वर्षो से टूट कर गढ्ढे में तब्दील हों गईं है। जिससे बरसात के दिनों में भारी जलजमाव की स्थित बनी रहती है। पांच किलोमीटर से अधिक दुरी तय कर गांव आना जाना पड़ता है जिसकी शिकायत ग्राम प्रधान से लेकर हर जनप्रतिनिधियों से किया गया है। लेकिन कोई सुनवाई नही होता है। ग्रामीणों जिला प्रशासन को ने चेतावनी देते हुए कहा कि एक माह के अंदर यदि सड़क नही बनी तो ग्रामीण अमरण अनशन को बाध्य होंगे। प्रदर्शन में मुख्य रूप से अशोक चौहान, विनोद चौहान, धर्मेन्द्र चौहान, बिल्डर चौहान, रामायण, सुभावती देवी, सरस्वती देवी, मीना देवी, रमावती देवी, माला देवी, रामअशीष, राकृष्ण, रामाशंकर सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।



# लेखपाल की एक गलती से ढाई गुना कम हो गई 600 किसानों की जमीन, सही कराने के लिए 14 साल से मिल रही तारीख पर तारीख

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

राजस्व कर्मी की एक गलती के कारण सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम धसकी के 600 किसान 14 साल से अधिकारियों के यहां चक्कर लगाने को मजबूर हैं। इन किसानों की जमीन लगभग ढाई गुणा कम हो गई है। गांव में बाढ़ खंड की ओर से बांध बनाया जाना है लेकिन अंश निर्धारण नहीं हो पा रहा है। तहसील प्रशासन की ओर से बनाई गई समिति की जांच में भी यह गलती सामने आयी है लेकिन किसानों को राहत नहीं मिल पायी है।

### बिना किसी सरकारी आदेश के लेखपाल ने गांव का नक्शे में किया संसोधन

ग्रामीणों का कहना है कि 14 साल पहले गांव के तत्कालीन लेखपाल लव कुमार सिंह ने बिना किसी विभागीय आदेश या नक्शा संशोधन के सभी काश्तकारों के जमीन का रकबा कागज में ढाई गुणा कम कर दिया। फसली वर्ष 1408 से 1413 तक जो रकबा खतौनी में दर्ज था। लेकिन इसके बाद के सभी फसली वर्ष में बनी खतौनियों में उससे कम रकबा दर्ज होने लगा। किसानों का कहना है कि इस गलती के कारण उन्हें सिंचाई विभाग से मुआवजा नहीं मिल पा रहा है।

### बोले एसडीएम सदर, जांच समिति गठित कर किया जाएगा मामले का निस्तारण

प्रकरण के सम्बन्ध में पूछे जाने पर एसडीएम सदर गोरखपुर ने कि मामला संज्ञान में हैं इस संबंध में एक जांच समिति गठित कर प्रकरण की जांच कराकर निस्तारण कराया जाएगा।




### राजस्व परिषद अध्यक्ष से मिले प्रभावित काश्तकार

काश्तकार आशुतोष पांडेय ने बताया कि प्रभावित काश्तकारों का प्रतिनिधि मंडल इस समस्या को लेकर बुधवार को राजस्व परिषद के अध्यक्ष से मिलकर ज्ञापन सौंपा और इस समस्या का निराकरण कराने की मांग की।

### केवल वादी को मिली राहत

ग्रामीण आशुतोष पांडेय उर्फ राजन का कहना है कि काश्तकार इस मामले में पूर्व एसडीएम सदर नेहा बंधु से मिले थे। उनकी ओर से जांच कराने की बात कही गई। एक वाद दाखिल कराने को कहा गया और यह आश्वासन दिया गया कि उसी आदेश में सबको समाहित कर दिया जाएगा। उनके स्थानांतरण के बाद वर्तमान एसडीएम सदर को भी मामले की जानकारी दी गई। समिति बनाकर जांच कराई गई। उसमें राजस्व विभाग की गलती मिली लेकिन आदेश केवल वादी के ही मामले में किया गया। बाकी काश्तकारों को छोड़ दिया गया है।

### यक्ष प्रश्न

राजस्व विभाग के जिम्मेदारों की बेपरवाही से भूस्वामियों को हो रही परेशानी से कब मिलेगा छुटकारा, भ्रष्टाचार में डूबे लेखपालों पर कब होगी कार्रवाई।

## तुर्कपट्टी पुलिस ने एक वारण्टी को किया गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । फाजिलनगर, कुशीनगर**

जनपद में वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को तुर्कपट्टी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गौ तस्करी पशु क्रूरता से संबंधित एक फरार वारंटी को गिरफ्तार किया। जिसे न्यायालय के समक्ष पेश कर उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देश पर वारंटियों के प्रति विशेष अभियान चलाया जा रहा है, इसी के तहत तुर्कपट्टी पुलिस ने पशु क्रूरता अपराध में फरार चल रहा वारण्टी अभियुक्त लक्ष्मी मद्धेशिया पुत्र चौथु मद्धेशिया निवासी धुरिया थाना सेवरही को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया।

# अश्रुपूरित नेत्रों से पूर्व प्रमुख को दी गई श्रद्धांजलि

- **असहज व्यक्तित्व की महिला थीं पूर्व प्रमुख मंजू सिंह--- रामप्रकाश सिंह**

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

फरेन्दा क्षेत्र पंचायत फरेंदा अन्तर्गत ग्राम सभा परसिया बुजुर्ग निवासी पूर्व ब्लाक प्रमुख व प्रमुख संघ जिलाध्यक्ष रामप्रकाश सिंह ने आज बुधवार को अपनी धर्मपत्नी पूर्व प्रमुख स्व0 मंजू सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि पूजन अर्चन वन्दन करने के पश्चात उनके चित्र पर माल्यार्पण कर अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धाजंलि दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि पूर्व ब्लाक प्रमुख स्व0 मंजू सिंह असहज महिला थी आज हमारे बीच उनका स्मृति शेष है। अंत में उन्होंन गरीब असहाय महिलाओं को अंग वस्त्र देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी क्रम में क्षेत्र पंचायत फरेंदा की प्रमुख मनीषा देवी ने भी पूर्व प्रमुख स्व 0मंजू सिंह के चित्र के ऊपर श्रद्धा सुमन अर्पित कर विनम्रता पूर्वक श्रद्धांजलि दी और उनके विकास कार्यों को सराहा। आयोजित पुण्य तिथि में ग्राम प्रधान,क्षेत्र पंचायत सदस्य, विभिन्न दलों के राजनीतिज्ञ, व्यवसायी, अधिकारी --कर्मचारी, इष्ट -मित्र एवं बधु बांधव सम्मिलित होकर पूर्व प्रमुख स्व 0,मंजू सिंह के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भाव पूर्ण श्रद्धांजलि दी। आयोजित श्रद्धांजलि सभा में खंड विकास अधिकारी केके शुक्ल, रघुनाथ सिंह, शिवराम सिंह, राजाराम सिंह, अनिल शाही, रिंकू सिंह, अभय शाही, अम्बुज शाही, पूर्व चेयरमैन जयप्रकाश लाल श्रीवास्तव, पूर्व चेयरमैन विनोद गुप्ता, कांग्रेस के पीसीसी सदस्य विजय सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष रामप्रताप यादव, स्टेनली खान, अजय श्रीवास्तव, रामफेर त्रिपाठी, दिलीप चौधरी, शिवप्रकाश यादव, देवीशरन दूबे, विभूति पाण्डेय, गोपाल बांग्ला, पूर्व प्रधानाचार्य सभापति चौबे, पूर्व प्रधानाचार्य सुबेदार यादव, सहायक विकास अधिकारी रामकृष्ण प्रसाद, सुरेन्द्र पाण्डेय, हरेंद्र दूबे, रामजी गुप्ता, निर्भय सिंह रामसेवक सिंह, कृष्ण मोहन सिंह, जाकिर अली, धर्मराज दूबे, अमित शाही, प्रबंधक सुधेश मोहन श्रीवास्तव, रविन्द्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार विशुनदेव त्रिपाठी, दिनेश चन्द्रा, लालदेव, दिनेश यादव, इम्तियाज, दुर्गेश सिंह, शौकत अली, गणेश केशरी, डॉ रामनारायन चौरसिया, अंतरराष्ट्रीय पत्रकार यशोदा श्रीवास्तव, रामप्यारे प्रसाद, रमेश सैनी, गोलू पासवान, सर्वेश, विवेक, प्रदीप दूबे, व सीपी सिंह सहित क्षेत्र की सम्मानित जनता मौजूद रही।



# एसएसपी ने किया जंगल कौड़िया चौकी का उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । पीपीगंज**

थानाक्षेत्र अंतर्गत जंगल कौड़िया चौकी का उद्घाटन एसएसपी डॉक्टर गौरव ग्रोवर द्वारा किया गया इस दौरान एसपी नार्थ, सीओ, एसओ, चौकी इंचार्ज सहित ब्लॉक प्रमुख जंगल कौड़िया बृजेश यादव उपस्थित रहे।

पीपीगंज थाना अंतर्गत जंगल कौड़िया चौकी का उद्घाटन बुधवार को एसएसपी डॉक्टर गौरव ग्रोवर द्वारा फीता काटकर व पूजा, हवन कर किया गया। बताते चलें कि गोरखपुर-सोनौली फोरलेन सड़क निर्माण होने से जंगल कौड़िया पुलिस चौकी पूरी तरह उससे प्रभावित हो रही थी जिसको लेकर उसके बगल मे ग्राम पंचायत से राजस्व व ग्राम प्रधान रामचंदर सिंह के सहयोग से जमीन चिन्हित कर जमीन खाली कराने के बाद फोरलेन निर्माण करा रही कार्यदाई संस्था ने पुलिस चौकी का निर्माण कराकर उसे पुलिस को सौप दिया जिसके उपरांत बुधवार को चौकी का उद्घाटन किया गया।

उद्घाटन के उपरांत एसएसपी ने चौकी के मुख्य गेट पर मौल श्री पौध का रोपण किया जिसे. रवि प्रताप सिंह शिक्षक द्वारा उपहार स्वरुप दिया गया था। इस दौरान एसपी नार्थ जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, सीओ कैंम्पियरगंज गौरव त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख बृजेश यादव, एसओ अरविन्द कुमार सिंह, चौकी इंचार्ज प्रवीण कुमार सिंह, विपिन सिंह, शत्रुघ्न सिंह फ़ौजी, हरिकेश यादव आदि उपस्थित रहे।



## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्याय पंचायत भिसवा विकास खंड कप्तानगंज के ग्राम पंचायतों से मछुआ समुदाय की प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड, ग्राम मंसूरगंज विकास खंड कप्तानगंज जिला कुशीनगर के गठन हेतु आवश्यक बैठक आज दिनांक 17 अक्टूबर 2024 समय 12 बजे दिन में ज्ञानोदय इंटर कॉलेज मंसूरगंज पर की जाएगी। जिसमें ग्राम पंचायतों के प्रधान एवं समिति सदस्यता हेतु इच्छुक एवं पात्र व्यक्ति भाग ले सकते हैं।

**- मुख्य प्रवर्तक**
**प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड**
**ग्राम मंसूर गंज**
**पोस्ट मंसूरगंज**
**विकास खंड कप्तानगंज जिला कुशीनगर**

# ग्राम प्रधान की एसडीएम से गुहार: नवीन परती की जमीन पर कब्जा रोकने की किया मांग

**जन एक्सप्रेस । चौरीचौरा**

झंगहा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा विश्वनाथपुर में नवीन परती की जमीन को लेकर विवाद गहरा गया है। ग्राम प्रधान ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि संदीप मौर्य ने सागौन के पेड़ काटकर उठा ले गए और जमीन पर कब्जा करने की नीयत से गड्ढा खोदा है।

ग्राम प्रधान का कहना है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो एक महिला ने उनके खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज करा दिया। गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान के समर्थन में खड़े होकर कहा कि इस मामले में ग्राम प्रधान की कोई गलती नहीं है। उपजिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी झंगहा और हल्का लेखपाल को जांच करने और विधिक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। ग्रामीण इस कार्रवाई को जल्द से जल्द निष्पक्षता से संपन्न कराने की मांग कर रहे हैं।ग्राम सभा में चल रहे इस विवाद ने स्थानीय लोगों के बीच चिंता बढ़ा दी है, और सभी की नजरें प्रशासनिक कार्रवाई पर हैं।



## इनर व्हील क्लब ने वृद्धा आश्रम में वितरित किया दैनिक उपयोग के सामान

**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** इनर व्हील क्लब ऑफ़ गोरखपुर द्वारा गोकुलधाम स्थित वृद्धा आश्रम में सेवा कार्य किया। क्लब के सदस्यों ने वृद्धजनों को मैक्सी , बनियान , मंजन, साबुन, ब्रश तेल , गमछा ,बिस्किट , सहित अन्य दैनिक उपयोग में आने वाले और भी सामान भेंट किया। आश्रम में रहने वाले वृद्धजन को इनर व्हील क्लब ऑफ़ गोरखपुर की प्रेसिडेंट कविता ने अपने सेवा भाव से साफ सफाई ,पेड़ पौधे की देखरेख, भजन कीर्तन आदि प्रेम भाव से प्रतिदिन करने को बताया तथा उन्होंने वृद्धजनों को स्वरोजगार के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि यहां पर रहकर कुछ काम कर सकते हैं जैसे पापड़, चिप्स ,नमकीन जैसे उत्पाद बनाकर अपना जीवन यापन भी कर सकते हैं।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम में चौपाल लगा कर समूह लोन के प्रति किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । पनियरा महाराजगंज**

पनियरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा नरकटहा मे बुधवार को मिशन शक्ति के तहत थाने की पुलिस टीम ने चौपाल लगा कर महिला सशक्तिकरण के तहत जागरूक किया गया साथ ही महिलाओं को समूह लोन के बारे में भी जानकारी दी गई।

चौकी इंचार्ज गांगी विजय कुमार ने बताया कि आपातकाल में हेल्प लाइन नंबरों 112, 1076, 108, 102, 181, 1098, 1090 का प्रयोग करें। मिशन-शक्ति के तहत प्रत्येक थानों पर महिला हेल्प डेस्क की स्थापना की गई है। जहां बालिकाएं व महिलाएं बेहिचक अपनी समस्या व शिकायत दर्ज करा सकती है। मौजूद लोगों को समूह लोन माफी के बारे में बताया कि कोई लोन माफी नहीं हुई है अराजक तत्वों द्वारा अफवाह फैलाया गया है। माफी के लिए महिलाएं जहां तहां भटक रही हैं। जिसमें पैसा व समय दोनों बर्बाद हो रहा है। इस अवसर पर महिला कांस्टेबल रश्मि राय हेड कांस्टेबल शेषनाथ सिंह कांस्टेबल अभय नारायण राय ग्राम प्रधान गायत्री देवी प्रधान प्रतिनिधि रामाशीष यादव पंचायत सहायक अनुपमा सचिव सुनील कुमार गौड़ सहित अन्य मौजूद रहे।



# त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2024

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:00 | सप्ताह में तीन दिन | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 02251 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | गुरुवार, शनिवार, सोमवार | 31.10.24 से 07.11.24 |
| 02270 | लखनऊ (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 6 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 25.10.24 से 08.11.24 |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ | 06:30 | | मंगलवार को छोड़कर | 25.10.24 से 08.11.24 |
| 02248 | नई दिल्ली (तेजस त्यौहार विशेष) | 08:25 | पटना जं | 20:30 | सप्ताह में तीन दिन | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 29.10.24 से 05.11.24 |
| 02247 | पटना जं | 07:30 | नई दिल्ली | 19:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 30.10.24 से 06.11.24 |
| 04052 | नई दिल्ली | 14:20 | जयनगर | 15:40 | तिथि वार | शनि, मंगल, शुक्र, सोम | 26, 29.10.24, 01 एवं 04.11.24 |
| 04051 | जयनगर | 18:00 | नई दिल्ली | 18:50 | | रवि, बुध, शनि, मंगल | 27, 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04054 | नई दिल्ली | 14:20 | बरौनी जं | 11:00 | तिथि वार | रवि, बुध, शनि, मंगल | 27, 30.10.24, 02 एवं 05.11.24 |
| 04053 | बरौनी जं | 12:30 | नई दिल्ली | 09:10 | | सोम, गुरू, रवि, बुध | 28, 31.10.24, 03 एवं 06.11.24 |
| 02250 | दिल्ली जं | 23:55 | पटना जं | 16:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 24.10.24 & 31.10.24 |
| 02249 | पटना जं | 17:50 | दिल्ली जं | 11:00 | | शुक्रवार | 25.10.24 & 01.11.24 |
| 04075 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 17.11.24 तक |
| 04076 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | गुरूवार, सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04498 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:30 | बलिया | 13:30 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04497 | बलिया | 18:40 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:25 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 04022 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:40 | सीतामढ़ी | 15:45 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 04021 | सीतामढ़ी | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 18:05 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04032 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:15 | सहरसा जं | 10:30 | सप्ताह में पांच दिन | सोम, मंगल, गुरू, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04031 | सहरसा जं | 13:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:10 | | सोम, मंगल, बुध, शुक्र, रवि | 01.12.24 तक |
| 04624 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:45 | वाराणसी जं | 23:55 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04623 | वाराणसी जं | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04080 | दिल्ली जं | 19:30 | वाराणसी जं | 09:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, गुरुवार, शनिवार | 24.10.24 से 16.11.24 |
| 04079 | वाराणसी जं | 18:25 | दिल्ली जं | 08:50 | | मंगलवार, शुक्रवार, रविवार | 25.10.24 से 17.11.24 |
| 04530 | बठिण्डा जं | 20:50 | वाराणसी जं | 17:30 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04529 | वाराणसी जं | 20:40 | बठिण्डा जं | 17:00 | | मंगलवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04096 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 18.11.24 तक |
| 04095 | अयोध्या कैंट | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 22:30 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 19.11.24 तक |
| 04518 | चण्डीगढ़ | 23:15 | गोरखपुर | 18:20 | साप्ताहिक | गुरूवार | 24.10.24 से 14.11.24 |
| 04519 | गोरखपुर | 22:05 | चण्डीगढ़ | 14:10 | | शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04060 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:30 | जयनगर | 15:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04059 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 19:55 | | बुधवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04068 | दिल्ली जं | 19:30 | दरभंगा जं | 16:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04067 | दरभंगा जं | 18:00 | दिल्ली जं | 16:35 | | बुधवार, शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04044 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | गोरखपुर | 14:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 26.10.24 से 26.11.24 |
| 04043 | गोरखपुर | 17:25 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:40 | | रविवार, बुधवार | 27.10.24 से 27.11.24 |
| 04217 | वाराणसी जं | 06:25 | लखनऊ जं | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.11.24 तक |
| 04218 | लखनऊ जं | 16:30 | वाराणसी जं | 21:50 | | | 22.11.24 तक |
| 04010 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | जोगबनी | 05:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 29.10.24 से 12.11.24 |
| 04009 | जोगबनी | 09:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 16:05 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 04678 | फिरोजपुर कैंट जं | 13:25 | पटना जं | 17:00 | साप्ताहिक | बुधवार, | 13.11.24 तक |
| 04677 | पटना जं | 18:45 | फिरोजपुर कैंट जं | 22:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04211 | वाराणसी जं | 14:50 | चण्डीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.10.24 से 16.11.24 |
| 04212 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं | 01:20 | | रविवार | 27.10.24 से 17.11.24 |
| 04553 | सहारनपुर | 04:40 | अम्बाला कैंट जं | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.24 तक |
| 04554 | अम्बाला कैंट जं | 20:20 | सहारनपुर | 22:30 | | | 30.11.24 तक |
| 04682 | जम्मू तवी | 23:20 | कोलकाता | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 14.11.24 तक |
| 04681 | कोलकाता | 23:45 | जम्मू तवी | 12:30 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04078 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:55 | पटना जं | 16:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04077 | पटना जं | 17:50 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:00 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04646 | जम्मू तवी | 05:45 | बरौनी जं | 12:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04645 | बरौनी जं | 15:15 | जम्मू तवी | 22:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04038 | दिल्ली जं | 19:10 | आजमगढ़ | 11:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.10.24 से 17.11.24 |
| 04037 | आजमगढ़ | 13:30 | दिल्ली जं | 06:10 | | सोमवार | 28.10.24 से 18.11.24 |
| 04312 | हरिद्वार जं | 12:30 | हावड़ा जं | 17:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04311 | हावड़ा जं | 19:00 | हरिद्वार जं | 23:30 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04314 | हरिद्वार जं | 12:30 | मुज़फ्फरपुर जं | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 04313 | मुज़फ्फरपुर जं | 09:00 | हरिद्वार जं | 05:30 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04058 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:15 | मुज़फ्फरपुर जं | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, गुरूवार | 24.10.24 से 14.11.24 |
| 04057 | मुज़फ्फरपुर जं | 23:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:30 | | मंगलवार, शुक्रवार | 25.10.24 से 15.11.24 |
| 04062 | आनंद विहार टर्मिनल | 09:00 | बरौनी जं | 06:30 | साप्ताहिक | रविवार | 17.11.24 तक |
| 04061 | बरौनी जं | 08:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:10 | | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 02246 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 23:55 | पटना जं | 16:40 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02245 | पटना जं | 17:50 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 10:50 | | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04526 | सरहिंद जं | 11:25 | सहरसा जं | 17:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 18.11.24 तक |
| 04525 | सहरसा जं | 19:15 | अम्बाला कैंट जं | 22:20 | | मंगलवार | 19.11.24 तक |
| 04006 | दिल्ली जं | 23:05 | जयनगर | 23:45 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04005 | जयनगर | 01:30 | दिल्ली जं | 01:30 | | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 04048 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:20 | कठिहार जं | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 26.11.24 तक |
| 04047 | कठिहार जं | 18:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:50 | | बुधवार, शनिवार | 27.11.24 तक |
| 04070 | नई दिल्ली | 00:20 | राजगीर | 21:00 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 04069 | राजगीर | 22:50 | नई दिल्ली | 23:10 | | रविवार, बुधवार | 30.11.24 तक |
| 02262 | नई दिल्ली | 00:20 | दरभंगा | 21:15 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 02261 | दरभंगा जं | 23:20 | नई दिल्ली | 20:15 | | बुधवार, रविवार | 27.11.24 तक |
| 04223 | टाटानगर जं | 11:00 | लखनऊ जं | 04:55 | तिथि वार | गुरूवार | 17.10.24 |
| 04226 | लखनऊ जं | 15:40 | टाटानगर जं | 09:10 | तिथि वार | रविवार | 20.10.24 |
| 04225 | टाटानगर जं | 11:00 | लखनऊ जं | 04:55 | | सोमवार | 21.10.24 |

## उत्तर रेलवे नेटवर्क से होकर गुजरने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03575 | आसनसोल जं | 10:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 03576 | आनंद विहार टर्मिनल | 10:15 | आसनसोल जं | 10:20 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 14:10 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03436 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 03255 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 03256 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | सोमवार, शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02391 | पटना जं | 22:20 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.24 तक |
| 02392 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:20 | पटना जं | 17:20 | | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 03258 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं | 13:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 06:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05220 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:00 | मुजफ्फरपुर जं | 00:45 | | | 01.01.25 तक |
| 05109 | छपरा | 17:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 11:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05110 | आनंद विहार टर्मिनल | 12:55 | छपरा | 06:45 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05023 | गोरखपुर | 21:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 13:15 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 05024 | आनंद विहार टर्मिनल | 15:15 | गोरखपुर | 04:45 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 05301 | मऊ जं | 04:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 20:30 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05302 | आनंद विहार टर्मिनल | 00:25 | मऊ जं | 17:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05005 | गोरखपुर | 14:40 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05006 | अमृतसर जं | 12:45 | गोरखपुर | 08:50 | | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05049 | छपरा | 09:55 | अमृतसर जं | 09:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05050 | अमृतसर जं | 12:45 | छपरा | 14:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 02525 | कामाख्या | 22:45 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 02526 | आनंद विहार टर्मिनल | 17:20 | कामाख्या | 03:40 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05671 | गुवाहाटी | 15:00 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05672 | आनंद विहार टर्मिनल | 23:45 | गुवाहाटी | 14:15 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05734 | कटिहार जं | 11:40 | अमृतसर जं | 00:10 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05733 | अमृतसर जं | 04:25 | कटिहार जं | 15:00 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03413 | मालदा टाउन | 07:10 | नई दिल्ली | 07:30 | सप्ताह में दो दिन | गुरूवार, रविवार | 28.11.24 तक |
| 03414 | नई दिल्ली | 10:30 | मालदा टाउन | 07:55 | | शुक्रवार, सोमवार | 29.11.24 तक |
| 03483 | भागलपुर | 11:00 | नई दिल्ली | 07:10 | सप्ताह में दो दिन | शनिवार, मंगलवार | 30.11.24 तक |
| 03484 | नई दिल्ली | 10:30 | भागलपुर | 04:10 | | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05565 | सहरसा जं | 19:30 | सरहिंद जं | 00:05 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 से 26.12.24 |
| 05566 | सरहिंद जं | 02:00 | सहरसा जं | 09:45 | | शनिवार | 16.11.24 से 28.12.24 |
| 03107 | सियालदह | 00:10 | लखनऊ जं | 00:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03108 | लखनऊ जं | 01:40 | सियालदह | 23:50 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09657 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 15:00 | बढ़नी | 13:25 | साप्ताहिक | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 09658 | बढ़नी (वाया बाराबंकी जं) | 19:15 | दौराई (वाया बाराबंकी जं) | 19:20 | | रविवार | 17.11.24 तक |
| 03423 | भागलपुर | 13:55 | हरिद्वार जं | 17:55 | साप्ताहिक | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 03424 | हरिद्वार जं | 19:55 | भागलपुर | 21:20 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05736 | कटिहार जं | 21:00 | अमृतसर जं | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05735 | अमृतसर जं | 13:25 | कटिहार जं | 23:45 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05047 | बनारस | 22:00 | गाजियाबाद | 11:45 | साप्ताहिक | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 05048 | गाजियाबाद | 12:35 | बनारस | 05:35 | | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 02397 | गया जं | 14:15 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:10 | सप्ताह में 6 दिन | शनिवार को छोड़कर | 15.11.24 तक |
| 02398 | आनंद विहार टर्मिनल | 08:20 | गया जं | 00:30 | | रविवार को छोड़कर | 16.11.24 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं | 06:30 | आनंद विहार टर्मिनल | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 21.10.24 तक |
| 05284 | आनंद विहार टर्मिनल | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं | 04:50 | | | 22.10.24 तक |
| 02393 | पटना जं | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.10.24 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | पटना जं | 07:00 | | शुक्रवार को छोड़कर | 31.10.24 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं | 14:30 | हजरत निजामुद्दीन | 11:10 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 27.11.24 तक |
| 04124 | हजरत निजामुद्दीन | 15:50 | प्रयागराज जं | 09:00 | | सोमवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 22:10 | साप्ताहिक | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 05194 | शहीद कैप्टन तुषार महाजन | 00:05 | छपरा | 08:00 | | सोमवार | 25.11.24 तक |
| 02417 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02418 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शनिवार | 16.11.24 तक |
| 04145 | प्रयागराज जं | 21:30 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 04146 | दिल्ली जं | 09:30 | प्रयागराज जं | 19:45 | | शुक्रवार | 15.11.24 तक |
| 02421 | सूबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं | 08:55 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 02422 | दिल्ली जं | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:40 | | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 03309 | धनबाद जं | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:25 | धनबाद जं | 14:00 | | बुधवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 09195 | वडोदरा जं (वाया वाराणसी जं) | 19:00 | मऊ जं | 20:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09196 | मऊ जं (वाया वाराणसी जं) | 23:15 | वडोदरा जं | 00:45 | | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09417 | अहमदाबाद जं (वाया वाराणसी जं) | 09:10 | दानापुर | 20:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09418 | दानापुर (वाया वाराणसी जं) | 23:50 | अहमदाबाद जं | 11:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09405 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 18:10 | पटना जं | 02:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09406 | पटना जं (वाया लखनऊ) | 05:00 | साबरमती | 13:30 | | गुरूवार | 02.01.25 तक |
| 09525 | हापा (वाया वाराणसी जं) | 00:40 | नाहरलगुन | 16:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09526 | नाहरलगुन (वाया वाराणसी जं) | 10:00 | हापा | 00:30 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 22:50 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 09184 | बनारस (वाया लखनऊ) | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09189 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | कटिहार जं | 07:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09190 | कटिहार जं (वाया लखनऊ) | 00:15 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09111 | वडोदरा जं (वाया लखनऊ) | 19:00 | गोरखपुर | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09041 | उधना जं (सूरत) | 11:15 | छपरा (वाया लखनऊ) | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09042 | छपरा (वाया लखनऊ) | 23:00 | उधना जं (सूरत) | 07:30 | | सोमवार | 30.12.24 तक |
| 04815 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | रविवार | 24.11.24 तक |
| 04816 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | मंगलवार | 26.11.24 तक |
| 04823 | जोधपुर जं (वाया लखनऊ) | 17:30 | मऊ जं | 23:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 04824 | मऊ जं (वाया लखनऊ) | 04:00 | जोधपुर जं | 08:55 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 04137 | ग्वालियर जं (वाया लखनऊ) | 07:10 | बरौनी जं | 08:00 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बुधवार | 29.12.24 तक |
| 04138 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 09:30 | ग्वालियर जं | 10:20 | | सोमवार, गुरूवार | 30.12.24 तक |
| 09145 | मुंबई सेंट्रल (वाया लखनऊ) | 10:30 | बरौनी जं | 04:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 11.11.24 तक |
| 09146 | बरौनी जं (वाया लखनऊ) | 01:00 | मुंबई सेंट्रल | 18:40 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 09043 | बांद्रा टर्मिनस (वाया लखनऊ) | 00:05 | गोरखपुर | 09:30 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09044 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 13:00 | बांद्रा टर्मिनस | 22:30 | | सोमवार, बुधवार | 01.01.25 तक |
| 07651 | जालना (वाया वाराणसी जं) | 23:30 | छपरा | 05:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.12.24 तक |
| 07652 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | जालना | 04:00 | | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 05069 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 13:15 | पनवेल | 22:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 05070 | पनवेल (वाया वाराणसी जं) | 23:20 | छपरा | 11:35 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05325 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 05326 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 10:25 | गोरखपुर | 18:00 | | गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 01123 | लोकमान्यतिलक (वाया लखनऊ) | 12:15 | गोरखपुर | 18:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 25.10.24 से 03.11.24 |
| 01124 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:15 | लोकमान्यतिलक | 07:25 | | शनिवार, सोमवार | 26.10.24 से 04.11.24 |
| 01431 | पुणे (वाया लखनऊ) | 16:15 | गोरखपुर | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 25.10.24 से 01.11.24 |
| 01432 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 23:25 | पुणे | 06:25 | | शनिवार | 26.10.24 से 02.11.24 |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 22:30 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.10.24 से 11.11.24 |
| 01080 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 00:40 | | | 24.10.24 से 13.11.24 |
| 01415 | पुणे (वाया लखनऊ) | 06:50 | गोरखपुर | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 22.10.24 से 11.11.24 |
| 01416 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 17:30 | पुणे | 03:15 | | | 23.10.24 से 12.11.24 |
| 01207 | नागपुर (वाया बाराबंकी) | 10:40 | समस्तीपुर जं | 23:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 30.10.24 से 13.11.24 |
| 01208 | समस्तीपुर जं (वाया बाराबंकी) | 07:00 | नागपुर | 21:30 | | गुरूवार | 31.10.24 से 14.11.24 |
| 05636 | गुवाहाटी (वाया लखनऊ) | 18:15 | श्रीगंगानगर | 03:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 05637 | श्रीगंगानगर (वाया लखनऊ) | 13:20 | गुवाहाटी | 00:25 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 05537 | दरभंगा जं (वाया शाहजहांपुर) | 13:15 | दौराई | 22:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 09.11.24 से 28.12.24 |
| 05538 | दौराई (वाया शाहजहांपुर) | 23:45 | दरभंगा जं | 06:50 | | रविवार | 10.11.24 से 29.12.24 |
| 04195 | आगरा कैंट (वाया लखनऊ) | 05:00 | फारबिसगंज जं | 15:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 22.11.24 तक |
| 04196 | फारबिसगंज जं (वाया लखनऊ) | 18:40 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 23.11.24 तक |
| 09061 | उधना जं (सूरत) | 22:00 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 06:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 06.11.24 तक |
| 09062 | गाजीपुर शहर (वाया लखनऊ) | 09:30 | उधना जं (सूरत) | 18:00 | | शुक्रवार | 08.11.24 तक |
| 04829 | जोधपुर जं (वाया दिल्ली) | 16:15 | गोरखपुर | 20:50 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04830 | गोरखपुर (वाया दिल्ली) | 23:25 | जोधपुर जं | 04:00 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01025 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | बलिया | 01:45 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 30.12.24 तक |
| 01026 | बलिया (वाया वाराणसी जं) | 15:15 | दादर | 03:35 | | बुधवार, शुक्रवार, रविवार | 01.01.25 तक |
| 01027 | दादर (वाया वाराणसी जं) | 14:05 | गोरखपुर | 02:45 | सप्ताह में चार दिन | मंगल, गुरू, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 01028 | गोरखपुर (वाया वाराणसी जं) | 14:25 | दादर | 03:30 | | गुरू, शनि, सोम, मंगल | 02.01.25 तक |
| 09013 | उधना जं (सूरत) | 07:00 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 19:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09014 | छपरा (वाया वाराणसी जं) | 22:30 | उधना जं (सूरत) | 08:15 | | रविवार | 01.12.24 तक |
| 09027 | बांद्रा टर्मिनस (वाया वाराणसी जं) | 11:00 | मालदा टाउन | 16:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 27.11.24 तक |
| 09028 | मालदा टाउन (वाया वाराणसी जं) | 17:30 | बांद्रा टर्मिनस | 18:15 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09031 | बांद्रा टर्मिनस | 12:15 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 21:00 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09032 | गोरखपुर (वाया लखनऊ) | 04:00 | दहानू रोड | 12:25 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09421 | साबरमती (वाया लखनऊ) | 19:45 | सीतामढ़ी | 08:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09422 | सीतामढ़ी (वाया लखनऊ) | 16:00 | साबरमती | 06:00 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 09067 | उधना जं (सूरत) | 05:30 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 22:15 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 09068 | बरौनी जं (वाया वाराणसी जं) | 23:45 | उधना जं (सूरत) | 14:30 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09321 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 10:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 16:00 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09322 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 22:00 | डॉ अम्बेडकर नगर (वाया नई दिल्ली) | 23:50 | | मंगलवार, गुरुवार, रविवार | 01.12.24 तक |
| 07031 | सिकंदराबाद जं | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 10.11.24 तक |
| 07032 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | सिकंदराबाद जं | 06:30 | | मंगलवार | 12.11.24 तक |
| 09639 | मदार जं | 04:30 | रोहतक जं | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जं | 22:35 | | | 31.12.24 तक |
| 08475 | पुरी | 04:50 | हजरत निजामुद्दीन | 19:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 08476 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुरी | 06:55 | | शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09425 | साबरमती | 19:00 | हरिद्वार जं | 19:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 09426 | हरिद्वार जं | 21:45 | साबरमती | 21:30 | | मंगलवार, शनिवार | 30.11.24 तक |
| 09557 | भावनगर टर्मिनल | 15:15 | दिल्ली कैंट | 13:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.12.24 तक |
| 09558 | दिल्ली कैंट | 15:25 | भावनगर टर्मिनल | 12:25 | | शनिवार | 28.12.24 तक |
| 09097 | बांद्रा टर्मिनस | 21:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.12.24 तक |
| 09098 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:40 | बांद्रा टर्मिनस | 10:10 | | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09309 | इंदौर जं | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 29.12.24 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 30.12.24 तक |
| 09523 | ओखा | 10:00 | दिल्ली कैंट | 09:40 | साप्ताहिक | मंगलवार | 31.12.24 तक |
| 09524 | दिल्ली कैंट | 13:40 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 01.01.25 तक |
| 04821 | भगत की कोठी | 08:30 | हरिद्वार जं | 03:40 | साप्ताहिक | गुरूवार | 28.11.24 तक |
| 04822 | हरिद्वार जं | 05:00 | भगत की कोठी | 23:55 | | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 19:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 25.10.24 से 01.11.24 |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:30 | पुणे | 22:30 | | शनिवार | 26.10.24 से 02.11.24 |
| 06071 | कोच्चुवेली | 14:15 | हजरत निजामुद्दीन | 20:40 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 06072 | हजरत निजामुद्दीन | 04:10 | कोच्चुवेली | 14:15 | | सोमवार | 02.12.24 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं | 12:10 | शाहजहांपुर | 14:25 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, रवि | 31.12.24 तक |
| 05448 | शाहजहांपुर | 15:15 | पीलीभीत जं | 16:30 | | | 31.12.24 तक |
| 09603 | उदयपुर शहर | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 05:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 13.11.24 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर शहर | 13:55 | | गुरूवार | 14.11.24 तक |
| 05097 | टनकपुर (वाया दिल्ली जं) | 18:25 | दौराई | 13:40 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार | 29.11.24 तक |
| 05098 | दौराई (वाया दिल्ली जं) | 16:05 | टनकपुर | 09:35 | | मंगलवार, गुरूवार, शनिवार | 30.11.24 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# देवरानी ने प्रेमी के साथ मिलकर इसलिए किया सीमा का कत्ल



जन एक्सप्रेस । मुरादाबाद

मुरादाबाद के कांठ थाना इलाके के दरियापुर रफायतपुर की रहने वाली सीमा (38) की हत्या उसकी देवरानी सुधा ने अपने प्रेमी नीटू उर्फ लिटिल के साथ मिलकर की थी। सीमा ने घर में दोनों को रंगे हाथ पकड़ा तो भेद खुलने के डर से उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया। परिवार व पुलिस को गुमराह करने के लिए सुधा ने प्रेमी से अपने हाथ-पैर बंधवा कर बेहोश होने का नाटक करने लगी थी। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह और सीओ कांठ अपेक्षा निंबाडिया ने मंगलवार को सुधा से थाने में पूछताछ की। उसने पहले तो गुमराह करने की कोशिश की। इसके बाद उससे कड़ाई से पूछताछ की तो उसने सच उगलना शुरू कर दिया। सुधा ने बताया कि उसका मायका बिजनौर जनपद के स्योहारा थाना क्षेत्र के भगवानपुर रैनी गांव में है। उसी गांव में रहने वाले नीटू उर्फ लिटिल से करीब ढाई साल से उसके प्रेम संबंध थे।

वह नीटू से शादी करना चाहती थी, लेकिन वह अलग बिरादरी का होने के कारण परिवार के लोग शादी करने को तैयार नहीं थे। 10 जुलाई 2024 को मेरी शादी सौरभ के साथ हो गई, लेकिन उसने और नीटू ने मिलना जुलना और बात करनी बंद नहीं की।

एक सप्ताह पहले सुधा को नीटू से बात करते हुए सीमा ने पकड़ लिया था। इसके बाद से सुधा को डर लगने लगा था कि कहीं वह परिवार के लोगों को न बता दें।

सोमवार को परिवार के लोग खेत पर गए तो सुधा ने नीटू को अपने घर बुला लिया था। इसी दौरान सीमा कमरे में आ गई और दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया।

सीमा कहीं इस बारे में किसी को कुछ बता न दे, इसलिए सुधा और नीटू ने सीमा को पकड़ लिया और उसे भूसे वाले कमरे में ले गए, जहां दरांती से सीमा की गला रेतकर हत्या कर दी थी। सीओ अपेक्षा निंबाडिया ने बताया कि सुधा और नीटू को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

### सुधा ने ही प्रेमी से कहा कि मुझे बांधकर कमरे में डाल दो...

सीमा की हत्या करने के बाद उसकी देवरानी सुधा ने अपने परिवार और पुलिस को गुमराह करने के लिए अपने प्रेमी नीटू उर्फ लिटिल से उसे भी बांधकर कमरे में डालने के लिए कहा था, ताकि परिवार के लोगों को ऐसा लगे कि हत्यारे ने सुधा के साथ भी मारपीट कर उसे बेहोश करने के बाद बांधकर डाला है। जिस समय मृतका सीमा का ससुर हरपाल सिंह, पति राहुल कुमार, देवर गौरव कुमार और सौरभ कुमार खेत से घर पहुंचे थे, उस समय सबसे पहले सुधा ही कमरे में बेहोश और बंधी हुई मिली थी।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट- कट गई थी सांस लेने वाली नली

कांठ थाने की पुलिस ने सोमवार देर रात शव का पोस्टमार्टम कराया। डॉक्टरों के पैनल ने महिला के शव का पोस्टमार्टम किया। इस दौरान डिजिटल फोटोग्राफी और वीडियो ग्राफी कराई। मंगलवार दोपहर बाद आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि सीमा की सांस लेने की नली कट गई थी। इसके अलावा अत्यधिक खून बह गया था, जिस कारण उसकी मृत्यु हुई थी।

### नीटू और सुधा का ढाई साल से चल रहा प्रेम प्रसंग

अपनी जेठानी सीमा को प्रेमी नीटू के द्वारा मरवाने वाली सुधा का नीटू उर्फ लिटिल से करीब ढाई साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सुधा का मायका उसकी ससुराल दरियापुर से करीब चार किलोमीटर की दूरी पर स्थित जनपद बिजनौर के थाना स्योहारा अंतर्गत आने वाले गांव भगवानपुर रैनी में है। उसका प्रेमी नीटू उर्फ लिटिल भी इसी गांव का निवासी है।

### दस जुलाई को ही सौरभ से हुई थी सुधा की शादी

गांव दरियापुर निवासी मृतका सीमा के सबसे छोटे देवर सौरभ कुमार की शादी दस जुलाई को ही भगवानपुर रैनी थाना स्योहारा जिला बिजनौर निवासी सुधा के साथ हुई थी। सुधा के पिता रोहताश सिंह होमगार्ड हैं। बताया गया है कि सुधा की शादी होने के बाद भी उसका अपने प्रेमी नीटू उर्फ लिटिल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। उससे मोबाइल की बातचीत होने की जानकारी भी पुलिस को सीडीआर के माध्यम से हुई है।

### बेहोशी का नाटक कर अस्पताल में भर्ती हो गई थी सुधा

जिस समय सीमा की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या हुई थी, उस समय उसकी देवरानी सुधा भी परिजनों को बंधी हुई कमरे में बंद मिली थी। सुधा ने बेहोशी का नाटक किया और अपने पति सौरभ कुमार के साथ स्योहारा स्थित निजी अस्पताल में इलाज के लिए जाकर भर्ती हो गई। लेकिन पुलिस की सजगता और जांच ने सुधा के नाटक को ज्यादा देर तक चलने नहीं दिया। पूछताछ के दौरान सुधा बार-बार पुलिस को भी गुमराह करती रही।

### गुस्साए दरियापुर के ग्रामीणों ने लगाया जाम

कांठ थाना क्षेत्र के गांव दरियापुर रफायतपुर में घर में सीमा (38) की धारदार हथियार से गला रेतकर निर्मम हत्या किए जाने के मामले में पुलिस पर सुस्त कार्रवाई का आरोप लगाते हुए मृतका के परिजनों व ग्रामीणों ने कांठ में मुरादाबाद-हरिद्वार मार्ग को जाम कर दिया था। करीब पौने दो घंटे चले जाम के दौरान अधिकारियों के आश्वासन पर परिजन और ग्रामीण माने।

कांठ के गांव दरियापुर रफायतपुर में सोमवार की दोपहर घर में मौजूद सीमा (38) पत्नी राहुल कुमार की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी, उसकी देवरानी सुधा (31) पत्नी सौरभ कुमार को मुंह, हाथ और पैर बांधकर बेहोश कर कमर में बंद कर दिया था। इस मामले में मृतका के पति की तहरीर पर अज्ञात हत्यारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। लेकिन मंगलवार की सुबह मृतका के परिजनों और दरियापुर के ग्रामीणों का गुस्सा भड़क गया। वह शव को लेकर भारी संख्या में ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में सवार होकर थाने का घेराव करने के लिए आ रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें गांव सलेमपुर और गढ़ी के बीच में ही रोक लिया। जिसके बाद परिजनों व ग्रामीणों ने यहां सुबह 08.52 बजे मुरादाबाद-हरिद्वार मार्ग पर ही मृतका के शव को रखकर रोड जाम कर दिया।

जिससे दोनों ओर वाहनों का आवागमन बंद हो गया। पुलिस ने कई बार ग्रामीणों को समझाकर जाम को खुलवाने का प्रयास भी किया, लेकिन ग्रामीणों की मांग थी कि पुलिस हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई करे। सूचना जाम की सूचना पर एसडीएम प्रिंस वर्मा, सीओ अपेक्षा निम्बाडिया कई थानों की पुलिस के साथ जाम स्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत कर साढ़े दस बजे जाम को खुलवाया।

# ट्रेन में फंदे पर लटका मिला था शव

जन एक्सप्रेस । मुरादाबाद



बेगमपुरा एक्सप्रेस में युवक का शव मिलने के मामले में शौचालय की सिटकनी बंद होने से जीआरपी उलझ गई है। जीआरपी सहारनपुर समेत अन्य स्टेशनों के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई है। युवक के शरीर पर इंजेक्शन के निशान मिले हैं। जम्मू से बनारस जा रही बेगमपुरा एक्सप्रेस सोमवार देर रात मुरादाबाद पहुंची। यात्रियों की सूचना पर जीआरपी के सिपाहियों ने ट्रेन के जरनल कोच के शौचालय की सिटकनी तोड़कर एक युवक के शव को बाहर निकाला। ट्रेन के शौचालय में शव मिलने से यात्रियों में हड़कंप मच गया। जीआरपी की टीम ने यात्रियों से पूछताछ की। शव के फंदे से लटकने के मामले में हत्या के एंगल से भी जांच की जा रही है। जीआरपी इस बात को लेकर उलझ गई है कि यदि हत्या कर शव को लटकाया गया है तो शौचालय का गेट अंदर से कैसे बंद हुआ। सीओ जीआरपी ने बताया कि मृतक के शरीर पर इंजेक्शन के निशान मिले हैं, उसके नशे का आदि होने की आशंका है। उन्होंने बताया कि शर्ट के फंदे से फ्लश बटन के सहारे शव लटका था। इस बात पर संदेह हुआ कि इतनी नीचे कोई फंदा क्यों लगाएगा। सहारनपुर व अन्य स्टेशनों के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। मामले की जांच शुरू हो गई है।

# लहूलुहान किसान को अस्पताल ले जाने के बजाय वीडियो बनाते रहे लोग



जन एक्सप्रेस । बिजनौर

भिक्कावाला के खेतों में काम करने गए 50 वर्षीय किसान तेगवीर सिंह नेगी पर गुलदार (तेंदुए) ने हमला कर घायल कर दिया। इसी दौरान किसान के डंडे से बचाव के प्रयास में गुलदार मारा गया। वहीं बुरी तरह लहूलुहान किसान को अस्पताल ले जाने के बजाय लोग वीडियो बनाते रहे। ग्रामीण तेंदुए का तमाशा देखते रहे।

भिक्कावाला कालागढ़ संपर्क मार्ग पर भिक्कावाला निवासी तेगवीर सिंह नेगी बुधवार शाम अपने खेत में काम कर रहे थे। अचानक गुलदार ने उन पर हमला कर दिया। गुलदार से बचने के लिए उन्होंने अपना डंडा घुमा दिया जो गुलदार के सिर पर लगा। इसी बीच आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और किसी तरह किसान को बचाया।


किसान की स्थिति खराब होने के कारण उसे उपचार के लिए काशीपुर के अस्पताल ले जाया गया।

उधर घटना की सूचना पाकर वन दरोगा सुनील राजोरा, अफजलगढ़ के पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी व थाने का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। ग्रामीणों ने वन्य जीवों के हमले का समाधान

# नोयडा की महिला पहलवान ने झांसी की पहलवान को किया चित

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। मीरगंज थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव में पुरानी परम्परा को कायम रखते हुए पुराने शिव मंदिर पर विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। जिसमे हरियाणा, बनारस, बलिया, मिर्जापुर, मेरठ, पंजाब, दिल्ली, गोरखपुर, नेपाल आदि स्थानों से आकर पहलवानो ने जोर आजमइस किया। बुधवार के दिन दोपहर 12 बजे प्राचीन शिव मंदिर पर दंगल का आयोजन किया गया। जिसमे कुल 23 जोड़ी पहलवानो की कुश्ती हुई । शुरूआती कुश्ती में नेपाल के थापा पहलवान ने दिल्ली के पहलवान लाडो पहलवान को आसमान दिखा दिया। पारस पहलवान मिर्जापुर ने बनारस के पहलवान साजित पहलवान को पटखनी दिया। मोन्टी पहलवान दिल्ली ने पंजाब के पहलवान रघ्घू को आसमान दिखाया। अंतिम में नोयडा से आई महिला पहलवान शिवानी ने झांसी की रोशनी पहलवान को पटखनी देकर विजय हासिल कर लिया। इसके पूर्व कार्यक्रम के आयोजक सन्त रामआसरे गिरी ने फीता काटकर दंगल का उद्घाटन किया।

# सहारनपुर के भाजपा महानगर अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा



जन एक्सप्रेस । मेरठ

हिंदी, भोजपुरी और गुजराती फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री की कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई हैं। अभिनेत्री ने आरोप लगाया था कि पुनीत त्यागी ने उनका यौन उत्पीड़न किया है।

मुंबई की रहने वाली अभिनेत्री की तरफ से भाजपा के महानगर अध्यक्ष पर लगाए गए यौन उत्पीड़न का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। बुधवार को महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी ने नैतिकता को आधार बताते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उधर, अभिनेत्री की तरफ से एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया, जिसमें आरोप लगाया कि उन्हें और उनके परिचितों को धमकाया जा रहा है। सहारनपुर आने से रोका जा रहा है। अभिनेत्री ने एक विधायक और मंत्री को भी इस प्रकरण से दूर रहने के लिए चेताया है।

अभिनेत्री ने आरोप लगाया था कि पुनीत त्यागी ने उनका यौन उत्पीड़न किया है। बुधवार को पार्टी मुख्यालय की तरफ से भी इसकी जानकारी ली गई। इसके साथ ही पुनीत त्यागी की तरफ से अपना इस्तीफा प्रदेशाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह को भेज दिया गया। इस्तीफे में लिखा कि एक महिला ने बेबुनियाद और निराधार आरोप लगाए हैं। इसलिए नैतिकता के आधार पर अपने पद से इस्तीफा दे रहा हूं। साथ ही लिखा कि शीर्ष नेतृत्व मेरे राजनीतिक क्षेत्र के लिए जो फैसला लेगा, वह मान्य होगा। झूठे आरोपों की वजह से संगठन की छवि धूमिल नहीं होनी चाहिए।

### इस्तीफा मांगा नहीं, मैंने खुद दिया- पुनीत त्यागी

उधर, महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी का कहना है कि आरोप पूरी तरह गलत है। इस्तीफा मांगा नहीं था। नैतिकता के आधार पर दिया है।

### अभिनेत्री ने की एक और वीडियो पोस्ट, लगाए आरोप

इस पूरे प्रकरण के बीच अभिनेत्री की तरफ से बुधवार को एक और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया। करीब आठ मिनट के वीडियो में अभिनेत्री ने गंभीर आरोप लगाए हैं। कहा कि उन्हें सहारनपुर आने से रोका जा रहा है और परिचितों को भी जान से मारने की धमकी मिल रही है। एक मंत्री और विधायक भी महानगर अध्यक्ष की मदद कर रहे हैं। अभिनेत्री का दावा है कि उनके सबूत भी पास हैं। अगर वह बीच में आए तो सहारनपुर आकर इसका पूरा खुलासा करूंगी। अगर मुझे या सहारनपुर में मेरे परिचितों को कुछ होता है तो उसके लिए मंत्री और विधायक भी जिम्मेदार होंगे। इसलिए इस प्रकरण से दूर रहें। जल्दी ही सबूतों के साथ सहारनपुर के घंटाघर चौक पर आऊंगी। बता दें, कि अभिनेत्री के फेसबुक पेज पर एक वीडियो अपलोड है, जो चार दिन पुराना है। उसी वीडियो में पहली बार चेताया था कि धोखा देने का अंजाम बताऊंगी।

# गन्ना समिति संचालक के चुनाव में चले लाठी डंडे और गोलियां




जन एक्सप्रेस । बिजनौर

सहकारी गन्ना समिति संचालक पद के चुनाव में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे और गोलियां चलीं। इस दौरान संचालक पद के प्रत्याशी सुधीर सहित पांच लोग घायल हो गए। तीन घायलों को समीपुर अस्पताल से बिजनौर के लिए रेफर किया गया।

सहकारी गन्ना विकास समिति के पांच सदस्य निर्विरोध चुने जा चुके हैं। गन्ना समिति के शेष छह संचालक प्रत्याशी चुनने के लिए बुधवार को मतदान हुआ। चंदोक क्षेत्र के प्रत्याशी सुधीर और संदीप पक्ष के बीच मतदान केंद्र के बाहर किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों में पत्थरबाजी और लाठी डंडे चले। इस दौरान चली गोली से भगदड़ मच गई। मारपीट में चंदोक निवासी सुधीर, ब्रजकुमार, सूरतपाल, लोकेंद्र सिंह, वीरपाल सिंह घायल हो गए। पुलिस घायलों को समीपुर ले गई, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सुधीर, ब्रजकुमार और सूरतपाल को बिजनौर के लिए रेफर कर दिया।

उधर, घटना के बाद गन्ना समिति पर भारी पुलिस बल तैनात रहा। एएसपी सिटी संजीव बाजपेयी ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। एसडीएम कुंवर बहादुर सिंह, सीओ देश दीपक सिंह ने पुलिस बल के साथ मोर्चा संभाला। गन्ना समिति से सटे कॉलोनी के रास्ते से आवागमन भी बंद कर दिया गया। गन्ना समिति में कड़ी सुरक्षा के बीच संचालक पद के लिए मतदान हुआ।

# यूपी से बिहार तस्करी कर जा रही 38 पेटी शराब समेत सात गिरफ्तार



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत आजमगढ़ मार्ग स्थित मलमल पुलिया पर मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम ने 38 पेटी शराब समेत सात तस्करों व दो वाहन पांच मोबाइल,4800 रुपया नगदी बरामद कर सभी को कब्जे में ले चालान भेज दिया।

बुधवार को मुखबिर की सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रोहित मिश्रा व स्वाट टीम प्रभारी रामजनम यादव आजमगढ़ मार्ग स्थित मलमल पुलिया पर खड़े थे। सूचना मिली थी कि जौनपुर से तस्करी कर बिहार शराब जा रही है। चेकिंग के दौरान लगभग साढ़े ग्यारह बजे एक पिकअप आता हुआ दिखाई दिया।जिसकी संख्या यूपी 62 टी 4035 को रोक कर देखा गया तो 36 पेटी अंग्रेजी शराब व 2 पेटी बीयर मिला पिकअप में पकड़े गए लोगों ने बताया कि पीछे एक कार आ रही है जिसमें इसके मालिक है। दोनों वाहनों को पुलिस ने कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू किया। जिसमें बिहार प्रांत के बक्सर जिला के महदह निवासी किशन कुमार पुत्र दीपक गुप्ता,व उपेन्द्र कुमार पुत्र जवाहरलाल, मंटू चौहान पुत्र महातम चौहान निवासी बक्सर जगदीशपुर, जौनपुर जनपद के मड़ियाहूं थाना क्षेत्र के पीपरा निवासी धीरज कुमार यादव पुत्र प्रेम नारायण यादव, वाराणसी जनपद के आदमपुर थाना क्षेत्र के कजाकपुर निवासी मुदित किशोर रावत पुत्र दिनेश रावत, आजाद हरिजन पुत्र नखड़ू हरिजन निवासी कुनिया कजाकपुर मोहन कटरा आदमपुर व विशाल मौर्या पुत्र सभाजीत मौर्या निवासी चुरबनपुर बक्सा जौनपुर को गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में चालान भेज दिया गया है। टीम में उपनिरीक्षक मुन्नालाल वर्मा, अजय कुमार सिंह, सैयद हसन रिजवी,, कांस्टेबल संदीप सिंह, औरंगजेब खां, विनोद सिंह, आंनद सिंह, सुनील यादव, अमित यादव, राजन कुमार, अजय वर्मा अभिराम खरवार, अनन्त यादव मौजूद रहे।

# स्टंट करते युवकों ने कार से बाइक सवार दंपती को मारी टक्कर




जन एक्सप्रेस । मेरठ

कार में स्टंट करने से मना किया तो कार से बाइक सवार दंपती को टक्कर मारकर युवक फरार हो गए। दंपती को घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां महिला की मौत हो गई, जबकि पत्नी का उपचार चल रहा है।

फलावदा मार्ग स्थित गांव नंगला हरेरू निवासी दिनेश तीन दिन पहले अपनी पत्नी अंजेश के साथ बाइक से फलावदा मार्ग स्थित खेत पर जा रहा था। जैसे ही वह कॉलेज के समीप पहुंचा तो पीछे से कार में स्टंट करते हुए कुछ युवक आने लगे। कार सवार युवकों ने बाइक में टक्कर मार दी। दंपती बाइक समेत गिर गया। दिनेश ने कार सवार युवकों को बुरा-भला कहा तो उन्होंने दंपती का मजाक उड़ाया। उसके बाद जैसे ही दंपती बाइक पर बैठा, युवकों ने कार से फिर टक्कर मार दी और फरार हो गए। दिनेश और उसकी पत्नी अंजेश बुरी तरह घायल हो गई।

दोनों को गंभीर हालत में मेरठ के प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया। मंगलवार को उपचार के दौरान अंजेश (35) की मौत हो गई। जबकि दिनेश का उपचार चल रहा है। मृतका महिला का शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। महिला के तीन छोटे बच्चों और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों ने गांव में ही अंतिम संस्कार कर दिया। इसके बाद परिजनों ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को सौंपा है।

# पत्नी के सीने में चाकू घोंपकर घुमा दिया

जन एक्सप्रेस । बिजनौर

बिजनौर शहर के गांव अगरी में अपने मायके आई एक युवती की उसके पति ने चाकू से गोदकर हत्या कर दी। आपस में कहासुनी के चलते आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

ग्राम अगरी निवासी रणधीर ने अपनी बेटी दिव्यांशी उर्फ शैंकी (20) की शादी दो साल पहले गौरव पुत्र रणधीर निवासी इनामपुरा से की थी। बुधवार की सुबह रणधीर अपनी पत्नी शैंकी को लेकर ससुराल आया। जिसे छोड़ने के बाद कहीं चला गया। शाम के वक्त फिर से शराब के नशे में रणधीर ससुराल पहुंचा। इसी बीच उसकी अपनी पत्नी शैंकी से कहासुनी हुई। उसने पत्नी के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच आरोपी ने चाकू निकालकर शैंकी के सीने घोंप दिया और घुमा दिया। शैंकी की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों ने प्रेम विवाह किया था। मगर कुछ दिनों से आरोपी और उसके परिवार के लोग दहेज की मांग कर रहे थे। इसे लेकर दोनों में मनमुटाव रहने लगा था। आरोपी वारदात को अंजाम देने के बाद फरार हो गया।

# राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अन्तर्गत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता व विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों कक्षा 06 से 08 के छात्र/छात्राओं में जिज्ञासा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने, प्रयोग के विविध अवसर उपलब्ध कराने तथा विज्ञान की प्रकृति, प्रक्रियाओं और विधियों की सम्यक् समझ विकसित किये जाने के उद्देश्य से ''राष्ट्रीय आविष्कार अभियान'' कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रत्येक विकासखण्ड से चयनित 05-05 छात्र-छात्राओं के मध्य जनपद स्तर परक्विज प्रतियोगिता/विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, जौनपुर के सभागार कक्ष में हुआ। कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र ने मुख्य अतिथि और मुख्य विकास अधिकारी श्री साई तेजा सीलम ने विशिष्ट अतिथि के रुप में प्रतिभाग किया।

मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत डीएलएड प्रशिक्षुओं द्वारा स्वागत गीत गाकर किया गया। जिला



बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने मुख्य अतिथि जिलाधिकारी एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी को कार्यक्रम के उद्देश्य व महत्ता से अवगत कराया। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों के द्वारा उत्साहपूर्वक विज्ञान का कौशल प्रस्तुत किया गया है। मा0 मुख्यमंत्री जी के प्रेरणा से बेसिक शिक्षा विभाग में परिषदीय विद्यालयों में अभूतपूर्व परिवर्तन हुए है। परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में सर्वांगीर्ण विकास किया जा रहा है। उनके भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए बेसिक शिक्षा के सभी शिक्षकों का आभार प्रकट किया। जिलाधिकारी ने सभी शिक्षकों से कहा कि जनपद के सभी शिक्षक विद्यालयों का संचालन ठीक से करें। बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और संस्कृति की बातें भी बताए जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों में कुछ नया करने और सभी परिस्थितियों में जीत हासिल करने का हौसला होना चाहिए। इस दौरान उन्होने माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति के 05 वें चरण की चर्चा की। आज के वर्तमान समय में ज्ञान और विज्ञान के महत्व को बताया। जिलाधिकारी ने कविता के माध्यम से गुरु के महत्व को विस्तार से समझाया। उसके पश्चात जिलाधिकारी ने पांच बच्चों को टेबलेट, विज्ञान किट, प्रशस्ति पत्र एवं अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने बच्चों द्वारा बनाए गए विज्ञान मॉडल की जानकारी ली व क्विज प्रतियोगिता में जाकर बच्चों से आयरन व विटामिन से संबंधित प्रश्न पूछा और बच्चों के उत्तर सुनकर जिलाधिकारी महोदय संतुष्ट नजर आए।

# राशन वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में विकासखंड बदलापुर के ग्राम पंचायत नेवादा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा वरासत के 104 निरस्त प्रकरणों को दर्ज कराते हुए सत्यापित कराने के निर्देश दिये गये। जिलाधिकारी के द्वारा निरस्त प्रकरणों के सम्बन्ध में लोगो से संवाद भी किया गया तथा मौके पर निस्तारण कराया गया। जिसमें करीब तीन-चार प्रकरण जो न्यायालय में विचाराधीन थे इसके संदर्भ में उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में दोनों पक्ष के व्यक्तियों को बुलाकर दोनों पक्ष की बात सुनते हुए तथा कागजात का परीक्षण करते हुए विवाद का निस्तारण कराए। लगभग 07 वर्ष से लम्बित वरासत के प्रकरण को भी उन्होंने मौके पर दर्ज करते हुए निस्तारण कराया।

जिलाधिकारी ने आपूर्ति निरीक्षक को निर्देशित किया कि राशन आपूर्ति तथा वितरण में किसी प्रकार की कोई समस्या न हो। कहीं भी घटतौली की शिकायत न आने पाए और समय से राशन वितरण कराया जाना सुनिश्चित करें। इस दौरान कुछ ग्रामीणों द्वारा आवास के संदर्भ में फरियाद की गई जिस पर सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया कि जो भी पात्र व्यक्ति हैं उनका चयन करते हुए उनका आवास आवंटित किया जाए। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी अधिकारी आमजन से संवाद बनाए रखें तथा जनसुनवाई के दौरान आने वाली समस्याओं का विस्तारण करें, विभागों में पेंडेंसी नहीं होनी चाहिए। इस दौरान उप जिलाधिकारी बदलापुर संतवीर सिंह, तहसीलदार, नायब तहसीलदार महराजगंज, एडीओ सहित अन्य कर्मचारीगण एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।






# फतेहपुर में हुई कार दुर्घटना में जिले के वरिष्ठ पत्रकार और समाजसेवी का निधन

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



कन्नौज से प्रयागराज जा रही एक कार की फतेहपुर में हुई भीषण सड़क दुर्घटना ने जिले के दो नामी गिरामी व्यक्तियों को अपनी चपेट में लेकर कालकवलित कर दिया। कान्यकुब्ज पत्रकार समिति के संस्थापक सदस्य और जिले के पहले साप्ताहिक समाचार पत्र के सम्पादक मनोज शुक्ल और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता व गोमती देवी गर्ल्स इंटर कालेज के प्रवन्धक अविनाश दुबे समेत तीन लोगों कज इस दुखद कार दुर्घटना में मौत हो गयी। सूचना जिले में आते ही चारो तरफ मातम और सन्नाटा पसर गया, जिसने भी सुना स्तब्ध रह गया।समाजवादी पार्टी, पूर्व सांसद सुब्रत पाठक, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण सभी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी।

एक सूचना के मुताविक फतेहपुर जिले में हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हुआ। हाईवे पर खड़े ट्राला ट्रक के पीछे तेज रफ्तार कार जा घुसी, जिसमें कार सवार तीन लोगों में दो की मौके पर मौत हो गई और एक व्यक्ति की जिला अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जिले के कल्यानपुर थाना क्षेत्र के हाईवे पर सुबह कानपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक बलेनो कार हाईवे पर खड़े ट्राला ट्रक में पीछे से जा घुसी। हाईवे पर भीषण सड़क हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देते हुए कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला। कार में सवार मनोज शुक्ला (65) पुत्र जीवन शुक्ला अविनाश चन्द्र (64) पुत्र ओमकार नाथ की मौके पर मौत हो गई।

कार सवार लोगों ने लगाई थी सीट बेल्ट पुलिस ने गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टर ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने तीनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फतेहपुर में हाईवे पर ट्राला ट्रक में जब कार पीछे से घुसी तो कार सवार लोगों ने सीट बेल्ट लगाया हुआ था। जब हादसा हुआ तो कार का एयर बैग तो खुला लेकिन फट जाने से चालक और आगे बैठे दो लोगों की जान नहीं बच पाई। थाना प्रभारी रमा शंकर सरोज ने बताया कि दो मृतकों की शिनाख्त हो गई है और एक मृतक अभी अज्ञात में है। परिजनों को घटना की जानकारी दी गई है।

# चार विचाराधीन बन्दियों की रिहाई प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



विचाराधीन बदियों की पुनरावलोकन समिति ने-04 विचाराधीन बदियों की रिहायी हेतु कार्यवाही किये जाने हेतु प्राधिकरण को निर्देशित किया। सम्प्रेक्षण गृह में निरूद्ध तीन किशोर आपचारियों की प्राधिकरण निःशुल्क पैरवी कर रहा है। यह बात विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव लवली जायसवाल ने आज यहां कही।

उन्होंने कहा कि जिला कारागार में विचाराधीन बंदियों में से पात्र बंदियों की रिहायी हेतु महाअभियान 08 अप्रैल से 20 नवम्बर तक संचालित किया गया है, जिसके अन्तर्गत अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की तृतीय बैठक आज जनपद न्यायालय के मीटिंग हाल में जनपद न्यायाधीश की अध्यक्षता में आहूत की गयी, जनपद न्यायाधीश द्वारा आहूत बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से अपेक्षा की गयी कि वे विचाराधीन बन्दियों की स्थिति पर विचार करते कुल 04 ऐसे विचाराधीन बंदी चिन्हित किये गये जिनके मामलों में सम्बन्धित न्यायालय में जमानत प्रार्थना पत्र लगाने एवं उनकी रिहायी के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु प्राधिकरण को निर्देशित किया गया। श्रीमती जायसवाल द्वारा आज बाल संप्रेक्षण गृह याकूतगंज फर्रुखाबाद का निरीक्षण विडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से किया गया। निरीक्षण के दौरान केयर टेकर/प्रभारी अधीक्षक राजकुमार, दिलीप सिंह कम्प्यूटर आपरेटर गौरव व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी गजराज उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान वर्तमान में बाल संप्रेक्षण गृह फर्रुखाबाद में जनपद कन्नौज के कुल 13 किशोर अपचारी निरूद्ध पाये गये। प्रभारी अधीक्षक एवं किशोर अपचारियों द्वारा बताया गया कि उन्हें वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया जाता है। किशोर अपचारियों को निःशुल्क विधिक सहायता के विषय में बतातें हुए उनकों उनके वाद की पैरवी हेतु अधिवक्ता होने अथवा न होने के विषय की जानकारी ली गयी। 10 अपचारियों द्वारा बताया गया कि उनके मामलों की पैरवी उनके निजी अधिवक्ता द्वारा की जा रही है।

03 किशोर अपचारी के मामले की निःशुल्क पैरवी सचिव प्राधिकरण के निर्देशानुसार पैनल अधिवक्ता अहमद हसन हासमी द्वारा की जा रही है।

सम्प्रेक्षण गृह में सभी किशोर अपचारी स्वस्थ पाये गये। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि

चिकित्सकों द्वारा माह में 4 बार उपस्थित होकर किशोरों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है सचिव द्वारा किशोर अपचारियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों से अवगत कराते हुए बताया गया कि यदि कोई अपचारी जिसके मामले की पैरवी हेतु कोई पैरोकार नही है तो प्रभारी अधीक्षक के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता आवेदन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजे तथा साथ ही साथ किशोर अपचारियों को बालकों के कानूनी अधिकार के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी।निरीक्षण दौरान संप्रेक्षण गृह के शौचालय एवं भोजनालय में गन्दगी पायी गयी जिस पर सचिव द्वारा प्रभारी अधीक्षक को किशोरों को निजी स्वच्छता एवं हाइजिन को ध्यान में रखते हुए सम्पूर्ण परिसर में उचित साफ सफाई की व्यवस्था कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

सचिव द्वारा किशोर अपचारियों को पॉक्सों एक्ट, किशोर अधिनियम जे0जे0 एक्ट एवं प्री बारगेंनिग एवं किशोर अपचारियों को बालकों के कानूनी अधिकार के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

# आर.टी. एक्ट की सही जानकारी न दे पाए तो भड़क गई विधायी समिति

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



विधान परिषद की शिक्षा का व्यवसायीकरण सम्बन्धी जांच समिति की बैठक सभापति डॉ0 मानवेन्द्र सिंह (गुरु जी) की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें सदस्य विजय बहादुर पाठक, अंगद कुमार सिंह, अविनाश सिंह चौहान आदि समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में सभापति ने कहा कि राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई करने हेतु छात्र-छात्राओं से एडमीशन के समय पांच हजार रुपये की काशन मनी जमा करायी जाती है। काशन मनी को वापस करने की एक नियमावली बना दी जाये, जिससे जो स्टूडेंट पैसा वापस लेने नही आ रहा है तो ऐसी धनराशि को स्टूडेंट वेल फेयर फंड में ट्रांसफर कर विद्यार्थियों के हित में उपयोग किया जाये। कहा कि जो शिक्षण संस्थान कक्षा 05 से 08 तक मान्यता लेकर हाई स्कूल, इंटर की पढ़ाई करा रहे हैं, ऐसे विद्यालयों की जांच खण्ड शिक्षा अधिकारियों द्वारा कराकर ऐसी व्यवस्था बंद करायी जाये। इस दौरान आर0टी0 एक्ट के संबंध में संतोषजनक जानकारी न दिये जाने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी फर्रुखाबाद, औरैया एवं कन्नौज से नाराजगी व्यक्त करते हुये सभापति ने शासन को पत्र लिखने के निर्देश जारी किये। उन्होने कहा कि आर0टी0एक्ट के तहत गरीब परिवार के बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में निशुल्क दाखिला दिलाने का प्रावधान है। तीनों जनपद के अधिकारी आर0टी0एक्ट के तहत ऐसे गरीब परिवारों के बच्चों के लिए जनपद स्तर पर कितना कोटा है और वित्तीय वर्ष में कितने आवेदन आयें हैं तथा कितने आवेदन निरस्त हुए का कारण सहित विवरण समिति को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

सभापति नें तीनों जनपद के सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये कि शिक्षण संस्थानों के वाहन मानक के अनुसार पीले रंग के होने चाहिए। शिक्षण संस्थानों में लगे अनुबंधित वाहन मानक के अनुसार होने चाहिए, वाहन मानक के बाहर पाये जाने पर कार्यवाही अमल मे लायी जाये। कहा कि शिक्षण संस्थानों में महिलाओं के लिए जिन वाहनों का उपयोग किया जा रहा है उसमें एक महिला सहकर्मी की ड्यूटी अनिवार्य रूप से लगाई जाए। उन्होनें प्राइवेट स्कूलों में फीस निर्धारण पर विस्तार से चर्चा करते हुए उपस्थित संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होनें कहा कि समस्त प्राथमिक विद्यालयोंमें पेयजल एवं विधुत कनेक्शन की व्यवस्था होनी चाहिए। मिड डे मील की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये गये कि 06 दिवस हेतु भोजन का मेन्यू निर्धारित है, निर्धारित मेन्यू के अनुसार ही भोजन का वितरण किया जाये। मिड डे मील का खाद्यान्न पकाने हेतु प्रत्येक रसोइया/सहायकों को समय से मानदेय प्राप्त हो यह सुनिश्चित कराया जाये व यदि उनका मानदेय बकाया है तो शीघ्र मानदेय देने की कार्यवाही करते हुये शतप्रतिशत मानदेय दिलाया जाये। उन्होनें तीनों जनपदों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षण संस्थानों में कार्यरत कार्मिकों के अवकाश आवेदन, पेंशन, मृतक आश्रित नियुक्ति आवेदन, अन्य देयक भुगतान आवेदन आदि का अविलम्भ निस्तारण होना चाहिए। सभापति ने कहा कि इस समिति का प्रमुख उद्देश्य यह है कि सरकार को ऐसे सुझाव दे सके, जिससे शिक्षण संस्थानों की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाकर समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति को लाभ दिलाया जाये, उसको सुरक्षित व संरक्षित किया जाये।

बैठक में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, मुख्य विकास अधिकारी श्री राम कृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी फर्रूखाबाद, औरैया, जिला विकास अधिकारी कन्नौज, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कन्नौज सहित जनपद के तीनो जनपदों के सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पांच बच्चे बाल श्रम से मुक्त



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

थाना ए.एच.टी.यू. पुलिस द्वारा बाल श्रम, भिक्षावृत,नशा मुक्त अभियान के तहत 05 बच्चों को श्रम मुक्त कराया गया। आज शासन द्वारा चलाये जा रहे बाल श्रम, भिक्षावृत्ति, नशा मुक्त अभियान के तहत ए.एच.टी.यू. प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र सिंह, हमराह हिमेश रावत तथा नवनीत कुमार श्रीवास्तव, श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा कोतवाली कन्नौज क्षेत्र में रेलवे-स्टेशन, बस स्टैण्ड, हाईवे पर होटल, ढाबो व मैडिकल स्टोर, मन्दिर आदि स्थानों पर बालश्रम रोकथाम, भिक्षावृत्ति एवंम नशा मुक्त व मिशन शक्ति -5.0 जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत भिन्न-भिन्न दुकानों के सेवयोजकों को बालश्रम अधिनियम के बारे में बताया गया एवं सघन चैकिंग अभियान के दौरान 05 बच्चे को श्रम मुक्त कराया गया और लोगो को बाल श्रम एंव भिक्षावृत्ति रोकने हेतु जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।

# क्षेत्र में खाद की वजह से किसान दर-दर भटक रहा है





जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

- प्राइवेट खाद विक्रेता मनमाने दाम ले रहे हैं

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में आलू, रबी, लाही,मटर, टमाटर, फसलों की बुआई तेजी से शुरू हो गई है। खाद न मिलने से किसानों को सुबह से इफको किसान सेवा केंद्रों पर डीएपी, एनपीके यूरिया के लिए सैकड़ों किसानों को आठ से दस घंटे इंतजार करना पड़ रहा। स्टॉक में माल नहीं होंने पर किसानों की समस्या बढ़ती चली जा रही। खाद केंद्रों के बाहर भीड़ ज्यादा होने से घंटो धूप में किसान पसीना बहा रहे।लेकिन उनकी समस्या ज्यों की त्यों बनी है। शिवराजपुर स्थिति इफको किसान खाद खेंद्र पर सुबह से ही सैकड़ों किसानों साथ महिलाओं को लंबी कतार में लगकर खड़ा होना पड़ रहा। डीएपी, एनपीके, यूरिया खाद की किल्लत से परेशान किसान महिलाओं को लाइन में खड़ा कर खाद ले रहे। क्षेत्र के किसान शानू यादव, अरविंद राजपूत, शिवमंगल राजपूत, शिवम शुक्ला, अनिकेश सिंह, पंकज दुबे, पवन, नीरज आदि किसानों ने बताया की वह सुबह प्रातः 6 बजे से ही इफको किसान केंद्र पर डीएपी यूरिया के लिए संघर्ष कर रहे। प्रति किसान के आधार कार्ड पर 6 बोरी खाद मिल रही।

फसलों के तेज बुआई से किसान परेशान होकर खाद केंद्रों पर चक्कर काटते है। लेकिन उनको समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद बीज न मिलने से फसलों के बुआई में देरी हो रही। प्राइवेट खाद विक्रेताओं की चांदी है रू200 से रू300 प्रतिबोरी के हिसाब से डीएपी और एनपीके में अधिक ले रहे हैं वहीं पर यह गारंटी नहीं है प्राइवेट दुकानदारों से प्राप्त खाद असली होगी इसकी कोई गारंटी लेने को तैयार नहीं है।

# करंट लगने से सिपाही की मौत



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

उन्नाव जिले के औरास थाने में तैनात सिपाही सरकारी कमरे पर लगे लोहे के तार में आ रहे करंट की चपेट में आया। साथी सिपाही स्वास्थ्य केंद्र लाए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। औरास थाने पर तैनात सिपाही हरेंद्र सिंह सरकारी कमरे रहते थे। बुधवार सुबह 10 बजे स्नान करने के बाद कपड़े बाहर लगे लोहे की तार में फैलाने गए थे। तार में करंट आने से वह उसी की चपेट में आए और मौत हो गई। घटना की सूचना पर सीओ अरविंद चौरसिया, एसओ अश्वनी मिश्रा मौके पर पहुंचे और उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। मृतक हरेंद्र सिंह मूलरूप से आगरा जिले के थाना खंदौली के गांव मलूपुर का रहने वाला था। हरेंद्र ने फौज से सेवानिवृत होने के बाद साल 2019 में सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। करीब नौ महीने पहले उनका स्थानांतरण बीघापुर कोतवाली से औरास थाना हुआ था। पत्नी मोनिका के साथ बेटा और बेटी है।

# पूर्व राष्ट्रपति कलाम के जन्मदिवस पर सोलर पावर प्लांट का जीर्णोद्धार कर लोकार्पित

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत एवं जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी ने संयुक्त रुप से भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम के जन्म दिवस के अवसर पर ग्राम फकीरपुरा, ग्राम पंचायत बहोसी, विकास खण्ड उमर्दा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कल देर शाम बटन दबाकर बंद पड़े सोलर पावर प्लांट का जीर्णोद्धार कराकर ग्रांव वासियों को समर्पित किया। इस अवसर पर उन्होने पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। आयोजित कार्यक्रम में सरदार पटेल इंटर कालेज के बच्चो द्वारा नाटक एवं स्वागतगीत की प्रस्तुति की गयी। सभी बच्चो को बैग उपहार स्वरुप भेंटकर सम्मानित किया गया।

विधायक तिर्वा कैलाश राजपूत ने कहा कि भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम ने भारत के लिये बहुत कुछ किया है। इस गांव के लोग बहुत ही सौभाग्यशाली हैं जिनको सोलर प्लांट के रुप में देने का कार्य किया है। आज उनके जन्म दिवस के अवसर पर इस प्लांट को पुनः संचालित कराया गया है। उन्होने कहा कि बंद पड़े प्लांट को पुनः संचालित कराने में जिलाधिकारी की महती भूमिका रही है। जिलाधिकारी के अथक प्रयासों से ही यह प्लांट संचालित हुआ है।

जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम के जन्म दिवस पर हम उनके प्रति सम्मान व्यक्त करते हैं और श्रद्धा, सुमन अर्पित करते हैं। कहा कि इस स्थान का सौभाग्य रहा है कि जब इस गांव में विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था नही थी तब पूर्व राष्ट्रपति के रुप में स्वयं आकर अधेंरे को मिटाने के लिये प्रकाश के रुप में इस गांव को सूर्य से चलने वाला सोलर प्लांट दिया। उन्होने कहा कि विधायक तिर्वा की आकांक्षा थी कि बंद पड़े सोलर प्लांट को ठीक कराकर पूर्व राष्ट्रपति के जन्म दिवस के अवसर पर इस गांव को समर्पित किया जाये। किसी कारणवश जो तकनीकी कमियां थी नेडा द्वारा ठीक कराकर प्लांट को पुनः चालू किया गया है। उन्होने कहा कि सभी लोग कनेक्शन की जो प्रक्रिया है उसके तहत कनेक्शन लें और निजी सम्पत्ति की तरह प्रयोग करें। सभी लोग यूजर्स चार्ज के तहत जो पैसा हो ग्राम पंचायत को दे देगें, जिससे उस धनराशि से प्लांट का मेन्टीनेंस होता रहे। कहा कि यह बहुत बड़ा सौभाग्य है और इससे बच्चो को प्रेरणा भी मिलेगी कि कलाम जी स्वयं यहां आकर इस गांव को अधेंरे से दूर कर प्रकाशमय बनाने की नीव रखी थी। हम सबलोगो को उनकी स्मृति को सदैव याद रखना है और जो सोलर प्लांट दिया है सब लोगो के सहयोग के साथ चलाना है। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए /परियोजना अधिकारी नेडा राम औतार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## सई नदी पुल की मरम्मत के लिए 13 दिन रहेगा रूट डायवर्जन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। औरास। संडीला-चकलवंशी-बिठूर-चौबेपुर मार्ग पर बने सई नदी पुल की पीडब्ल्यूडी मरम्मत कराएगा। मरम्मत का काम 13 दिन चलेगा। इस दौरान इस पुल से वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद करके रूट डायवर्जन लागू रहेगा। संडीला-चकलवंशी-बिठूर-चौबेपुर मार्ग स्टेट हाइवे घोषित है। इस मार्ग से भारी वाहन एक तरफ कानपुर और दूसरी तरफ वाया औरास होते हुए संडीला हरदोई आते-जाते हैं। राज्य मार्ग होने से रोजाना करीब 10 हजार छोटे व बड़े वाहनों का आवागमन होता है। इसी मार्ग पर औरास कस्बे में सई नदी पर पुल बना है। यातायात अधिक होने से पुल काफी जर्जर हो गया है।

## साढ़े पांच करोड़ से सुधरेंगे शहर के 42 खस्ताहाल रास्ते

जन एक्सप्रेस । उन्नाव। शहर के लोगों को खस्ताहाल रास्तों से जल्द निजात मिलेगी। लगभग 100 जर्जर मार्ग चिह्नित किए गए हैं। पहले चरण में साढ़े पांच करोड़ से सर्वाधिक खस्ताहाल 42 मार्गों को बनवाया जाएगा। करीब 30 हजार आबादी को लाभ मिलेगा। शहर के वार्डों में तमाम रास्ते जर्जर हालत में हैं। कुछ पुराने होने से खराब हैं तो कुछ अमृत योजना के तहत भूमिगत पाइप लाइन डाले जाने से खुदे पड़े हैं। हालांकि पाइप लाइन डालने के बाद रास्तों को ठीक कराने की जिम्मेदारी जलनिगम की ही है, लेकिन उसने गड्ढों को भरने में औपचारिकता बरती। लगातार शिकायतें मिलने के बाद नगर पालिका ने इन खराब रास्तों का सर्वे कराकर सूची तैयार कराई तो करीब 100 मार्ग ऐसे पाए गए जो काफी समय से खराब हैं। पहले चरण में ज्यादा आवागमन वाले 42 मार्गों बनवाने का फैसला लिया गया है।

# जिलाधिकारी ने आंगनवाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, गौशाला की व्यवस्था देख पंचायत सहायक को दी चेतावनी

- पंचायत भवन, गौशाला व कूड़ा निस्तारण केंद्र पौथिया एवं बैठका धाम अमृतसरोवर का निरीक्षण कर संबंधित को दिए निर्देश
- पौथिया के पंचायत सहायक को जिलाधिकारी ने दी चेतावनी, कार्यप्रणाली में करें सुधार

जन एक्सप्रेस । रवीन्द्र कुमार भारतवंशी



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी श्री घनश्याम मीना ने जनपद में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों / कार्यों का मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया तथा संबंधित को जरूरी निर्देश दिए।

इस क्रम में जिलाधिकारी ने आज मध्याह्न में सर्वप्रथम आंगनबाड़ी केंद्र पौथिया का निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र में एएनएम द्वारा बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जा रहा था। इस मौके पर जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं से नियमित रूप से जांच होने, जरूरी दवाई मिलने तथा अन्य स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं के बारे में फीडबैक लिया तथा जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से छूटने न पाए।

तत्पश्चात जिलाधिकारी ने गांव में भ्रमण कर संक्रामक रोगों से बचाव हेतु गांव में किए जा रहे कार्यों यथा एंटी लारवा छिड़काव, फागिंग आदि के संबंध में ग्रामीणों से फीडबैक लिया तथा लोगों को संक्रामक रोगों से बचाव हेतु जागरूक भी किया।

तत्पश्चात जिलाधिकारी ने पंचायत भवन पौथिया का निरीक्षण किया जहां पर पंचायत सहायक के द्वारा विभागीय कार्यों के बारे में जानकारी न दे पाने पर जिलाधिकारी ने चेतावनी देते हुए निर्देश दिए कि कार्यप्रणाली में सुधार किया जाए। उन्होंने पंचायत भवन की साफ सफाई व रंगाई पुताई कराने के भी निर्देश दिए। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने पौथिया स्थित गौशाला का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गौशाला में चारा पानी भूसा के पर्याप्त प्रबंध रखे जाएं तथा हरा चारा की व्यवस्था भी की जाए। उन्होंने कहा कि बीमार पशुओं की नियमित रूप से जांच कर उनको स्वास्थ्य लाभ दिया जाए तथा गौशालाओं में टीनशेड / छाया आदि का प्रबंध किया जाए। उन्होंने कहा कि पशु चिकित्साधिकारी व खंड विकास अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण कर वहां पर समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं यथा चारा, पानी, भूसा, टीनशेड आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कहा कि गौशाला में पशुओं के अपशिष्ट /गोबर आदि से वर्मी कंपोस्ट तैयार कर आय सृजन किया जाए।

तत्पश्चात जिलाधिकारी ने पौथिया स्थित आरआरसी सेंटर/ कूड़ा निस्तारण केंद्र का निरीक्षण किया जहां पर विद्युत कनेक्शन न होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कूड़ा निस्तारण केंद्र में विद्युत कनेक्शन कराकर तथा कर्मचारियों को प्रशिक्षण आदि दिलाकर एक माह के अंदर कूड़ा निस्तारण केंद्र को क्रियाशील करने के निर्देश दिए।

तदोपरांत जिलाधिकारी ने बैठकाधाम स्थित अमृत सरोवर का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए कि अमृत सरोवर में साफ सफाई एवं झाड़ियो की कटाई कर अमृत सरोवर का सुंदरीकरण किया जाय तथा उसमें पानी भरवाया जाए।

# कलेक्ट्रेट में की जनसुनवाई, पीड़ित महिलाओं की सुनी समस्याएं



जनएक्सप्रेस । हमीरपुर

उत्तर प्रदेश, राज्य महिला आयोग की माननीय सदस्या श्रीमती पूनम द्विवेदी के द्वारा जिले में महिला उत्पीड़न की घटनाओं पर प्रभावी रोकथाम लगाये जाने, पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने एवं प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा महिला के कल्याणार्थ चलायी जा रही योजनाओं का लाभ दिलाये जाने के साथ ही महिलाओं को उनके विधिक अधिकारो की जानकारी दिलाये जाने हेतु समय-समय पर जिले में महिला जनसुनवाई, विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई कर विभिन्न प्रकार के उत्पीड़न से उत्पीड़ित महिलाओं/ बालिकाओं की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर कुल 36 शिकायतें प्राप्त हुई ज्यादातर शिकायतें विभिन्न थानों से संबंधित रही। इन सभी समस्याओं को राज्य महिला आयोग की मा0 सदस्य ने प्राथमिकता के साथ निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों को प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जाए इसमें किसी भी तरह की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसी जरूरतमंद /पात्र महिलाएं जिन्हें सरकार द्वारा उनके कल्याण एवं उत्थान हेतु संचालित की जा रही योजनाओं के कार्यक्रमों के बारे में जानकारी नहीं है उनको विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं के बारे में आच्छादित करने हेतु तथा उनको योजनाओं के बारे में जानकारी दिए जाने हेतु प्रभावी प्रयास किए जाएं। कहा कि प्रदेश सरकार बेटियों एवं महिलाओं के उत्थान हेतु प्रतिबद्ध है।

# उमर अब्दुल्ला बने जम्मू-कश्मीर के नए मुख्यमंत्री

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रैना को हराने वाले सुरेंदर चौधरी डिप्टी सीएम, कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जम्मू**

नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही वे इस केंद्र शासित राज्य के पहले सीएम बन गए। कार्यक्रम श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर में हुआ। नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ मिलकर विधानसभा चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं हुई है। हालांकि उमर के शपथ समारोह में राहुल और प्रियंका गांधी मौजूद रहे। कांग्रेस ने सरकार को बाहर से समर्थन दिया है। पार्टी का कहना है कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलने तक उसकी लड़ाई जारी रहेगी। शपथ लेने के बाद उमर ने कहा कि उनकी गाड़ी के लिए सड़क पर कोई भी ग्रीन कॉरिडोर या ट्रैफिक नहीं रोका जाएगा। उन्होंने अपने मंत्रियों से भी अनुरोध किया है कि वे भी ऐसा ही करें। उमर का कहना है कि वे जनता की सेवा के लिए हैं, न कि उन्हें तकलीफ देने के लिए। जम्मू-कश्मीर भाजपा अध्यक्ष रविंदर रैना ने कहा- मैं उमर अब्दुल्ला को बधाई देता हूं, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर के नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। उनके मंत्रिपरिषद को भी बधाई देता हूं। मुझे उम्मीद है कि वे जम्मू-कश्मीर में शांति स्थापित करने और जनता के सामने आने वाले मुद्दों को हल करने के लिए काम करेंगे।



### केजरीवाल और ममता बनर्जी समारोह में नहीं पहुंचे

समारोह में 50 से ज्यादा वीआईपी केजरीवाल-ममता नहीं आए शपथ में इंडिया ब्लॉक के नेताओं में अखिलेश यादव, संजय सिंह समेत 6 पार्टियों के लीडर्स पहुंचे थे। संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, तमिलनाडु सीएम सर एमके स्टालिन, उद्धव ठाकरे, शरद पवार, लालू प्रसाद यादव और अरविंद केजरीवाल सहित करीब 50 वीआईपी को न्योता भेजा गया था। हालांकि केजरीवाल और ममता बनर्जी समारोह में नहीं पहुंचे।

### जम्मू-कश्मीर का नया मंत्रिमंडल

- उमर अब्दुल्ला- मुख्यमंत्री
- सुरिंदर चौधरी- उपमुख्यमंत्री
- सतीश शर्मा- मंत्री
- जावेद राणा- मंत्री
- सकीना इट्टू- मंत्री
- जावेद अहमद डार- मंत्री

### क्या बोले अखिलेश यादव

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला के जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर कहा, यह (यहां सरकार बनना) बहुत जरूरी था और अधिकार मिलना इससे भी ज्यादा जरूरी है।

### कांग्रेस का सरकार से बाहर रहने का फैसला

जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख तारिक हमीद कर्रा ने आज कहा कि कांग्रेस पार्टी फिलहाल जम्मू-कश्मीर सरकार में मंत्रालय में शामिल नहीं हो रही है। कांग्रेस ने केंद्र से जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने की जोरदार मांग की है, इसके अलावा प्रधानमंत्री ने भी कई बार सार्वजनिक बैठकों में इसका वादा किया है। लेकिन जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल नहीं किया गया है। हम नाखुश हैं इसलिए फिलहाल हम मंत्रालय में शामिल नहीं हो रहे हैं, जेकेपीसीसी प्रमुख ने कहा और कहा कि कांग्रेस पार्टी राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए लड़ाई जारी रखेगी

### उमर अब्दुल्ला को मेरी शुभकामनाएं: पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. कर्ण सिंह

उमर अब्दुल्ला के जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर भारत के पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. कर्ण सिंह ने कहा, 10 साल के बाद चुनाव हुए हैं। बिना कोई दुर्घटना के चुनाव हुए ये बहुत बड़ी बात है। जम्मू-कश्मीर के लोगों को पहली बार मौका मिला अपने राजनीतिक विचारों को प्रकट करने का। मैं इसका स्वागत करता हूं। उमर अब्दुल्ला को मेरी शुभकामनाएं। हमारी अगली इच्छा पूर्ण राज्य के दर्जे की है। वो जल्द पूरी होनी चाहिए।

### हमें खुशी है कि हमारा गठबंधन सहयोगी सीएम बना: खरगे

उमर अब्दुल्ला के जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, मैं उन्हें बधाई देने आया हूं। हमें खुशी है कि हमारा गठबंधन सहयोगी सीएम बना और लंबे समय के बाद यहां लोकतंत्र स्थापित हुआ है... हम यह सुनिश्चित करेंगे कि यहां राज्य का दर्जा बहाल हो।

### केंद्र शासित प्रदेश की पहली सरकार को बधाई: कविंदर गुप्ता

जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता ने कहा, मैं जम्मू-कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश की पहली सरकार को बधाई देना चाहता हूं। मुझे उम्मीद है कि वे जम्मू-कश्मीर की बेहतरी के लिए काम करेंगे। चुनाव में उन्होंने जो मुद्दा उठाया जैसे पत्थरबाजों को छोड़ना, वे इन चीजों पर कम ध्यान देंगे और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों पर ध्यान देंगे। मुझे उम्मीद है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस की सरकारों में पहले जो जम्मू-कश्मीर, लद्दाख के साथ भेदभाव हुआ, वह फिर नहीं होगा। हमें उम्मीद है कि सरकार चलेगी, अगर यह अच्छी तरह से चलेगी तो केंद्र सरकार का वादा भी पूरा होगा कि अगर कानून-व्यवस्था और यहां के हालात सुधरते हैं तो राज्य का दर्जा बहाल किया जाएगा।

### 2019 के बाद जम्मू-कश्मीर के लोगों को बहुत जख्म लगे: महबूबा मुफ्ती

पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा, जम्मू-कश्मीर को बहुत सालों के बाद अपनी एक सरकार मिली है। लोगों ने एक स्थिर सरकार चुनी है। जम्मू-कश्मीर के लिए बहुत मुश्किल दौर है। 2019 के बाद जम्मू-कश्मीर के लोगों को बहुत जख्म लगे हैं। हम उम्मीद करते हैं कि जो सरकार बनी है वो सबसे पहले इन जख्मों का मरहम करेगी। 5 अगस्त 2019 के फैसले से जो लोगों को तकलीफ हुई है उसके बारे में सबसे पहले प्रस्ताव पास करें और उस फैसले की निंदा करें।

# नायब सैनी ही रहेंगे हरियाणा के सीएम

## शाह की मौजूदगी में नाम तय, राजभवन पहुंचकर सरकार बनाने का दावा पेश किया, शपथ आज



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चंडीगढ़/पंचकूला**

हरियाणा में नायब सिंह सैनी ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे। बुधवार (16 अक्टूबर) को पंचकूला में बीजेपी विधायक दल की मीटिंग में उन्हें नेता चुना गया। मीटिंग में विधायक कृष्ण बेदी ने नायब सैनी के नाम का प्रस्ताव रखा। जिसका अनिल विज और आरती राव ने समर्थन किया। फिर सभी विधायकों ने नायब सैनी के नाम पर सहमति दे दी। इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह ने नायब सैनी के सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुने जाने की घोषणा की। शाह ने कहा- हरियाणा की स्थापना से लेकर अब तक कोई भी मुख्यमंत्री लगातार तीसरी बार सफल नहीं हुआ। युवा नायब सैनी के नेतृत्व में हम तीसरी बार चुनाव जीत पाए हैं। शाह के साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी ऑब्जर्वर के तौर पर मौजूद रहे। इसके बाद नायब सैनी ने अमित शाह के साथ राजभवन जाकर गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस दौरान 3 निर्दलीय विधायकों ने भी बीजेपी को समर्थन का पत्र सौंपा। कल गुरुवार को 11 बजे पंचकूला के शालीमार ग्राउंड में शपथ ग्रहण समारोह होगा। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी समेत भाजपा और एनडीए के सहयोगी दलों के शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों समेत 37 नेता मौजूद रहेंगे। हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों में से भाजपा ने 48 सीटें जीती थीं।

### इसलिए आना पड़ा अमित शाह को

बीते मार्च में मनोहर लाल को हटाकर विधायक दल की बैठक में जब नायब सिंह सैनी का नाम रखा गया तो अनिल विज नाराज हो गए थे। वह बैठक से बाहर निकल गए थे। चुनाव से पहले अनिल विज मुख्यमंत्री की दावेदारी जता चुके हैं। वहीं, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत भी समय-समय पर दावेदारी जताते रहे हैं। लिहाजा इस तरह के विवादों से बचने के लिए शाह को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे पहले 2022 में शाह यूपी में केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर भाजपा विधायक दल की बैठक में शामिल हुए थे और योगी के नाम पर मुहर लगाई गई थी।

### नेता चुनने के बाद सरकार बनाने का दावा पेश होगा

विधायक दल की बैठक में नेता के नाम पर मुहर लगने के बाद राज्यपाल के पास सरकार बनाने का दावा पेश किया जाएगा। इसके साथ ही राज्यपाल को अगले दिन शपथ ग्रहण करने वाले मंत्रियों की सूची सौंपी जाएगी। उसके बाद राज्यपाल विधायक दल के नेता और मंत्रियों को शपथ ग्रहण के लिए आमंत्रित करेंगे। नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 17 अक्तूबर को पंचकूला के दशहरा ग्राउंड में होगा।

### समारोह में पीएम समेत 37 लोग विशेष अतिथि होंगे

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने बताया, समारोह में पीएम मोदी समेत 37 विशेष अतिथि होंगे। इनमें केंद्रीय मंत्री, एनडीए घटक दल के राष्ट्रीय नेता, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री शामिल हैं। हम लोग सभी के संपर्क में हैं और सौ फीसदी हाजिरी पूरी होगी। उन्होंने बताया 17 को करीब 11 बजे कार्यक्रम शुरू होगा और लगभग एक बजे तक समारोह संपन्न हो जाएगा। उधर, शपथ ग्रहण समारोह को सफल बनाने के लिए पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े की अध्यक्षता में चंडीगढ़ के हरियाणा निवास पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम नायब सिंह सैनी समेत प्रदेश के बड़े पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सभी पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। किसी को बाहर से आ रहे मुख्यमंत्रियों के स्वागत की जिम्मेदारी सौंपी गई है तो किसी को केंद्रीय मंत्रियों को स्टेज पर लाने तक की ड्यूटियां लगाई गई हैं।

# शरद ऋतु का विशिष्ट पर्व शरद पूर्णिमा

- माना जाता है कि शरद पूर्णिमा की दिव्य व वैभवमयी रात्रि के चंद्रमा की चाँदनी में अमृत समाहित होता है
- शरद पूर्णिमा ग्रीष्म से शरद में प्रदेश का द्वार है, इसे भक्ति व प्रेम के रस का समुद्र भी माना गया है



**जन एक्सप्रेस। विशेष**



डॉ. गोपाल चतुर्वेदी

सनातन धर्म के सभी पर्वों व त्योहारों में शरद पूर्णिमा सर्वश्रेष्ठ है। यह शरद ऋतु का विशिष्ट पर्व है। इस दिन चंद्रमा पृथ्वी के सबसे अधिक निकट होता है और चंद्रमा की चाँदनी अत्यंत निर्मल व पावन होती है। शरद पूर्णिमा का चंद्रमा और उसकी उज्ज्वल चन्द्रिका सभी को माधुर्य व आनंद की अनुभूति कराती है। ऐसा माना जाता है कि शरद पूर्णिमा की दिव्य व वैभवमयी रात्रि के चंद्रमा की चाँदनी में अमृत समाहित होता है। अतः शरद पूर्णिमा की रात्रि को अमृत बरसता है। शरद पूर्णिमा ग्रीष्म से शरद में प्रदेश का द्वार है। इसे भक्ति व प्रेम के रस का समुद्र भी माना गया है। इसको कन्हैया की वंशी का प्रेम नाद एवं जीवात्मा व परमात्मा के रास रस का आनंद भी कहा गया है। इसीलिए इसे लोक से लेकर शास्त्रों तक में शुभ व मंगलकारी माना गया है। शरद पूर्णिमा जीवन को एक नई प्रेरणा देने के साथ-साथ जीवन के उत्थान का आधार और उसे सही दिशा दिखाने का माध्यम भी है। वस्तुतः शरद पूर्णिमा जितनी पावन व पुनीत किसी भी ऋतु की कोई भी रात्रि नहीं है।

### श्रीमद्भागवत के दशम स्कन्ध में 29 से 33वें अध्याय तक महारास लीला का वर्णन है

शरद पूर्णिमा की पीयूष वर्षिणी रात्रि को भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी 11 वर्ष की आयु में श्रीधाम वृन्दावन के वंशीवट क्षेत्र स्थित यमुना तट पर असंख्य ब्रज गोपिकाओं के साथ दिव्य महारास लीला की थी। सर्वप्रथम उन्होंने अपनी लोक विमोहिनी वंशी को बजाकर गोपिकाओं को एकत्रित किया और फिर योगमाया के बल पर शरद पूर्णिमा की रात्रि को छह माह जितना बड़ा बनाकर प्रत्येक गोपिका के साथ एक-एक श्रीकृष्ण प्रकट किए। ततपश्चात दिव्य महारास लीला की। इस दिव्य महारास लीला में समस्त गोपिकाओं को यह अनुभव हो रहा था कि श्रीकृष्ण केवल उन्हीं के साथ हैं। भगवान शिव भी ब्रज गोपी का रूप धारण कर इस अद्वितीय लीला को देखने आए थे। क्योंकि उसमें किसी भी पुरूष का प्रवेश वर्जित था। तभी से भगवान शिव का एक नाम फ्गोपीश्वर महादेवफ् एवं भगवान श्रीकृष्ण का एक नाम फ्रासेश्वर श्रीकृष्णफ् पड़ा। अन्य देवता भी इस लीला को देखने के लिए अपने-अपने विमानों में बैठकर आकाश पर छाए रहे थे। साथ ही उन्होंने पुष्प बरसाए थे। ऐसा माना जाता है कि महारास लीला के बाद से ही संगीत का उद्भव हुआ। श्रीमद्भागवत के दशम स्कन्ध में 29 से 33वें अध्याय तक महारास लीला का विस्तार से वर्णन है। महारास लीला के मूलभाव को इस प्रकार समझा जा सकता है- वस्तुतः भागवान श्रीकृष्ण आत्मा हैं, आत्मा की वृत्ति राधा हैं और शेष आत्माभिमुख वृत्तियां गोपियां हैं। इन सभी का धारा प्रवाह रूप से निरंतर आत्म रमण ही महारास है। भगवान श्रीकृष्ण के समान ही गोपिकाएँ भी परम् रसमयी व सच्चिदानंदमयी थीं। इसीलिए वे भगवान श्रीकृष्ण की मुरली की सम्मोहक पुकार सुनते ही अपने सभी पारिवारिक दायित्वों को छोड़कर तुरंत उनके पास चलीं आयीं। वस्तुतः उनका यह त्याग धर्म, अर्थ और काम का त्याग था। चूंकि भगवान श्रीकृष्ण का सानिध्य मोक्ष दायक है इसलिए उन्होंने उसकी प्राप्ति के लिए अन्य पुरुषार्थों को त्याग दिया। यह उनके विवेक और वैराग्य का सूचक था। विवेक के ही द्वारा नित्य व अनित्य का ज्ञान होता है। और वैराग्य लोक-परलोक के भोगों में अलिप्तता का सूचक है। भगवान श्रीकृष्ण ने जब गोपीकाओं को अपने नारी धर्म के निर्वाह का उपदेश दिया तो उन्होंने उनसे यह कहा कि आप ही नित्य हैं, अन्य सभी सम्बंध अनित्य हैं अतः आपसे अनुराग रखना ही हम सभी का धर्म है। इस सबका सार यह है कि यदि जीव ईश्वर से एकाकार होना चाहता है तो उसे गोपीभाव अपनाना होगा और उसे अपने अहंकार व अभिमान का त्याग करके फ्कृष्णफ्नामक परम् तत्व से जुड़ना होगा। जो व्यक्ति भगवान श्रीकृष्ण की इस दिव्य महारास लीला के भाव को समझने में असमर्थ हैं उन व्यक्तियों को यह लीला श्रृंगार रस से परिपूर्ण दिखाई देती है। जब कि ऐसा रंच-मात्र भी नही है।

### शरद पूर्णिमा, वृन्दावन और महारास एक दूसरे के पूरक हैं

शरद पूर्णिमा के दिन श्रीधाम वृन्दावन में चहुँओर अत्यंत विकट, अद्भुत व निराली धूम रहती है। क्योंकि शरद पूर्णिमा, वृन्दावन और महारास एक दूसरे के पूरक हैं। साथ ही यहां आज के ही दिन भगवान श्रीकृष्ण के द्वारा की गई अपूर्व रस-वृष्टि की अजस्त्र धारा आज भी यहां प्रवाहित होकर ब्रज संस्कृति को अनुप्राणित कर रही है। इसीलिए शरद पूर्णिमा को रास पूर्णिमा भी कहा जाता है। शरद पूर्णिमा के दिन वृन्दावन के ठाकुर बाँके बिहारी मंदिर में ठाकुर बाँके बिहारी जी महाराज मोर मुकुट,कटि-काछनी एवं वंशी धारण करते हैं। साथ ही यहां के विभिन्न वैष्णव मंदिरों में ठाकुर श्रीविग्रहों का श्वेत पुष्पों, श्वेत वस्त्रों एवं मोती के आभूषणों से भव्य श्रृंगार किया जाता है। ठाकुर जी के विग्रहों के भोग में भी श्वेत व्यंजनों व पकवानों की प्रधानता रहती है। इसके अलावा यहां जगह-जगह विभिन्न रासलीला मण्डलियों के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का अत्यंत नयनाभिराम व चित्ताकर्षक मंचन किया जाता है। जो कि देर रात्रि तक चलता है। इस दर्शन हेतु देश विदेश से असंख्य भक्त-श्रद्धालु प्रतिवर्ष वृन्दावन आते हैं। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति एक बार भी इस दिव्य लीला का दर्शन व श्रवण कर लेता है उसे भगवान श्रीकृष्ण की परम् भक्ति प्राप्त होती है। साथ ही वह लौकिक काम से विरक्त हो जाता है। आज समूचा विश्व ताप से आहत है। क्योंकि मौजूदा भौतिक व यांत्रिक युग में तनाव,दुर्भावनाएं व पारस्परिक वैमनस्य आदि अत्यधिक बढ़ गए हैं।

### यह लक्ष्मी पूजा का भी पर्व है

शरद पूर्णिमा महालक्ष्मी का भी पर्व है। ऐसी मान्यता है कि धन-सम्पत्ति की अधिष्ठात्री भगवती महालक्ष्मी शरद पूर्णिमा की रात्रि में पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं। अतः यह लक्ष्मी पूजा का भी पर्व है। इस तिथि को देवराज इंद्र तक ने माँ महालक्ष्मी का स्तवन किया था। क्योंकि महालक्ष्मी धन के अतिरिक्त यश,उन्नति, सौभाग्य व सुंदरता आदि की भी देवी हैं।

### विभिन्न धर्म-ग्रंथों में शरद पूर्णिमा को अत्यंत गुणकारी माना गया है

विभिन्न धर्म-ग्रंथों में शरद पूर्णिमा को अत्यंत गुणकारी माना गया है। शरद पूर्णिमा पर चन्द्रमा की अमृतमयी रश्मियाँ न केवल हमारे मन पर अपितु समूची प्रकृति पर अपना विशेष प्रभाव डालतीं हैं। अतः इस दिन हम सभी का मन उमंगों से सराबोर हो जाता है। छह ऋतुओं के मध्य स्थित शरद ऋतु की पूर्णिमा को कवियों ने अपनी काव्य रचनाओं में नव वधु की संज्ञा दी है।

### शरद पूर्णिमा हम सभी को आरोग्यता भी प्रदान करती है

चूंकि शरद पूर्णिमा की रात्रि में चंद्रमा से अमृत झरता है इसलिये इस रात्रि को खुले आकाश के नीचे दूध व चावल से बनी खीर रखने का विधान है। इस खीर को खाने से शरीर निरोग, मन प्रसन्न और आयु में वृद्धि होती है। ऐसा आयुर्वेद के ज्ञाताओं का कहना है। इस दृष्टि से शरद पूर्णिमा हम सभी को आरोग्यता भी प्रदान करती है। इस दिन महर्षि वेद व्यास द्वारा रचित चंद्रमा के 27 नामों वाले चंद्रमा स्तोत्र का पारायण करने का भी विधान है। जिसमें प्रत्येक श्लोक का 27 बार उच्चारण किया जाता है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### तस्करों के खिलाफ बीएसएफ की बड़ी कार्रवाई, दो करोड़ रुपये के सोने के साथ तीन गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत की 73वीं बटालियन की सीमा चौकी इंडिया वन के जवानों ने सोने की बड़ी तस्करी को विफल कर दिया। जवानों ने 15 सोने के बिस्कुटों और आठ सोने के टुकड़ों के साथ तीन किसानों को गिरफ्तार किया। किसान इन्हें साइकिल के फ्रेम में छुपा कर बांग्लादेश से भारत में अवैध रूप से लाने की फिराक में थे। जब्त सोने का कुल वजन 2.75 किलो है और अनुमानित बाजार मूल्य 1,98,000,00 रुपए है। दक्षिण बंगाल फ्रंटियर के जनसंपर्क अधिकारी और डीआईजी एन. के. पांडे ने बताया कि मंगलवार को 73वीं बटालियन की सीमा चौकी इंडिया वन के जवानों ने खुफिया जानकारी मिलने पर अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से खेती कर वापस आ रहे संदिग्ध किसानों और उनकी साइकिलों की तलाशी ली। इस दौरान जवानों ने तीन भारतीय किसानों से 15 सोने के बिस्कुट और सोने की आठ सोने के टुकड़े बरामद किए।

### बांग्लादेश में 1000 टके में बन रहे आधार कार्ड

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश से भारत में अवैध घुसपैठ कराने का धंधा चल रहा है। भारतीय सीमा में प्रवेश कराने का यह धंधा कोई ज्यादा महंगा नहीं है। जिन लोगों को अवैध तरीके से भारतीय सीमा में प्रवेश कराना है, उनके दस्तावेज भी बांग्लादेश में ही तैयार कराए जा रहे हैं। बांग्लादेश में 1000 टके में नकली भारतीय आधार कार्ड तैयार हो जाता है। इसके बाद मात्र 4000 रुपये में बॉर्डर पार कराने की गारंटी दे देते हैं। सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ ने अपनी सतर्कता से एक ऐसे ही मामले का खुलासा किया है। एक अहम ऑपरेशन में दक्षिण बंगाल फ्रंटियर की 73वीं बीएसएफ की बटालियन के सतर्क जवानों ने मुर्शिदाबाद जिले में भारत-बांग्लादेश सीमा पर अवैध घुसपैठ के प्रयास को विफल कर दिया है।

### राज्य सरकार अपने कर्तव्यों का पालन करने में रही विफल, आरजी कर केस को लेकर बोले राज्यपाल बोस

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने बुधवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार नागरिकों के जीवन और संपत्तियों की रक्षा करने के अपने मूल कर्तव्यों को पूरा करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि उनका कार्यालय (राजभवन) संविधान के प्रावधानों के तहत आरजी कर गतिरोध में पहले से ही हस्तक्षेप कर रहा है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में दुष्कर्म-हत्या की घटना के बाद चल रहे गतिरोध पर नाराजगी व्यक्त करते हुए राज्यपाल ने सीवी आनंद बोस ने कहा कि मामले में एक पुलिस अधिकारी और एक वरिष्ठ डॉक्टर की गिरफ्तारी ने फिर से कई क्षेत्रों में व्याप्त संस्थागत अपराध की ओर इशारा किया है। इस मामले में राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने राज्य में चल रहे गतिरोध पर एक समाचार एजेंसी को दिए एक विशेष साक्षात्कार में कहा, राज्य सरकार, खासकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का यह कर्तव्य है कि वे नागरिकों के जीवन और संपत्ति की रक्षा करें। यहां सरकार अपने मूल कर्तव्यों को पूरा करने में विफल रही है। इसकी जिम्मेदारी किसे लेनी चाहिए? अगर मुख्यमंत्री ही प्रशासन की मुखिया हैं, तो इसका जवाब खुद उनके पास ही है।

# महाविकास अघाड़ी को सीएम का चेहरा घोषित करने की चुनौती देता हूं: फडणवीस



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में अब मात्र एक महीना ही बचा हुआ है। ऐसे में राजनीतिक दल अपने-अपने स्तर पर तैयारियों में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने आगामी राज्य विधानसभा चुनावों के लिए %महायुति% सरकार का रिपोर्ट कार्ड जारी किया। इसके साथ ही उन्होंने विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाडी (एमवीए) पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने एमवीए पर 'विकास विरोधी दृष्टिकोण' के साथ काम करने का आरोप लगाया।

### विपक्ष पर बड़ा हमला

वहीं डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महा विकास अघाड़ी सीएम चेहरे की घोषणा इसलिए नहीं कर रही क्योंकि उन्हें नहीं लगता कि चुनाव के बाद उनका सीएम आएगा। उन्होंने आगे कहा, हमें मुख्यमंत्री के चेहरे का एलान करने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि हमारे सीएम यहां ही बैठे हुए हैं। मैं पवार साहब को चुनौती देता हूं कि वह मुख्यमंत्री पद के लिए अपने नाम का एलान करें।

### यह लोग रहे मौजूद

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार ने मुंबई में अपनी संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान महायुति सरकार का रिपोर्ट कार्ड जारी किया। इस दौरान आरपीआई (ए) प्रमुख और केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले भी मौजूद रहे।

### पिछले दो साल का रिपोर्ट कार्ड पेश

महायुति के सहयोगियों ने पिछले दो साल में सरकार के कामकाज का 'रिपोर्ट कार्ड' पेश किया। अजित पवार ने कहा कि महिलाओं को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए उनकी सरकार की 'लाडकी बहिन' जैसी योजनाओं को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया से उनके विरोधी चकित हैं।

### एमवीए विकास विरोधी दृष्टिकोण से काम कर रहा: महायुति

शिंदे, फडणवीस और पवार ने विपक्ष पर 'झूठा विमर्श' गढ़ने का भी आरोप लगाया। शिंदे ने कहा कि सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के नेता आम आदमी के लिए एक टीम के रूप में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन एमवीए विकास विरोधी दृष्टिकोण से काम कर रहा है।

### ढाई करोड़ से अधिक को मिला लड़की बहन योजना का लाभ: डिप्टी सीएम

फडणवीस ने कहा, हमने सभी योजनाओं की घोषणा कर दी है। उन योजनाओं के लिए सभी वित्तीय प्रावधान और बजट बनाए हैं और इतना ही नहीं, हम अपने घोषणा पत्र में सभी के लिए कुछ नई योजनाओं और लाभों की भी घोषणा करेंगे। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि हमारे द्वारा एलान की गई सभी योजनाओं और वादों को वित्तीय प्रावधान का पूरा समर्थन मिलेगा तथा किसी भी योजना में हमारी ओर से वित्तीय सहायता की कमी नहीं होगी। शुरू में जब हमने लड़की बहन योजना की घोषणा की, तो विपक्ष के लोग दावा कर रहे थे कि खातों में पैसा जमा नहीं किया जाएगा, लेकिन अब तक हमारे राज्य के 2.5 करोड़ से अधिक लाभार्थियों के खातों में कम से कम 4 से 5 किस्तें जमा की गई हैं।

### उत्तर भारत समेत दिल्ली-एनसीआर में दिवाली से ठंड देगी दस्तक, 23-28 अक्टूबर के बीच होगी बारिश

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

मानसून की विदाई के साथ ही अब कई राज्यों में मौसम सुहाना हो चला है। राजधानी दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में सुबह गुलाबी ठंड महसूस होने लगी है। इसी बीच मौसम विभाग ने मौसम को लेकर एक बड़ा अपडेट दिया है। दीपावली के एक सप्ताह पहले ही पश्चिमी विक्षोभ आने वाला है। इसके चलते 23 से 26 अक्टूबर के बीच मौसम में बदलाव की उम्मीद की जा रही है। इसका असर असर हिमालयी क्षेत्र और उत्तरी मैदानी इलाकों दोनों पर दिखाई दे सकता है। जानकारी के अनुसार, इस पश्चिमी विक्षोभ के चलते कई उत्तर भारत के कई राज्यों में मध्यम बारिश तो कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तरी हरियाणा और उत्तराखंड के इलाकों में भारी बारिश होने की संभावना है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

## एक्सप्रेस खबरें...

### औषधि निरीक्षक ने मेडिकल कॉलेज की ड्रग शॉप पर मारा छापा, 14 नमूने लिए




जन एक्सप्रेस/अलीगढ़। सहायक आयुक्त औषधि एजाज अहमद द्वारा गठित टीम ने बुधवार को जेएनएमसी मेडिकल कॉलेज स्थित एएमयू ट्रॉमा ड्रग शॉप और जैन इंटरप्राइजेज पर छापा मारा। इस कार्रवाई का नेतृत्व हाथरस के औषधि निरीक्षक राजकुमार शर्मा और अलीगढ़ के औषधि निरीक्षक दीपक लोधी ने किया। छापे के दौरान संदेह के आधार पर 14 औषधियों के नमूने जांच और विश्लेषण के लिए सील किए गए, जिन्हें जन विश्लेषक प्रयोगशाला में भेजा जाएगा। औषधि निरीक्षक दीपक लोधी ने बताया कि परीक्षण रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही फर्म में पाई गई अन्य कमियों को फार्म 35 में दर्ज कर विस्तृत रिपोर्ट सहायक आयुक्त औषधि को भेजी गई है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

### अल्पसंख्यक आयोग की सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत

जन एक्सप्रेस/अलीगढ़। सेंट फ़िडेलिस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य फादर डॉ रॉबर्ट वर्गीज़ जी को अल्पसंख्यक आयोग की सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया गया है । उनके इस मनोनयन पर आज हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रभारी व पूर्व विधायक विवेक बंसल अपने सहयोगियों के साथ स्कूल पहुंचे और वहां उन्होंने फादर वर्गीज़ को फूलों का गुलदस्ता भेंट किया तथा शॉल उड़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया द्य इस अवसर पर विवेक बंसल? ने कहा कि आज आपको जो ये सम्मान मिला है उससे हम लोगों को बेहद खुशी हुई है, यह सिर्फ आपका ही सम्मान नहीं है बल्कि अलीगढ़ शहर का सम्मान है । इस अवसर पर उपस्थित विवेक बंसल के सहयोगियों में मनोज गोयल, संदीप गर्ग, विनय अग्रवाल, मोहम्मद ज़ियाउद्दीन राही, विनीश कुमार सिंह, अजय धनगर, नीतेश कुमार आदि थे ।

### दीपावली से पूर्व शिक्षामित्रों को मिले नियमित नौकरी का तोहफा

जन एक्सप्रेस/खुर्जा। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना संसदीय क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह को दर्दमंदाना पत्र लिख कर शिक्षा मित्रों की समस्याओं के समाधान करने और उन्हें दीपावली से पूर्व नियमित नौकरी का तोहफा देने का आग्रह किया है। आसपा प्रमुख ने अपने पत्र में लिखा है कि शिक्षा मित्रों को दिए जाने वाला दस हजार रुपए का मानदेय उनके परिवार के निर्वहन के लिए नाकाफी है। उन्होंने बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री से शिक्षा मित्रों की मांगों पर सहानुभूति पूर्वक यथाशीघ्र विचार करने की मांग की है। जिससे दीपावली के पांच दिनी त्यौहारों के अवसर पर शिक्षा मित्रों और उनके परिजनों के चेहरों पर डेढ़ इंच मुस्कान बिखेरी जा सके। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और नगीना संसदीय क्षेत्र के सांसद चंद्रशेखर आजाद ने प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह को लिखे दर्दमंदाना पत्र में लिखा है कि बीते दो दशक से चली आ रही क्षिक्षा मित्रों की समस्याएं जस की तस हैं। उन्हें नियमित नहीं किए जाने की समस्या ज्वलंत और बेहद कष्टप्रद है। फिर शिक्षा मित्रों को दस हजार रुपए प्रतिमाह दिए जाने वाला मानदेय भी पूरे वर्ष नहीं मिलता है। उन्हें वर्ष में सिर्फ ग्यारह माह ही मानदेय दिया जाता है। इस मामूली से मानदेय में बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा और परिवार की परवरिश करना बेहद तकलीफ देह है। आसपा प्रमुख ने अपने पत्र में लिखा है कि दीपावली के त्यौहार पर यदि शिक्षा मित्रों को नौकरी के स्थायी करण का तोहफा दिया जाता है तो सरकार का शिक्षा मित्रों पर किया जाने वाला यह एक बहुत बड़ा उपकार होगा और सरकार से मिलने वाले इस बेश कीमती उपहार और उपकार को शिक्षा मित्र उम्र भर याद रखेंगे। इधर, आसपा के वरिष्ठ नेता और जहांगीरपुर नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन ओमप्रकाश मधुर एडवोकेट ने शिक्षामित्रों की समस्याओं के जल्द समाधान और उन्हें नियमित करने को आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद का प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री संदीप सिंह को लिखे दर्दमंदाना पत्र के लिए आभार जताया है। आसपा नेता ओमप्रकाश मधुर एडवोकेट का कहना है कि सही मायने में आसपा प्रमुख चंद्रशेखर गरीब, वंचित और हासिए से बाहर के लोगों के सच्चे हमदर्द हैं। उन्होंने आसपा प्रमुख की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए उन्हें गरीब, जरूरतमंद और अंतिम पंक्ति के लोगों का मसीहा करार दिया है।

# सभी राजनैतिक दल भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों का शत-प्रतिशत करें अनुपालन

- संपादित कराए जाने हेतु 38 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 04 जोनल मजिस्ट्रेट किए जायेंगे तैनात



जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में 256-फूलपुर विधान सभा उप निर्वाचन-2024 को शुचिता पूर्णढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि 256 फूलपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदेय स्थल की संख्या 435 मतदान केंद्र की संख्या 215 कुल बीएलओ की संख्या 435 एवं सुपरवाइजर की संख्या 46 है। चुनाव को संपन्न कराने हेतु 38 सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं 04 जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की जा रही है।व्यय संबंधी शिकायतों के निस्तारण हेतु अनुवीक्षण कंट्रोल रूम एवं कॉल सेंटर की स्थापना कोषागार परिसर में की जा चुकी है। डिस्ट्रिक कान्टैक्ट सेन्टर/कंट्रोल रूम की स्थापना की गयी है।

जिसका नम्बर 1950 एवं 0532-2644024 है।उन्होंने बताया कि फूलपुर विधानसभा उप निर्वाचन 2024 हेतु स्ट्रांग रूम मुण्डेरा मंडी प्रयागराज में बनाया जाएगा। मतों की गणना भी उक्त परिसर में ही कराई जाएगी।जिला निर्वाचन अधिकारी ने फूलपुर विधान सभा उपचुनाव में आदर्श आचार संहिता के अनुपालन व निर्वाचन को शांतिपूर्ण सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने के लिए कहा है। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि वे आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन करे जिससे कि जनपद में सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्णढंग से विधान सभा उप निर्वाचन को सम्पन्न कराया जा सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रचार सामग्री के प्रकाशन से पूर्व जनपद स्तर पर प्रचार सामग्री के प्रकाशन हेतु अनुमति लेना अनिवार्य होगा। अनुमति के बिना प्रचार सामग्री का प्रकाशन एवं जन सामान्य में वितरण आदर्श अचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा।शिकायत पाये जाने पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाईडलाईन के अनुसार कार्यवाही की जायेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि ऐसा कोई कार्य न करे जो विभिन्न जातियो धार्मिक या भाषायी समुदायों के बीच मतभेदों को बढ़ाये या घृणा की भावना या तनाव पैदा करे। उन्होने कहा कि किसी भी राजनैतिक दल या प्रत्याशी द्वारा मत प्राप्त करने के लिये जातीय या साम्प्रदायिक भावनाओं का प्रचार में प्रयोग न किया जाये।जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा उप निर्वाचन 2024 में लडने वाले उम्मीदवारों द्वारा निर्वाचन व्यय तथा उसके रख-रखाव के सम्बन्ध में निर्वाचन व्यय के लिये अधिकतम सीमा 40 लाख रूपये निर्धारित की गयी है। मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयोजन से धन शराब या किसी अन्य वस्तु का वितरण आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा।दैनिक किये जाने वाले खर्च का लेखा जोखा रिर्टनिग ऑफिसर द्वारा दिये गये रजिस्टर पर किया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार उप जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा मिश्रा डीसीपी गंगानगर कुलदीप गुनावत सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले में रिकॉल आवेदन पर सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

इलाहाबाद हाईकोर्ट में बुधवार को श्रीकृष्ण जन्मभूमि व शाही ईदगाह विवाद मामले में रिकॉल आवेदन पर सुनवाई पूरी हो गई। इस दौरान मुस्लिम पक्ष ने दलील दी कि सभी 15 वादों में मांगी गई राहतें अलग-अलग हैं, उनकी एक साथ सुनवाई उचित नहीं है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की अदालत कर रही है। बुधवार को करीब डेढ़ घंटे चले सुनवाई के बाद रिकॉल प्रार्थना पत्र पर फैसला सुरक्षित कर लिया है।

न्यायालय ने श्रीकृष्ण भूमि व ईदगाह विवाद में दाखिल किए गए सभी 15 वाद को एक साथ सुनने का आदेश 11 जनवरी 2024 को दिया था। सिविल वादों की पोषणीयता पर सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने वाद बिंदु तय करने के लिए तारीख नीयत की थी। लेकिन मुस्लिम पक्ष ने आपत्ति दर्ज कराते हुए रिकॉल प्रार्थनापत्र का निस्तारण करने की मांग की थी।इसके बाद अदालत ने दोनों पक्षों को जवाबी हलफनामा दाखिल करने का समय दिया था। बुधवार को मुस्लिम पक्ष की ओर से वीडियो कांफ्रेंसिंग से तस्नीम अहमदी ने रिकॉल प्रार्थना पत्र पर दलील दी कि जितने भी शूट दाखिल किए गए सभी की प्रार्थनाएं अलग-अलग हैं। इनमें कोई समानता नहीं है। सभी वादों को संयुक्त करने का आदेश पोषणीय नहीं है, क्योंकि सभी पक्षकारों से सहमति नहीं ली गई है। उन्होंने कोर्ट से सभी मुकदमों को एक साथ सुने जाने के आदेश को वापस लेने की प्रार्थना की। हिंदूपक्ष की ओर से इसका विरोध किया गया। अधिवक्ता सत्यबीर सिंह ने दलील दी कि विधायिका ने न्यायालय को दो या दो से अधिक वादों को एकीकरण कर सुनवाई करने का विवेकाधिकार दिया है। इसी के तहत न्यायालय ने सभी वादों को एक साथ सुनने का फैसला लिया व सुनवाई शुरू हो गई। इस दौरान मुस्लिम पक्ष ने अपनी आपत्ति पर बहस नहीं की। बल्कि वाद की पोषणीयता पर जोर दिया। इससे यह साबित होता है कि प्रतिवादी की मौन स्वीकृति रही। अब मुकदमे के इस स्टेज पर मुस्लिम पक्ष की ओर से न्यायालय की ओर से एकीकरण के फैसले पर आपत्ति नहीं की जा सकती है। अधिवक्ता महेंद्र प्रताप सिंह ने दलील दी कि रिकॉल प्रार्थना मामले को उलझाने के लिए दाखिल किया गया है।

## सिटी हीट एक्शन प्लान के तहत नगर आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक हुई सम्पन्न



जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

सिटी हीट एक्शन प्लान के सम्बन्ध में नगर आयुक्त आयुक्त की अध्यक्षता में 16.10.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे नगर निगम प्रयागराज के सभागार में बैठक आहूत की गयी।जिसमें विगत वर्षों में पड़ रही गर्मी लगातार बढ़ने के फलस्वरूप सिटी हीट एक्शन प्लान तैयार किये जाने एवं इससे बचाव के दृष्टिगत जागरूकता के अन्तर्गत व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने पर चर्चा हुई। हीट वेब से बचाव के दृष्टिगत नगर निगम प्रचार वाहनों एवं वार्ड में तैनात टाटा एश वाहनों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक में नगर निगम के अपर नगर आयुक्त दीपेन्द्र यादव अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 महेश कुमार पर्यावरण अभियन्ता उत्तम कुमार वर्मा समस्त जोनल अधिकारी के साथ-साथ राज्य आपदा प्रबन्धक प्राधिकरण से डा0 कनीज फातमा प्रोजेक्ट डायरेक्टर इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ गांधी नगर उत्तर प्रदेश के प्रोफेसर महावीर गोलेच्छा प्रियंका चतुर्वेदी प्रोजेक्ट एक्सपर्ट डब्लू0 एच0 ओ0 एवं यूनिसेफ टीम द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## दुकान का ताला काटकर लाखों की लूट

जन एक्सप्रेस/अलीगढ़। थाना गांधी पार्क क्षेत्र के डोरी नगर सब्जी वाली पुलिया पर मीना इलेक्ट्रिकल्स की दुकान के गेट का कुंडा काटकर चोरों ने लगभग रू.200000 का बिजली का सामान चोरी कर लिया है। डोरी नगर के सब्जी वाली पुलिया पर मीना इलेक्ट्रिकल्स की दुकान है उसके संचालक अशोक कुमार ने बताया की दुकान को हम रात लगभग 9:45 बजे बंद करके गए थे सुबह लगभग 3:15 बजे आकर देखा तो जीने का गेट खुला हुआ था और दुकान से बिजली का सामान चोरी करके चोर ले जा चुके थे। तुरंत 100 नंबर को सूचना दी मौके पर दो लेपर्ड के सिपाही पहुंचे और बताया की रात में हम दोनों ही लेपर्ड पर थे। जो चौराहे पर 2:00 बजे तक मौजूद रहे उसके बाद ही चोरों ने घटना को अंजाम दिया है । चौकी इंचार्ज डोरी नगर से जानकारी लेने पर पता लगा की रात में लेपर्ड पर गोपाल और शुभम दो सिपाही थे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर



जनपद के सम्मनपुर थाना क्षेत्र केअकबरपुर - बसखारी मार्ग पर पलई पेट्रोल पंप के पास बुधवार सुबह कार व बाइक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के फतेपुर गांव के कृष्ण कुमार चौबे बाइक से अकबरपुर से घर जा रहे थे। पलई पेट्रोल पंप के पास पहुंचे थे कि बसखारी की तरफ से आ रही कार ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार चालक अनियंत्रित होकर बगल से निकल रहे टांडा कोतवाली के गौरागूजर निवासी सकलदेव वर्मा की बाइक में भी जोरदार टक्कर मर दी प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार कृष्ण कुमार चौबे ने हेलमेट नहीं लगा रखा था। सर से अत्यधिक खून बहने के चलते मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि सकल देव वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि क्षतिग्रस्त वाहन को कब्जे में लिया गया है। शव को मर्चरी हाउस भेज कर घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश के मंत्री व विधायक दिनेश प्रताप सिंह का किया पुतला दहन



जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

महानगर कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा के नेतृत्व मे आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा पर अभद्र भाषा का प्रयोग कर उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ने बहुत ही निंदनीय बात कह कर उत्तर प्रदेश सरकार की मानसिकता की सोच उजागर की है इससे जाहिर होता है की सरकार मे बैठे मंत्री और विधायक महिला सशक्तिकरण तो दूर की बात है जबकि इनके की सरकार मे दिया गया नारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा सब खोखले साबित हो रहे हैं इन्हें मां बहन पर अभद्र व गंदी टिप्पणी करने पर भी गुरेज नहीं है।

कांग्रेस के नेताओं ने इसकी कढ़े शब्दो ने निंदा की है और उत्तर प्रदेश सरकार को चेतावनी दी है कि प्रदेश के मंत्री देश की सभी महिलाओं व श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा से माफी मांगें।

कांग्रेस नेताओं ने यह भी मांग किया कि दिनेश प्रताप सिंह को भारतीय जनता पार्टी से तुरंत बर्खास्त किया जाए। इस मौके पर पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा, धीरेंद्र प्रताप सिंह, रामगोपाल रैना, अमित उपाध्याय रिंकू, हिमांशु दिनेश, अरविंद शर्मा, अरहान, हरेंद्र मित्तल, अभेय, रिंकू सिंह, वसी अहमद, रहिस, सोनपाल सिंह, दिलीप शेखर, रोदास आदि उपस्थित रहे।

## दस दिवसीय एनसीसी कैंप का सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ समापन

जन एक्सप्रेस । खैर




कस्बा स्थित दिल्ली वर्ड पब्लिक स्कूल में चल रहे दस दिवसीय शिविर का मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से समापन हो गया।

बता दें कि पिछले दस दिनों से चल रहे इस शिविर में विभिन्न जनपदों से आए पांच सौ से अधिक कैडेटस ने हिस्सा लिया था। जिसमे छोटे हथियार चलाने की ट्रेनिग सहित, परेड, गार्ड ऑफ ऑनर, टेंट पिचिंग, रस्सा कसी, सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित विभिन्न प्रकार की ट्रेनिग कैडेट्स को दी गई। कार्यकृंका शुभारंभ अलीगढ़ के जाने माने उद्योगपति डिंकल अग्रवाल व सुमित अग्रवाल, स्कूल प्रबंधक राजेश गोयल, सचिव अंजू गोयल, प्रधानाचार्य लक्ष्मी शर्मा द्वारा सयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात एनसीसी कैडेट्स के द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक व देश भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत कर श्रोतोआ की वाहवाही लूटी। तत्पश्चात स्कूल के प्रबंधक राजेश गोयल ने शिविर के दौरान ट्रेनिग करा रहे जवानों व पत्रकारों को गौरव अवार्ड से सम्मानित किया। तो वही कर्नल अजय लुंबा के द्वारा शिविर में प्रशिक्षण के दौरान अच्छा प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को मेडल पहनाकर समानित किया। इस मौके पर राजकुमार अग्रवाल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मुकेश तोमर, मनोज राठी, दीपक अग्रवाल, विशन गौतम, अखिल गोयल, निखिल गोयल, अतुल गोयल, अन्नू आजाद, अवनीश यादव, पंकज शर्मा मोंटू, आदि लोग मौजूद रहे।

## समाजसेवी ताहिर हुसैन अखिल भारतीय पंचायत परिषद में शामिल

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

ताहिर हुसैन समाजसेवी उपभोक्ता कल्याण परिषद समिति उत्तर प्रदेश संगठन सचिव कारागार बंदी जीवन सुधार न्यास प्रांतीय सचिव एवं सीसीई सचिव निवासी दिल्ली देहली गेट अलीगढ़ आज अखिल भारतीय पंचायत परिषद के राष्ट्रीय सचिव वं प्रवक्ता एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी गवेन्द्र सिंह एडवोकेट के प्रयास से पंचायत परिषद में शामिल हो गए इस अवसर पर ताहिर हुसैन ने कहा पंचायत परिषद के संगठन को पूरे उत्तर प्रदेश में और अधिक मजबूत करने के लिए पंचायत के प्रतिनिधियों को जोड़ने का काम करूंगा तथा महापुरुषों के ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने के लिए पंचायत परिषद का संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष सुबोध कांत सहाय कारवार अध्यक्ष डॉ अशोक चौहान एवं उत्तर प्रदेश में प्रदेश प्रभारी गवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सराहनीय कार्य कर रहा है प्रदेश प्रभारी गवेंद सिंह ने पंचायत परिषद में शामिल होने पर उनका आभार प्रकट कर हार्दिक बधाई दी और कहा ताहिर हुसैन से संगठन को मजबूती मिलेगी शामिल होने पर उत्तर प्रदेश संयोजक राना दिनेश प्रताप सिंह सहसंयोजक चौधरी महेंद्र सिंह उत्तर प्रदेश महासचिव नरेंद्र सिंह सोलंकी वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण प्रताप गौतम एडवोकेट प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजा बाबू गहलोत राजा प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह प्रदेश सचिव श्रीमती प्रियंका सिंह श्रीमती सुनीता सिंह एडवोकेट नरेंद्र प्रधान महानगर अध्यक्ष धर्मवीर सिंह पूर्व पार्षद तरुण चौहान पूर्व पार्षद ठाकुर नरेंद्र सिंह एडवोकेट जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष गजेंद्र पाल सिंह अक्कू प्रधान आसिफ अली प्रधान दुर्ग पाल सिंह पूर्व प्रधान प्रेमपाल सिंह बघेल पूर्व प्रधान ठाकुर सत्येंद्र पाल सिंह पूर्व पार्षद आदि ने प्रसन्नता व्यक्त कर उनको हार्दिक बधाई दी।

## स्कोडा ऑटो इंडिया ने नए युग की शुरुआत की, पेश किया बिल्कुल नया 'काइलैक'

जन एक्सप्रेस । आगरा

स्कोडा ऑटो ने इस साल फरवरी में कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा के साथ अपनी महत्वाकांक्षाओं का स्पष्ट संकेत दिया था। देशभर में हुए नामकरण अभियान के बाद इस नई एसयूवी को काइलैक नाम मिला। इसका ग्लोबल प्रीमियर 6 नवंबर 2024 को किया जाएगा। काइलैक के साथ, स्कोडा ऑटो इंडिया अपने ग्राहकों को अलग-अलग रेंज की गाड़ियों का विकल्प देने जा रही है, जिसमें कोडियाक जैसी लक्ज़री एसयूवी और कुशाक जैसी मिड-साइज एसयूवी शामिल हैं, जो इंडिया 2.0 परियोजना के तहत लॉन्च की गई थी। भारत के तेजी से बढ़ते कार बाजार में लगभग 30त्न हिस्सेदारी पर कब्जा कर चुकी स्कोडा ऑटो, काइलैक को 4 मीटर से कम श्रेणी में लाएगी, जो कॉम्पैक्ट एसयूवी की श्रेणी में आती है। यह श्रेणी भारत में बेहद लोकप्रिय हो रही है। काइलैक अपने आधुनिक, बोल्ड और मजबूत डिज़ाइन, बेहतरीन ड्राइविंग अनुभव और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने वाले फीचर्स के साथ कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में एक नई पहचान बनाएगी। स्कोडा ऑटो के लिए यह लॉन्च भारत में एक नए युग की शुरुआत को दर्शाती है, क्योंकि भारत यूरोप के बाहर स्कोडा के लिए सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है।

स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीयूष अरोड़ा ने कहा, मुझे बेहद गर्व है कि मैं स्कोडा ऑटो की पहली कॉम्पैक्ट एसयूवी काइलैक को पेश कर रहा हूँ। काइलैक पूरी तरह से भारत में ही बनाया गया है, जिसमें स्थानीयता के उच्?च स्तरों को शामिल किया गया है। इससे हम मेक इन इंडिया के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और भी मजबूत कर रहे हैं।




पखवाड़ा

यातायात पुलिस कर्मियों को सड़क सुरक्षा

## उत्कृष्ट कार्य करने के लिए हेलमेट देकर किया गया प्रोत्साहित

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर




जनपद में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा समापन दिवस को जिलाधिकारी द्वारा यातायात पुलिस कर्मियों को सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मद्दत करने (गुड सेमेरिटन) जैसे-उत्कृष्ठ कार्य हेतु प्रोत्साहन देते हुए हेलमेट प्रदान किया गया।

सहायक परिवहन अधिकारी सत्येंद्र कुमार यादव द्वारा अवगत कराया गया कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत दिनांक 2 अक्टूबर से 16. अक्टूबर तक प्रदेश में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा% मनाये जाने का निर्णय लिया गया। शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया।

उपरोक्त के क्रम में परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारम्भ दिनांक 2 अक्टूबरको कराया गया। जिसमें यातायात रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया तथा यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलायी गयी।

ज़ परिवहन विभाग यातायात नियमों के प्रचार प्रसार व यातायात नियमों की शपथ दिलायी गयी तथा हेलमेट व सीटबेल्ट, ओवरलोडिंग / गलत नम्बर प्लेट/बिना एच.एस.आर.पी. आदि मदों में प्रवर्तन चेकिंग की कार्यवाही की गयी। परिवहन निगम पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित यातायात नियमों का प्रचार प्रसार कराया गया व निगम की बसों की तकनीकी कमियों को दूर कराया गया तथा यातायात नियमों की शपथ दिलायी गयी।

पुलिस विभाग यातायात नियमों के प्रचार प्रसार व यातायात नियमों की शपथ दिलायी गयी तथा हेलमेट व सीटबेल्ट आदि मद में प्रवर्तन चेकिंग की गयी।

शिक्षा विभाग जनपद के सभी महाविद्यालयों / इण्टरमीडिएट कालेजों में यातायात नियमों के पालन हेतु जनपद के समस्त शिक्षण संस्थानों में प्रेयर के समय यातायात नियमों के पालन हेतु शपथ दिलायी गयी तथा सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित विद्यार्थियों के मध्य भाषण / निबन्ध प्रतियोगिता करायी गयी।

स्वास्थ्य विभाग व्यवसायिक एवं गैर व्यवसायिक वाहन चालकों के नेत्र एवं स्वास्थ्य का परीक्षण कुशल चिकित्सकों द्वारा कराया गया तथा यातायात नियमों के पालन हेतु शपथ दिलायी गयी।